ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 07 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-51 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कैटरीना ... पेज 10 पर



## गागर में सागर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को होगी। बैठक शाम चार बजे धुर्वा के प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है।

### पीएम कल करेंगे उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को देहरादून में आयोजित दो दिवसीय उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 08 दिसंबर को देहरादून, उत्तराखंड का दौरा करेंगे। शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से हजारों निवेशक और प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें केंद्रीय मंत्रियों, विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ-साथ प्रमुख उद्योगपतियों सहित अन्य लोग भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश को भी इस समिट में आमंत्रित किया गया है।

### कांग्रेस सांसद धीरज साहू के पांच ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे

**रांची।** आयकर विभाग की टीमों ने आज (बुधवार) कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के रांची, लोहरदगा और ओडिशा स्थित पांच ठिकानों पर दबिश देकर सर्वे शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 दिसंबर, 2019 को रांची एयरपोर्ट से बरामद 30 लाख रुपये के मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद साहू के घर पर छापा मारा था। आयकर विभाग के अधिकारियों ने लोहरदगा स्थित सांसद के पुस्तैनी मकान को खंगाला था।

### ईडी के समन पर नहीं हाजिर हुए साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम

**रांची।** विजय हांसदा को दिल्ली भेजने की व्यवस्था करने के आरोप में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ईडी के राडार पर हैं। उन्हें ईडी की तरफ से दोबारा बुधवार को पूछताछ के लिए रांची स्थित कार्यालय बुलाया गया था लेकिन वो नहीं आये। नौशाद आलम ने ईडी को चिट्ठी लिख कर समय मांगा है। उन्होंने अपनी चिट्ठी में लॉ एंड ऑर्डर का हवाला दिया है। अब ईडी तीसरी बार नौशाद आलम को समन कर बुला सकता है। इससे पहले नौशाद आलम से ईडी पूछताछ कर चुका है। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में मुख्य गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में एसपी नौशाद आलम से ईडी ने 28 नवंबर को पूछताछ की थी लेकिन नौशाद आलम के जवाबों से ईडी के अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए और उन्हें दूसरी बार फिर से 6 दिसंबर को बुलाया गया। पहली बार पूछताछ के दौरान नौशाद आलम गोल-मटोल जवाब देते रहे, जिसके बाद उन्हें दोबारा बुलाया गया था।

### बोकारो एयरपोर्ट से 28 फरवरी से शुरू होंगी नियमित उड़ानें

**रांची।** बहुप्रतिक्षित राज्य के चौथे बोकारो एयरपोर्ट से अगले साल की शुरूआत में विमान सेवाएं शुरू हो जाएंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अगले साल 28 फरवरी से इस हवाई अड्डा से परिचालन शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में बोकारो के भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि रांची, देवघर और जमशेदपुर के बाद यह राज्य का चौथा एयरपोर्ट है, जहां से कॉमर्शियल घरेलू उड़ानें शुरू की जाएगी। भारत सरकार की योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत इस एयरपोर्ट से रेगुलर एयर कनेक्टिविटी की मंजूरी पहले ही दे दी गई थी लेकिन कई तरह की तकनीकी औपचारिकताओं के चलते इसमें विलंब हो रहा था। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्थित एयरपोर्ट को सेल ने विकसित किया है लेकिन यहां से फिलहाल कॉमर्शियल उड़ानें नहीं हैं। यहां सेल ने कॉमर्शियल उड़ानों के लिए आवश्यक तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं।

### रेवंत रेड्डी आज लेंगे तेलंगाना के सीएम पद की शपथ

**हैदराबाद।** तेलंगाना में कांग्रेस अध्यक्ष अनुमुला रेवंत रेड्डी हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के बाद गुरुवार को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। छप्पन वर्षीय नेता का शपथ ग्रहण समारोह बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजकर चार मिनट पर यहां विशाल एलबी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस बीच रेड्डी ने दिल्ली में एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और अन्य से मुलाकात की। सोनिया गांधी बृहस्पतिवार को हैदराबाद में रेवंत रेड्डी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकती हैं।

## पलामू : 2023 में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों का बढ़ा ग्राफ

- 50 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत 150 से अधिक लोग घायल
- बाइकर्स की रफ्तार पर लगाम लगाने में प्रशासन फेल



उपेन्द्र कुमार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बाइक सवारों की रफ्तार पर लगाम लगाने में प्रशासन विफल साबित हो रहा है। जिसके कारण दुर्घटनाओं का ग्राफ दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। शहर के मुख्य सड़कों पर कम उम्र के बच्चे बाइक पर फर्राटा भरते सहज ही नजर आ सकते हैं। जिसके कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी किशोरवय लड़के नियम कानून को ताक पर रख कर बाइक चलाते हैं। अधिकांश बाइक सवार बगैर हेलमेट के ही चलते हैं। जिसके कारण दुर्घटनाओं में बाइक चालकों की जान चली जाती है। अमूमन भीड़भाड़ अथवा शहरी क्षेत्र में बाइक न्यूनतम स्पीड में चलाये जाने का प्रावधान है, परंतु इसका पालन कम ही होता है। इसके लिए एक हद तक अभिभावक भी जिम्मेवार हैं। सदर अस्पताल में जांच के उपरान्त आकड़ों पर गौर की जाये तो वर्ष 2023 में दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ा है। जिले में इस वर्ष अब तक लगभग 50 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। वही 150 से अधिक लोग घायल हुए है। जबकि 2022 में बाइक दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 40 के आसपास थी। जबकि घायलों की संख्या 200 पार कर गयी थी।

**कहां हो रही परेशानी...**

बाइक सवारों के रफ्तार को कंट्रोल करने के नियम-कानून तब तक प्रभावी साबित नहीं होंगे। जब तक कि कड़ाई से इसका पालन नहीं कराया जायेगा। परिवहन विभाग व पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जांच के नाम पर बगैर हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे बाइकरों पर थोड़ी लगाम कसने का प्रयास तो जरूर किया जाता है, किंतु इसमें नियमितता के अभाव में योजना परवान नहीं चढ़ पाती है। प्रबुद्ध जनों का मानना है कि जिला परिवहन विभाग के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पांच लाख का इनामी सब-जोनल कमांडर प्रदीप सिंह गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

भाकपा माओवादियों के सब-जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकार ने उस पर पांच लाख रुपये का इनाम रखा था। वह अपने गांव परिजनों से मिलने जा रहा था, इसी दौरान पुलिस ने उसे बारियातू जागीर गांव के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि सूचना मिली थी कि वह लातेहार के बारियातु जागीर गांव में छुपा है। सूचना की सत्यापन के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। दल ने सघन छापामारी अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा। छापेमारी दल ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। पूछे जाने के पर उसने अपना परिचय माओवादियों के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो के रूप में दिया।



**प्रदीप सिंह पर दर्ज हैं 23 मामले :** एसपी ने बताया कि प्रदीप सिंह चेरो पर लातेहार जिला के विभिन्न थानों में कुल 23 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा अन्य कई जिलों के थानों में भी उस पर मामला दर्ज हैं। वह माओवादियों के जोनल कमांडर छोटू खरवार के दस्ते साथ पिछले 10-12 सालों से चल रहा था और कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। एसपी ने बताया कि प्रदीप सिंह लातेहार का रहने वाला है, इसलिए उसे बूढ़ा पहाड़ एवं आसपास के सभी रास्ते व इलाकों की जानकारी रखता था। वह हमेशा अपने दस्ते को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने 90 योजनाओं का शिलान्यास व 142 योजनाओं का किया उद्घाटन

## 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का होगा निर्माण : हेमंत

- राज्य का कोई ऐसा कोना नहीं मिलेगा, जहां सरकार नहीं पहुंचेगी
- घरों एवं कैम्पस पर पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली मुफ्त
- वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जाएगा
- राज्य सरकार जल्द ही 50 हजार नई नियुक्तियां करेगी




नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला/खरसावां।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई ऐसा कोना नहीं मिलेगा, जहां सरकार नहीं पहुंचेगी। आज राज्य के गांव और पंचायत में शिविर के जरिए जरूरतमंद योजना का लाभ ले रहें हैं। सरायकेला- खरसावां के नौ प्रखंड के 132 पंचायत में भी तय समय अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बुधवार को खरसावां के सिमला पंचायत स्थित गोंडपुर मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य भर में लग रहे शिविर के माध्यम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान-मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा। बिजली, पानी और सड़क गांव-गांव पहुंचाने का कार्य होगा। वर्तमान में आपकी सरकार सौ यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है। इसका लाभ अबतक करीब 66 हजार लोगों को मिला है। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को मजबूती के उद्देश्य से शहर में निवास करने वाले लोगों को अपने घरों एवं कैम्पस पर पेड़ लगाने पर पांच यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार जल्द ही 50 हजार नई नियुक्तियां करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 साल की लड़ाई के बाद हमें अलग राज्य मिला, 20 साल की लड़ाई के बाद हम सरकार में शामिल हुए, विकास का खाका तैयार किया गया, लेकिन विपक्ष को ये सब नजर नहीं आता, क्योंकि विपक्ष को टिन के चश्मे से दिखता है।

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना :** प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### वनोपज का मिलेगा सही मूल्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह धान क्रय को लेकर सरकार ने मिनिमम सपोर्टिंग प्राइस तय किया है उसी तरह वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जाएगा। इसके लिए सिदो कान्हो वनोपज सहकारी संघ का गठन किया गया है, ताकि वनोपज का सही मूल्य किसानों को मिल सके। बाजार से अच्छे कीमत पर वनोपज क्रय किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की कोयला रॉयल्टी का बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ का भुगतान नहीं कर रही है। यदि यह राशि झारखंड को प्राप्त हो जाती, तो वृद्ध महिला-पुरुष को ढाई हजार रुपये प्रतिमाह देते, हजारों एकड़ भूमि में सिंचाई के लिए किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाते, युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10 -10 लाख रुपये देते, 500 रुपये में गैस सिलेंडर देते लेकिन वे इस बकाया राशि को नहीं दे रहे हैं।

### राज्य सरकार देगी अबुआ आवास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब राज्य सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अर्हता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एल खियांग्ते झारखंड के नए मुख्य सचिव, सुखदेव सिंह हटाए गए

**सुखदेव सिंह को बनाया गया श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान का महानिदेशक**

**नए मुख्य सचिव मिजोरम के रहने वाले हैं और 1988 बैच के अधिकारी हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को उनके पद से हटा दिया है। उनकी जगह एल खियांग्ते को राज्य को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। सुखदेव सिंह को अगले आदेश तक झारखंड के श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से बुधवार को जारी कर दी गई है। मुख्य सचिव के पद से हटाए गए सुखदेव सिंह 1987 बैच के आईएएस अफसर हैं और वे मार्च 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। पहले 1 अप्रैल 2020 से वह मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे। सुखदेव सिंह मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मधु कोड़ा और हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्रित्व काल में प्रधान सचिव की भूमिका भी निभा चुके हैं।

इसके अलावा विकास आयुक्त, वित्त आयुक्त, वन एवं पर्यावरण और कैबिनेट समेत सभी कोर डिमार्टमेंट का कार्यभार संभाल चुके हैं। नए मुख्य सचिव एल. खियांग्ते मूल रूप से मिजोरम के रहने वाले हैं और 1988 बैच से आते हैं।

क्रिश्चियन ट्राइबल कम्युनिटी से आने वाले खियांग्ते झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सहित कई अहम पदों पर रह चुके हैं। वह फिलहाल श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में महानिदेशक के पद पर पदस्थापित थे। इसके अलावा उनके पास वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्जन विभाग के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार था। सुखदेव सिंह 2024 में सेवानिवृत्ति होंगे। झारखंड के 24वें मुख्य सचिव बने एल खियांग्ते 1988 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस ऑफिसर हैं। उनका जन्म 26 अक्टूबर 1964 को हुआ था। वह 31 अक्टूबर 2024 को रिटायर होंगे। उनके बैच के दो आईएएस ऑफिसर है जिनमें अरुण कुमार सिंह इसी साल 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं जबकि अलका तिवारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

### राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा के तहत गढ़वा में इंटीग्रेटेड

## मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर बनाया जाये : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिले के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के तहत राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित करने संबंधी महत्वपूर्ण मामले को उठाया है। सांसद श्री राम ने कहा कि उक्त संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार द्वारा उपायुक्त गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा गया था। विदित है कि उपायुक्त गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम का उद्घाटन भाषण भी होगा

## रामलला की नई मूर्ति की पहली आरती पीएम मोदी उतारेंगे

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** श्री राम जन्मभूमि परिसर में नवनिर्मित रामलला मंदिर में रामलला की नई मूर्ति की पहली आरती पीएम नरेंद्र मोदी उतारेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में 150 वैदिक आचार्यों को लगाया जा रहा है।श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि काशी के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती के मार्गदर्शन में आचार्यों की टोली का चयन हुआ है। काशी के वैदिक विद्वान लक्ष्मीकांत दीक्षित प्रमुख आचार्य रहेंगे। उनके साथ डेढ़ सौ पुरोहितों की टोली रहेगी, जो विभिन्न पारायण, पाठ, यज्ञ आदि करेगी।काशी के ही प्रसिद्ध वैदिक विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ की निगरानी में सारे अनुष्ठान होंगे। 17 जनवरी को रामलला की अचल मूर्ति की भव्य शोभायात्रा निकालकर राम जन्मभूमि परिसर में स्थापित की जाएगी। उसके बाद 18 जनवरी से पूजन, अर्चन अनुष्ठान की प्रक्रिया शुरू होगी। गोविंद देव गिरी ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचने के बाद सबसे पहले जटायु मंदिर जाएंगे। जटायु उन कारसेवकों, बलिदानियों के प्रतीक हैं, जिन्होंने भगवान के कार्य के लिए जीवन को न्योछावर किया। उन सबके प्रतिनिधि के रूप में जटायु को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। फिर उद्घाटन भाषण को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद देशभर से आए साधु संतों से आशीर्वाद लेंगे। इसके बाद समारोह में देश विदेश से आए अतिथियों को रामलला के दर्शन कराया जाएगा।



## अनमोल जीवन को त्यागते लोग कारण और समाज



सुनील बादल

**सभी** जीवों में श्रेष्ठ माने जानेवाले मनुष्य को मानव संसाधन कहा जाता है क्योंकि सभी का योगदान महत्वपूर्ण होता है ।किसी के भी घर में गूंजने वाली किलकारियां सारे दुख और कटु अनुभव को भुला देती हैं। पर बढ़ती भागदौड़, गलाकाट प्रतिस्पर्धा और अतिमहत्वकांक्षा के बीच राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में हर रोज 468 लोगों ने अपनी जान ली और उनमें से एक तिहाई दिहाड़ी पर काम करने वाले, कृषि मजदूर और किसान या खेती करने वाले थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल 1.71 लाख आत्महत्याएं दर्ज की गईं जो 2021 की तुलना में 4.2% की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27% की बढ़ोतरी दर्ज की गई। डेटा यह भी दशार्ता है कि प्रति व्यक्ति आत्महत्या की दर लाख आबादी पांच साल पहले 10.2 की तुलना में 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई है।

मेट्रो शहरों में से, दिल्ली (3,367), बेंगलुरु (2,313), चेन्नई (1,581), और मुंबई (1,501) में आत्महत्याओं की अधिक संख्या दर्ज की गई है। इन चार मेट्रो शहरों में कुल आत्महत्याओं की हिस्सेदारी लगभग एक तिहाई है जहां कुल 26,282 मौतें दर्ज की गईं। दिल्ली में 2021 की तुलना में पिछले वर्ष सबसे अधिक 22% की वृद्धि दर्ज की गई. लव अफेयर और शादी के कारण 9.3% आत्महत्याएं दर्ज की गईं। शोध से पता चला है कि नींद की गड़बड़ी आत्मघाती विचार और व्यवहार से जुड़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मार्गदर्शन 2030 तक आत्महत्या दर को 1/3 तक कम करने के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जन जागरूकता और कारणों को दूर करना आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ के अनुमान के अनुसार आत्महत्या दुनिया भर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक बनी हुई है और हर साल, एचआईवी, मलेरिया या स्तन कैंसर या युद्ध और हत्या की तुलना में आत्महत्या से अधिक लोग मरते हैं। विश्व स्तर पर आत्महत्या के कई कर्ण पाए गए नौकरी छूटना, वित्तीय तनाव और सामाजिक अलगाव ।15-29 आयु वर्ग के युवाओं में, सड़क दुर्घटना की चोट, तपेदिक और पारस्परिक हिंसा के बाद आत्महत्या मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण था। महिलाओं की तुलना में दोगुने से अधिक पुरुष आत्महत्या के कारण मरते हैं (प्रति एक लाख पुरुषों में 12.6 जबकि प्रति लाख महिलाओं पर 5.4)। उच्च आय वाले देशों में पुरुषों में आत्महत्या की दर आम तौर पर अधिक है (16.5 प्रति लाख )। महिलाओं के मामले में, सबसे अधिक आत्महत्या दर निम्न-मध्यम आय वाले देशों (7.1 प्रति लाख) में पाई जाती है। विश्व स्तर पर आत्महत्या की दर कम हो रही है; अमेरिका में यह ऊपर जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन आत्महत्या की रोकथाम के लिए अपने लाइव लाइफ दृष्टिकोण को लागू करने के लिए व्यापक मार्गदर्शन जारी कर रहा है। इस दृष्टिकोण की चार रणनीतियाँ हैं अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों और आग्नेयास्त्रों जैसे आत्महत्या के साधनों तक पहुंच को सीमित करना, आत्महत्या की जिम्मेदार रिपोर्टिंग पर मीडिया को शिक्षित करना, किशोरों में सामाजिक-भावनात्मक जीवन कौशल को बढ़ावा देना; और आत्मघाती विचारों और व्यवहार से प्रभावित किसी भी व्यक्ति की शीघ्र पहचान, मूल्यांकन, प्रबंधन और अनुवर्ती कार्रवाई। सभी आत्महत्याओं में से 20% मामलों में कीटनाशक विष का उपयोग किया जाता है और अत्यधिक जहरीले, अत्यधिक खतरनाक कीटनाशकों पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लागत प्रभावी साबित हुए हैं, ऐसे प्रतिबंधों की सिफारिश डब्ल्यूएचओ द्वारा की जाती है। अन्य उपायों में आग्नेयास्त्रों तक पहुंच को प्रतिबंधित करना, दवा पैकेजों के आकार को कम करना और कूदने वाले स्थानों पर अवरोध स्थापित करना शामिल है। कुछ संस्थाएं भारत में भी कार्यरत है जो बच्चों में परीक्षा के तनाव से लेकर प्रेम प्रसंग तथा अन्य कारणों से लेकर बड़ों तक को ऑनलाइन परमर्श देकर उन्हें जीने की प्रेरणा देता है। सबसे बड़ी बात है परिवार का सहयोग,लगातार संपर्क और किसी भी सदस्य के व्यवहार में आ रहे बदलाव गुमसुम रहने जैसे मामलों में उससे खुलकर बात करनी चाहिए और जीवन के अनमोल होने का बोध कराना चाहिए ताकि वह अपनी समस्याओं का हल ढूंढ सके। ज्यादातर मामलों में समाधान रहते हुए भी किसी ने उन्हें समझाया नहीं जैसे मामले होते हैं।

**2022 में कारोबारियों के आत्महत्या करने के मामलों में कर्नाटक राज्य आगे रहा। कुल आत्महत्या के मामलों में 14.3 फीसदी कारोबारी इस राज्य से थे। कुल आत्महत्या के मामलों में 14.3 फीसदी कारोबारी इस राज्य से थे। दूसरे नंबर पर 13.2 फीसदी के साथ महाराष्ट्र और तीसरे स्थान पर 11.3 फीसदी के साथ मध्य प्रदेश था।**

### लालू ने कहा, दिल्ली में 17 को इंडिया गठबंधन की होगी बैठक

## अब देखना है नीतीश, अखिलेश सोरेन व ममता क्या कहते हैं?

- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजद प्रमुख लालू यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 17 दिसंबर को दिल्ली में होगी । अब देखना है कि लालू की इस घोषणा के 11 दिन बाद होने वाली इस बैठक तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबियत ठीक हो जाती है या नहीं, प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का, पहले न बताने के कारण कहीं और कार्यक्रम होगा या नहीं, उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 17 की बैठक में आने से कन्नी काटते हैं या नहीं। इसके पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाई थी। उसमें आने के लिए असली शिवसेना धड़े के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने हामी भर दी थी। राकांपा नेता शरद पवार ने भी हामी भर दी थी। लेकिन पहले ममता ,फिर नीतीश ,उसके बाद अखिलेश ने पहले से व्यस्तता व अन्य किसी बहाने कन्नी काट ली। अब तो लालू यादव ने ही अगली तिथि की घोषणा की है । लालू की पार्टी राजद की नीतीश की पार्टी जदयू से गठबंधन है। उस गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश हैं। ऐसे में अब देखना है कि नीतीश क्या कहते हैं। इसी तरह से अखिलेश यादव तो लालू के रिश्तेदार हैं। ऐसे में अखिलेश 17 दिसंबर को आते हैं या ईडी व सीबीआई के डर से नहीं आते हैं। रही बात ममता की तो वह इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद की दावेदार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### बघमानवा प्रथमिक विद्यालय में स्कूल ड्रेस व गर्म कपड़े का वितरण

**विश्रामपुर।** बुधवार को प्रखंड अंतर्गत बघमानवा के न्यू प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बीच मुखिया पति सह भाजपा नेता मनीष कुमार के नेतृत्व में गर्म कपड़े,स्कूल ड्रेस व खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया पति ने कहा कि पंचायत में पढ़ने वाले सभी बच्चों को शिक्षित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। गांव में शिक्षा स्तर में सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान 22 बच्चो के बीच ड्रेस व गर्म कपड़े का वितरण किया गया। साथ ही 44 बच्चों के खाते ने पैसा ट्रांसफर किया गया।

### समाजसेवी ने असहाय व गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के गवरलेटवा गांव में लगभग तीन सौ गरीब-असहायों के बीच बुधवार को कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने अपने निजी खर्च से किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड का यह इलाका काफी पिछड़ा है। यहां के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। विगत कई वर्षो से लगातार दो विधायक ही इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। इसके बाद भी गवरलेटवा गांव की स्थिति ठीक नहीं है। पंद्रह वर्षों से लगातार आपके क्षेत्र में लोगों की सेवा के लिए तत्पर हैं। यदि विश्रामपुर विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला तो आवास, पेंशन, सड़क सहित कई तमाम विकास योजनायें निश्चित ही धरातल पर दिखेंगी। मौके पर मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, दशरथ बैठा, अशोक बैठा, सुधन उरांव, सोनू पासवान, मनोज उरांव, महेश्वर रजवार, गुड्डू यादव, वासुदेव मेहता, बिनय बैठा, जितेंद्र मेहता, राधा देवी, कलावती देवी, रानी देवी, गौरी शंकर शर्मा मौजूद थे।

करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या से उबाल

# अखिल भारतीय छत्रिय महासभा ट्रस्ट ने निकाला जनाक्रोश मार्च




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के बैनर तले पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित गीता भवन से जन आक्रोश कैंडल मार्च निकालकर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संस्थापक सुखदेव सिंह गोगामेडी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। ट्रस्ट के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने मांग की कि घटना से पूरे देश के क्षत्रिय समाज में उबाल है। भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार निर्मम हत्या करने वाले अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर फांसी की सजा दे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र नवनिर्माण में राजपूतों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस तरह की निर्मम हत्या क्षत्रिय समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि अपराधियों को सजा नहीं मिलती है तो झारखंड सहित पूरे भारत में क्षत्रिय समाज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के बैनर तले सड़क पर उतरने का काम करेगी। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रदेश सचिव सूर्यांश प्रताप सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह, बृज बिहारी सिंह, मंत्री आनंद सिंह, पलामू जिला उपाध्यक्ष मनीष सिंह, पलामू जिला महामंत्री महाराणा प्रताप सिंह, जिला सचिव अनिमेष सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य मुकेश सिंह, अवधेश कुमार, विकास कुमार सिंह, कृष्णकांत सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, नरेश प्रसाद सिंह, कुणाल सिंह अवधेश सिंह, पाटन प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, प्रखंड सचिव धिरेंद्र सिंह, छतरपुर प्रखंड उपाध्यक्ष अंकित सिंह उपास्थित थे।

### करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या से शोक

**हरिहरगंज।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की राजस्थान के जयपुर में 5 दिसंबर को अपराधियों द्वारा उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या की हर तरफ निंदा की जा रही है। साथ ही शोक संवेदना भी व्यक्त की जा रही है। इसी क्रम में हरिहरगंज प्रखंड के सुलतानी गांव स्थित देवी मंन्दिर के प्रांगण में बुधवार को लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। विरोध में प्रदर्शन कर लोगों ने हत्यारापियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर समाजसेवी फुटूक कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, मुखिया विनय सिंह, अम्बुज सिंह, विकास सिंह, लालबाबू सिंह, अभिषेक सिंह, टूली सिंह, मुकेश सिंह, दीपू सिंह, राणा सिंह, नन्दलाल, गोराई सिंह, रंजन सिंह, रघु सिंह मौजूद थे।

# अबुआ आवास योजना के 600 लाभुकों ने आवेदन किया जमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत के सलैया गांव के समीप बुधवार को आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अलग-अलग 17 स्टॉल लगाए गये। जहां सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। इस दौरान कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। कार्यक्रम के दौरान अबुवा आवास योजना में सबसे अधिक 600 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि बिरसा सिंचाई योजना के तहत कूप निर्माण, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि के भी आवेदन प्राप्त हुये। शिविर में कंबल व धोती-साड़ी का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुखिया कमला देवी, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## आटो-बाइक टक्कर में युवती गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला-छतरपुर मुख्य सड़क के हुसैनाबाद अनुमंडल गेट के समीप मंगलवार की रात में बाइक व आटो की टक्कर में आटो सवार पूजा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया। घायल की पहचान वैद्य बिगहा गांव निवासी सत्यनारायण पाल की 18 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी के रूप में की गयी है। जो कॉलेज से ऑटो पर बैठकर वापस घर जा रही थी।

बसपा ने मनाया 67वां महा परिनिर्वाण दिवस

## बाबा साहब ने शोषितों को मुख्यधारा में लाने का संघर्ष किया: शेरअली




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विस क्षेत्र की बसपा इकाई के तत्वावधान में हुसैनाबाद स्थित अंबेडकर चौक पर भरत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की 67 वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी शेर अली, हरि यादव, पुनीत अम्बेडकर, अजय भारती व मंचासीन अतिथियों ने डा.अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा गोष्ठी की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष अजय भारती ने की। संचालन विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष बिरेंद्र राम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा नेता शेर अली ने कहा कि डा. अंबेडकर ने ताउम्र गरीब, मजदूर, दलित व शोषित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष किया। उनके संघर्षों का परिणाम है कि देश के प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार मिला। उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार राम, नूरुल खान, सरोज कुमार, जितेंद्र पासवान, प्रदीप मेहता, सरोज कुमार, सुनैना कुंवर, ने भी विचार व्यक्त किये। मौके पर मिशन गायक प्रेमशंकर निराला ने कई मिशन गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जगदीश राम, कृष्णा राम, प्रणव सुमन, गुड्डू मेहता, सुशील कुमार, फरीद खान, अशद हुसैन, वकील अहमद सिद्दिकी, गोल्डन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनी संविधान शिल्पी की पुण्य तिथि

**ऊंटारी रोड।** पांडू के कल्याण उच्च विद्यालय में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीम राव अम्बेडकर की 67वां परिनिर्वान दिवस पर विधानसभा स्तरीय श्रद्धांजलि सह विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बसपा के केंद्रीय राज्य प्रभारी सह यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गयाचरण दिनकर, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सह विश्रामपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी राजन मेहता के साथ पंडवा प्रमुख गीता मेहता आदि ने बाबासाहेब व बहुजन नायक कांशीराम के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि जाति विहीन समाज का डा. अंबेडकर का सपना एक दिन अवश्य पूरा होगा। मौके पर ऊंटारी रोड अध्यक्ष विजय राम, धमेन्द्र ठाकुर, श्रवन पासवान, पिंकू सोनी, राजू राम, विरेंद्र बौद्ध, रामबाबू यादव, शब्बीर अंसारी, बलराम कुमार, मनोज चौधरी मौजूद थे।

### डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के बभंडी गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द के समीप डा. भीमराव अंबेडकर स्थल पर बुधवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव राजकुमार गौतम व हरिहरगंज बसपा के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाबा साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनकी प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर व फूलमाला चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान लोगों ने बाबा साहब अमर रहे के नारे भी लगाये। मौके पर शैलेश कुमार, अशोक, नकुल राम, सौरभ, मनीष, विकास कुमार, पिंटू, पुरुषोत्तम प्रसाद, पीयूष रंजन, ओमप्रकाश राम, विक्रम, अमन, विभू गुप्ता, अशोक सक्सेना, सुकन राम, हिमांशु, सीताराम ,गुड्डू मौजूद थे।

---

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, चतरा।**

**रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand.gov.in) / नियोजनालय में निबंधित झारखण्ड राज्य के स्थानीय अभ्यार्थियों हेतु आवश्यक सूचना**

झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के आलोक में राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand.gov.in) में निबंधित होना अनिवार्य है। राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों की पहचान हेतु पोर्टल में स्थानीय प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

अतः झारखण्ड रोजगार पोर्टल/नियोजनालय में पूर्व से निबंधित झारखण्ड राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे स्थानीय प्रमाण पत्र रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand.gov.in) में log in कर स्वंय अथवा नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर अपलोड करवा ले अन्यथा उन्हें झारखण्ड राज्य का स्थानीय उम्मीदवार नहीं माना जाएगा एवं वे निजी क्षेत्र में 75% के आरक्षण के लाभ से वंचित हो सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय चतरा

PR 312817 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)

---

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू)**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

गृह रक्षकों के नवनामांकन प्रक्रिया संबंधी दिनांक–06.12.2023 एवं 07.12.2023 को शारीरिक जाँच व हिन्दी लेखन दक्षता परीक्षा को भारी बारिश होने की संभावना के कारण संशोधित किया जाता है। उक्त दोनों तिथि को होने वाली शारीरिक जाँच व हिन्दी लेखन दक्षता परीक्षा की नई तिथि निम्नवत् है :–

| क्रमांक | प्रखण्ड | पूर्व की तिथि | नई तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, नावाबाजार | 06.12.202 | 18.12.2023 |
| 2 | सदर, पड़वा | 07.12.2023 | 19.12.2023 |

उपरोक्त तिथि को छोड़ शेष सभी तिथि को निर्धारित शारीरिक जाँच व हिन्दी लेखन दक्षता परीक्षा अपने पूर्व के निर्धारित तिथि को ही आयोजित होगी।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
गृह रक्षक नवनामांकन समिति, पलामू।

PR.NO.312853 Palamu(23-24):D

---

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा आमंत्रण संख्या :– 238/R1/2023-24/RWD/LATEHARदिनांक : 05.12.2023

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/11/SRPKG/02/2022-23 | (1) एन0एच0 75 मोगलदहा पुल से भदईटांड तुरवा तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 4.400 कि0मी0)<br>(2) एन0एच0 75 सासंग से चेटर तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 5.00 कि0मी0)<br>(3) भैसादोन एन0एच0 से धाधु भाया कटारिया तक पथ का विषेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई – 12.400 कि0मी0) | 999.04230 | नौ करोड़ निनान्वे लाख चार हजार दो सौ तीस रूपये मात्र। | 09 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 10.12.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 20.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 21.12.2023 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 312829 (REO)23-24*D

---

**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01 / 2023–24

**15वें वित्त आयोग मद**

1. कार्य का नाम :–

**शुद्धि पत्र**

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भवनाथपुर | ग्राम–कोणमण्डरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-01 |
| 2 | नगर उंटारी | ग्राम–बरडीहा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-02 |

1. निविदा आमंत्रण सूचना ZP/GARHWA/01/2023-24 जिसका PR No. 312096 में शुद्वि पत्र।
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–09.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 09.12.2023 से दिनांक–23..12.2023
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–26.12.2023 को अपराह्न 3:00 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–7004019730
7. ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
11. भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR 312818 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 15/2023-24/RWD/GARHWA  दिनांक – 05.12.2023

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA/53/2023-24 | ग्राम पिण्डरा में मेन रोड पिण्डरा पेट्रोल पम्प से यमुना राम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। (250 फीट) | 23.477 | चौवन लाख चौवालीस हजार चार सौ रूपये। | 5000 | 47000 | तीन महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.12.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 312839 (Rural Development) 23-24 (D)

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,चतरा**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-06/2023-24**

पत्रांकः–796  दिनांक :–05.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 21.12.2023 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 22.12.2023 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22.12.2023 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा ।<br>2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा ।<br>2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्यकानाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र कामूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RENOVATION OF COMMON WASH ROOM, HALL NEAR HEALTH SUB CENTER AND HALL AT 2ND FLOOR OF 22 COURT BUILDING FOR LEGAL AID DEFENCE COUNSEL (LADC). | 29,49,500.00 | 60000.00 | 5000.00 | 03Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 312861 Building(23-24).D

---

**–: कार्यालय :–**
**प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।**

**–: आवश्यक सूचना :–**

भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 13.12.2023 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 07/2022 | 11.03.2022 | जिबलाल साव | JCB Reg. No.:- JH-02AN-3491 | – |
| 02 | 21/2023 | 15.05.2023 | संतोष यादव हंसराज प्रसाद | पिकअप रजि नं0 JH-01T-0899 | साल चौखठ 12 पीस |
| 03 | 22/2023 | 18.05.2023 | कमला गंझू | ट्रैक्टर चेचीस नं0 MBNAG48ACMTF73025 | कोयला 1.5 टन |
| 04 | 27/2023 | 05.06.2023 | सुजित कुमार गुप्ता, पप्पु कुमार यादव | पिकअप भैन रजि नं0 JH-03G-6419 | सखुआ चौखठ 51 पीस |
| 05 | 24/2023 | 31.05.2023 | मनोज प्रसाद गुप्ता पवन कुमार | मोटरसाईकल रजि0 नं0– JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 06 | 29/2023 | 16.06.2023 | सुमन्त कुमार | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-9761 | बल्ली साल– 31 पीस |
| 07 | 30/2023 | 20.06.2023 | संजय सिंह भोला सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-13E-1915 ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-0696 | पत्थर लगभग छः टन |
| 08 | 32/2023 | 12.07.2023 | राकेश कुमार सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19C-3824 | केन्दू पता 19 बोरा |
| 09 | 35/2023 | 11.10.2023 | रविन्द साव | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 10 | 34/2023 | 23.09.2023 | सुरेन्द्र प्रसाद | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 11 | 37/2023 | 30.10.2023 | लक्ष्मण यादव | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 12 | 36/2023 | 16.10.2023 | चन्द्रशेखर पाण्डेय, अरविन्द कुमार पाण्डेय | चार ट्रक रजि0 नं0 1. JH-02AW-6892 2. Jh-02AN-7603 3. JH-02AW-3990 4. Jh-02A1-0459 | कोयला लगभग 100 MT |
| 13 | 38/2023 | 03.11.2023 | नरेश प्रसाद गुप्ता, सुरेश साव | टेम्पू रजि नं0 JH-08G-1065 | साल चौकठ 10 पीस |
| 14 | 39/2023 | 07.11.2023 | सोहराब आलम | टेम्पू रजि नं0 JH-03AL-1744 | सखुआ चौकठ 10 पीस |
| 15 | 40/2023 | 01.12.2023 | केश्वर सिंह, राजेश सिंह | – | सिधा बल्ली 15 पीस |
| 16 | 41/2023 | 05.12.2023 | अवधेश यादव, संतोष यादव | – | करम चौकठ 24 पीस, करम बोटा 01 पीस, आरा 01 पीस |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.12.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

PR 312864 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

## गागर में सागर

### जांच में कार्यकारिणी सदस्य के एक उम्मीदवार का नामांकन निरस्त

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन चुनाव प्रक्रिया के दौरान बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गयी। इस दौरान कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए एक उम्मीदवार का नामांकन निरस्त कर दिया गया। इससे 16 पदों के लिए उम्मीदवारों की संख्या अब 51 से घटकर 50 रह गयी है। नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 दिसंबर निर्धारित की गयी है। मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता बैद्यनाथ चौबे के निर्देशन में बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गयी। इस दौरान हस्ताक्षर नहीं होने के कारण जिला कार्यकारिणी सदस्य पद पर नामांकन करने वाले रामनारायण सिंह का पर्चा निरस्त कर दिया गया। शेष पदों के लिए सभी उम्मीदवारों का नामांकन पत्र सही पाया गया। अब सभी की निगाहें अंतिम रूप से उम्मीदवारों की स्थिति जानने के लिए नौ दिसंबर नाम वापसी की अंतिम तिथि पर टिकी है। उसके बाद उम्मीदवारों की सही स्थिति का पता चल पायेगा। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कचहरी परिसर में भारी गहमागहमी की स्थिति देखी गयी। विभिन्न पदों के उम्मीदवार भी समर्थकों के साथ अभिभावक संघ कक्ष के बाहर डटे रहे। कार्य में अधिवक्ता संजय दुबे ने अहम भूमिका निभाई। इस दौरान चुनाव का प्रचार-प्रसार भी पूरे उफान पर है।

### मंत्री से पहले अपने विधायकों से पूछें पूर्व महापौरः सन्नी

**मेदिनीनगर।** पूर्व मेयर को मंत्री मिथिलेश ठाकुर का नाम लेने से पहले पलामू के अपनी पार्टी विधायकों के कार्यों के बारे में बात करनी चाहिए। मंत्री ने प्रमंडल में जितना विकास कार्य किया है। भाजपा के मंत्री व विधायकों ने अपने तमाम कार्यकालों में उसका दस प्रतिशत भी नहीं किया है। जबकि पिछले 10 सालों से पलामू के सभी सीटों पर भाजपा के विधायक, सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर जीतते आ रहे हैं। परंतु इन्होंने जनता की भावनाओं के साथ खेलने व जुमला देने के अलावा कभी कुछ नहीं किया। ये बातें झामुमो युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने शहरी जलापूर्ति योजना शुरू करने के बाबत प्रदेश के पेयजल व स्वच्छता मंत्री से किये गये सवाल के जबाब में पलटवार करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अपने कार्यकाल में टैंकर से पानी बंटवाने के बजाय सौंदर्यीकरण के नाम पर पानी की तरह पैसा बहाया है। अब मेयर का ख्वाब दूर होता देख, विधायक बनने के लिए सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर अपना राजनीति चमकाए रखना चाहते हैं। पलामू के किसानों की याद अचानक आ रही है, परंतु उन्हें याद करना चाहिए कि मंडल डैम का शिलान्यास पीएम मोदी ने किया था। उसके बाद से केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में कोई पहल नहीं की गई।

### कारपोरेट संपोषित लोकतंत्र देश के लिये घातकः शत्रुघ्न

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर जी की 68 वीं पुण्यतिथि उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जेकेएम,बसपा,भीम आर्मी व छात्रावास के छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से आहुत महापरिनिर्वाण सभा में उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्रीय सत्ता में बैठी मोदी सरकार इस देश में क्रोनी कैप्टलिज्म को स्थापित कर अमेरिका की तरह द्विदलीय कारपोरेट सम्पोषित लोकतंत्र स्थापित करना चाहती है। जो भारतीय संविधान के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने अम्बेडकर पार्क स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजकीय अनुसूचित कल्याण छात्रावास रेड़मा के छात्र नेता अनुराग भारती,बसपा के लोकसभा प्रभारी विनोद सोनी,सुदर्शन राम, चन्द्रेश्वर राम, श्यामलाल राम, विनोद राम समेत छात्रावास के सैकड़ों छात्रों ने बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी।

## श्री राणी सती दादी मां प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

# मनोरम मंगल पाठ की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय

**कार्यक्रम में मारवाड़ी समाज की 171 महिलाओं ने भारी उत्साह के साथ सहभागिता की**

**पटना से विशेष रूप से आईं पूनम मोर के सानिध्य में महिलाओं ने भव्य मंगल पाठ की प्रस्तुति की**







**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के रेड़मा चौक स्थित नव निर्मित श्री राणी सती दादी मां मंदिर में आयोजित पुर्न प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान बुधवार को हुये सामूहिक मंगल पाठ की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी समाज की 171 महिलाओं ने भारी उत्साह के साथ सहभागिता की। मंगल पाठ का प्रथम जोत प्रदीप सांवरिया व उनकी धर्मपत्नी कांता सांवरिया ने ग्रहण किया। पटना से विशेष रूप से आईं पूनम मोर के सानिध्य में महिलाओं ने भव्य मंगल पाठ की प्रस्तुति की। इससे पूर्व मंगलवार की रात में नृत्य नाटिका के माध्यम से राणी सती के संपूर्ण जीवन वृत्तांत पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान नारायणी के सती होने के प्रसंग ने सभी को भावमय कर दिया। प्रेरणा व बालाजी ग्रुप द्वारा जीवन वृत्तांत की भावपूर्ण प्रस्तुति की गयी। इस दौरान बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत नंदिनी मोदी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से की गयी। रीमा भिवानिया व शालिनी भिवानिया ने अपनी प्रस्तुति से खूब वाहवाही बटोरी। मुख्य संयोजक मनोज तुलस्यान के नेतृत्व में समिति के अध्यक्ष सुरेश भिवानिया, सचिव आलोक सांवरिया, कोषाध्यक्ष गोपाल छापड़िया, उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, मंदिर ट्रस्ट के मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, पीयूष तुलस्यान, सुशील तुलस्यान, गोपाल हाजीपुरिया, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, बद्री सिंघानिया, मनोज भिवानिया, मनीष भिवानिया, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, अंशुल उदयपुरी, सज्जन शंघई सहित अन्य पदाधिकारी तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति

महायज्ञ के निमित्त मंदिर परिसर में स्थापित यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति प्रदान कर सर्वमंगल की कामना की जा रही है। रांची के श्याम सुंदर भारद्वाज के सानिध्य में मुख्य यजमान की भूमिका का निर्वहन अनूप तुलस्यान व उनकी धर्मपत्नी शिखा तुलस्यान निभा रही हैं। हवन कुंड में आहुति के लिए भक्तों में होड़ मची है।

### पांकी बीडीओ बोले माहे-डेमा प्रकरण पर शासन की पैनी नजर

# किसी के साथ नहीं होने दिया जायेगा अन्यायः राजकुंवर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के होटाई पंचायत स्थित माहे-डेमा टोले में भू-माफियाओं की कारगुजारी प्रकरण को शासन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। मामले में किसी के साथ किसी भी स्थिति में अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। पांकी के बीडीओ राज कुंवर सिंह ने एक वार्ता के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार व शासन दलित-आदिवासियों की हितों की रक्षा के प्रति पूरी तरह संजीदा है। उपायुक्त के निर्देशन में जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। वे खुद भी मामले पर गहन नजर बनाये हुये हैं। मंगलवार को होटाई पंचायत में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी प्रभावितों से एक-एक कर वस्तुस्थिति की जानकारी हासिल की गयी। इस दौरान पता चला कि सात-आठ परिवार ऐसे हैं जो तीन-चार पुश्तों से उक्त स्थल पर स्थाई रूप से रह रहे हैं। शेष लोग जोत-कोड़ कर रहे हैं। पूरे मामले की नये सिरे से जांच कराकर समुचित कदम उठाया जायेगा। वे जल्द ही माहे-डेमा का दौरा कर स्थलीय निरीक्षण करेंगे। शासकीय पहल से प्रभावित पूरी तरह संतुष्ट हैं। इस संबंध में हलके के कर्मचारी व राजस्व निरीक्षक को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

### शैक्षणिक भ्रमण पर छात्र-छात्रायें जगन्नाथ पुरी रवाना

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ब्राइटलैंड स्कूल प्रबंधन की शैक्षणिक यात्रा छात्र-छात्राओं के साथ जगन्नाथ धाम पुरी के लिए बुधवार को रवाना हुई। विद्यालय की निदेशक रागिनी सिंह ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रत्येक वर्ष इस तरह का शैक्षणिक यात्रा कराया जाता है। इस तरह की यात्रा से विद्यार्थियों के बौद्धिक क्षमता में विकास होता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य राहुल सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय शैक्षणिक यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं को दर्शनीयता का बोध कराया जायेगा। 56 छात्र- छात्राओं की टीम के साथ यात्रा पर गये13 शिक्षक 10 दिसंबर को वापस लौटेंगे। यात्रा बस से रांची के लिए रवाना हुई।

### समस्याओं को विधानसभा में उठाने की मांग

# सहायक अध्यापकों ने डालटनगंज विधायक को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के समन्वय समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत डालटनगंज-भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया को अमलेश कुमार चौरसिया एवं अनुराग सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। समन्वय समिति के राज्य सदस्य विनोद तिवारी ने विधायक से विधान सभा सत्र के दौरान शिक्षकों से संबंधित प्रश्न सदन में उठाने की मांग की है। प्रतिनिधियों ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने वादा किया था की सरकार बनते ही 3 महीने के अंदर वेतनमान दे दिया जाएगा, परंतु अभी तक वेतनमान नहीं दिया गया। इसके साथ ही राज्यकर्मी का दर्जा देने, सहायक अध्यापकों को अल्पसंख्यक विद्यालयों की तर्ज पर वेतनमान 9300 से 34800 करने , आकलन व सीटेट को मान्यता देने व वेतनमान एवं ग्रेड पे लागू करने, सहायक अध्यापकों की सेवा अवधि 60 वर्ष से बढ़कर 65 वर्ष करने, 2018 एवं उससे पूर्व आंदोलन मे हुए केस वापस लेने,राज्य में जारी सहायक आचार्यों की बहाली रद्द करने, छात्र शिक्षक अनुपात में शिक्षक की रिक्त संख्या 70000 करने, 20 वर्षों से कार्यरत सहायक अध्यापकों को सरकारी पद पर समायोजन करने आदि मांगों को विधानसभा में उठाने की मांग की है।

# 18 दिसबंर से होगी गृहरक्षकों की शारीरिक जांच व हिंदी लेखन परीक्षा

**मेदिनीनगर।** जिले में हो रही बारिश के कारण गृह रक्षकों के नव नामांकन प्रक्रिया संबंधी 6 एवं 7 दिसंबर को होने वाली शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा को संशोधित करते हुए नई तिथि की घोषणा की गई है। अब यह परीक्षा 18 एवं 19 दिसंबर को ली जायेगी। 18 दिसंबर को हरिहरगंज, नौडीहा बाजार एवं नावाबाजार प्रखंड वहीं 19 दिसंबर को सदर एवं पंडवा प्रखंड के अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा होगी। इसकी जानकारी उपायुक्त-सह- गृह रक्षक नवनामांकन समिति के अध्यक्ष ने दी है। उपरोक्त तिथि को छोड़कर शेष सभी तिथि को निर्धारित शारीरिक जांच व हिंदी लेखन दक्षता परीक्षा अपने पूर्व के निर्धारित तिथि को ही आयोजित होगी।

### पटाखे फोड़कर चालकों को किया जायेगा सचेत

# कोहासे को लेकर रेलवे प्रशासन ने की मुकम्मल तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रेलवे प्रशासन ने कोहासे को लेकर अपनी तैयारियां मुकम्मल कर ली है। इसके लिए तेज आवाज वाले पटाखों का प्रबंध किया गया है। जिसे फोड़कर चालकों को सचेत किया जायेगा। विदित हो कि रेल खंड के केचकी, चियांकी, राजहरा,तोलरा जैसे स्टेशन कोहासे की समस्या से काफी प्रभावित रहते हैं। कुहासों के कारण ट्रेन की गति धीमी होने के साथ खतरा भी बना रहता है। रेल प्रशासन ने कुहासे से निपटने के लिए पटाखे की व्यवस्था कर ली है। इसके तेज आवाज से चालकों को सचेत रहने की चेतावनी प्राप्त होगी। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि सिगनल से 270 मीटर पहले पटरी के ऊपर पटाखे लगा दिए जाते हैं। फिर उसके 10 मीटर ठीक आगे जाकर यही पटाखे बांधे जाते हैं। पटाखे दोनों पटरियों पर बांधे जाते हैं। इसे बांधने वाले विशेषज्ञ व्यकित को रेलवे की भाषा फॉग फॉक्स सिग्नल मैन कहा जाता है। उन्होंने बताया कि हर एक स्टेशन पर एक वीटीओ रहता है। यह एक खंभा है। वस्तुतः यह खंभा उजले व काले रंग का होता है। कुहासे में यह संभा बिल्कुल ही नजर नहीं आएगा। इसी से कुहासे की गहरायी का पता चलता है। बताते चलें कि ठंड के मौसम में कोहरा सदैव से रेलवे के लिये भारी चुनौती रहा है। इसके कारण प्रत्येक वर्ष जाड़े के सीजन में कई ट्रेनों को रद्द कर दिया जाता है। इसके साथ ट्रेने विलंबित भी होने लगती हैं। इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### लिलिपुट स्कूल के बच्चों को मिला ताइक्वांडो का प्रमाणपत्र

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में स्कूल व लिलिपुट एक्टिविटी क्लासेज के बच्चों को झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा एफिलेटेड सर्टिफिकेट प्राचार्या रेणु गोयल द्वारा दिया गया। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही स्कूल में बच्चों का ताइक्वांडो ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया था। जिसमें उम्दा प्रदर्शन कर बच्चों ने येलो व ग्रीन बेल्ट ग्रेडिंग हासिल की थी। ज्ञात हो कि रविवार को लिलिपुट स्कूल कैम्पस में स्केटिंग, डांस व ताइक्वांडो की स्पेशल क्लासेज चलाई जाती हैं। कार्यक्रम के दौरान 9 बच्चे सान्वी सोनी, अहम कुमार वर्मा, अंश भारद्वाज, शौर्य सोनी, अर्णव श्रीवास्तव, नूर एमान खान,ओजस कुमार सिंह, दिव्यांशी सोनी एवं भव्यम जैन को सर्टिफिकेट दिया गया। सभी बच्चे सर्टिफिकेट पाकर उत्साहित नजर आए।

### 15 जनवरी तक आमंत्रण पत्र को 1,25,000 हिंदू परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य

# पूजित अक्षत को महावीर मंदिर से बेनी मंदिर में स्थानांतरित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदनीनगर।** श्रीरामजन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत के कलश को शहर के महावीर मंदिर से आज समारोह पूर्वक जय भवानी संघ चौक के नजदीक स्थित बेनी मंदिर में ले जाया गया। गुरुवार को सुबह दस बजे तक यह कलश उसी मंदिर में दर्शन-पूजा के लिए रहेगा। तत्पश्चात अक्षत कलश को रेड़मा स्थित काली मंदिर में ले जाया जाएगा। शुक्रवार को अक्षत कलश राजेंद्र चौक के पास स्थित काली मंदिर में व शनिवार को शनि मंदिर में रखा जाएगा। इसी तरह अक्षत कलश को नगर के विभिन्न मंदिरों में क्रमशः सनातन धर्मावलंबियों के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए रखा जाएगा। 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा जिले के 1,25,000 हिंदू परिवारों तक पहुंचाया जाएगा। इसके अलावे 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव टेलीकास्ट विभिन्न मंदिरों में बड़ा स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा। उस दिन विभिन्न मंदिरों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। रात्रि में भव्य दिवाली का आयोजन पूरे देश भर में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पूर्व बजरंग दल संयोजक सह मेदनीनगर नगर निगम के प्रथम उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, विभाग सहमंत्री महेंद्र नाथ, सहमंत्री अमित तिवारी, जिला विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय की सहभागिता रही।




सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सशस्त्र सेना झंडा दिवस
7 दिसम्बर

संदेश

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन देते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार **"सशस्त्र झंडा दिवस कोष"** में योगदान देकर उन वीर सैनिकों, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखण्ड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सभी की गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

**जय हिन्द!**

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या निःशक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में **"सैनिक कल्याण कोष"** का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है, जिससे विरांगना विधवाओं, निःशक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस कोष में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं झारखण्ड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, निःशक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित सैनिक कोष में उदारतापूर्वक दान दें।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल ऊँचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

**जोहार!**

PR No. 312724 (Home, Prison And Disaster Management) 2023-24

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार

## गागर में सागर

### बालिका विद्यालय में छात्राओं की जांच



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ कैसर आलम ने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी विस्तार से दी। शिविर में विद्यालय की 165 छात्राओं की गहन जांच कर आवश्यकतानुसार दवा उपलब्ध कराई गई। शिविर में एएनएम कुमारी निलम लता, विद्यालय की वार्डेन रंजू कुमारी, मनोरमा कुशवाहा, ज्योतिषना पांडेय, प्रतिमा कुमारी, बिनु कुमारी, ममता कुमारी, सुमन कुमारी, बिरजू सिंह, अंजन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### पंचायत समितियों के संघ का गठन



**खरौंधी।** प्रखंड निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीचंद बैठा के मकान में सभी पंचायत समितियों की बैठक हुई। इसमें प्रखंड स्तरीय संघ का गठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पूर्णिमा देवी, सचिव कृष्ण राम, उपसचिव नसीबन बीबी, कोषाध्यक्ष रेणु देवी, उपकोषाध्यक्ष शिलवंति देवी, संचालक कुलवंती देवी, महामंत्री पानपति देवी को बनाया गया। विकास कुमार सिंह ने कहा पंचायत समिति सदस्य के लोगों ने मुझे जो जिमेदारी दी है उसे ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का काम करूंगा। संघ भविष्य में कोई काम सभी सदस्यों की सहमति पर करेगा। संघ में एकजुटता लाने के लिए मासिक बैठक की जाएगी।

### मुखिया पति ने श्राद्ध कार्य में की मदद



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र की डोल पंचायत मुखिया पति उमाशंकर गुप्ता उर्फ टुन्नी शाह ने मृतक के परिजनों को श्राद्ध कार्य के लिए सामग्री देकर सहयोग किया। गांव निवासी महावीर भूइया के पुत्र पिंटू भूइया की मृत्यु बीते दिनों हो गई थी। इसकी सूचना गुप्ता को मिली तो वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को श्राद्ध कार्य के लिए एक टीन रिफाइंड तेल, 50 किलो आटा व 20 किलो आलू देकर सहयोग किया। मौके पर बबलू यादव, उपेंद्र राम, छोटू भूइयां, वीरेंद्र पासवान, अर्जुन प्रजापति, संजय सिंह, चंद्रिका सिंह, अशोक सिंह, उमेश सिंह, ओमप्रकाश प्रजापति आदि मौजूद थे।

### 150 महिलाओं को निशुल्क कनेक्शन



**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उम्मत इंडेन ग्रामीण गैस वितरक ने बुधवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला स्कीम के तहत डेढ़ सौ बीपीएल परिवारों की महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया। प्रोपराइटर दानिश मुराद ने बताया कि बीपीएल से संबंधित 150 लाभार्थियों को गैस कनेक्शन और चूल्हे दिए गए हैं, जबकि बचे हुए बीपीएल लाभार्थियों को भी जल्द कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके लिए हमारे कर्मचारी डोर टू डोर पहुंच रहे हैं। मौके पर गोदाम के इंचार्ज इम्तियाज अंसारी, कर्मचारी अनिल कुमार यादव रविंद्र रवि अरबाज राजा आदि मौजूद थे।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने कराया सामूहिक विवाह का आयोजन, जनप्रतिनिधि व समाजसेवी शामिल

# गढ़वा में परिणय सूत्र में बंधे 101 जोड़े, मंत्री ने दिया आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की ओर से 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास समिति की यह पहल सराहनीय है। संस्था ने वैसी लड़कियों की शादी कराई जो काफी असहाय व लाचार हैं। संस्था की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक अनोखी पहल और ऐतिहासिक है। वहीं संस्था के सचिव विकास माली ने बताया कि संस्था को स्थानीय विधायक, जिला पार्षद चेयरमैन, वार्ड पार्षदगण, समाजसेवी राकेश पाल का भरपूर सहयोग मिला, जिससे संस्था अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की ओर अग्रसारित है। इसके पश्चात बाल विवाह, दहेज प्रथा के बहिष्कार के प्रति जागरूकता के लिए बारात फेरी सह जागरूकता फेरी आशीर्वाद मैरिज हॉल से निकली गई। गोविंद भाई उच्च विद्यालय के मैदान के पास इसको मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने हरी झंडी दिखाई। यह कचहरी, घंटाघर, गढ़ देवी मंदिर में आशीर्वाद लेने के बाद, बाईपास रोड होते हुए विवाह स्थल मैदान पहुंची।

**सभी जोड़ों को दिया आशीर्वाद :** इस पुनीत कार्य में सभी आए हुए अतिथियों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। तदोपरांत सायंकाल में भव्य भक्ति जागरण, झांकी एवं मुंबई से आए गायिका अर्चना गोस्वामी, एंकर चंदन मिश्रा, एकता मालन सहित विभिन्न कलाकारों ने संगीत से भक्तिमय एवं अनोखी झांकी का प्रदर्शन कर सुखमई माहौल बना दिया। इस मौके पर सभी अतिथियों के अलावे जेएमएम के जिला अध्यक्ष रणबीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे संस्था के उषा कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा, हासिबुल्लाह अंसारी, संजय सिंह, रितेश सिंह, अर्जुन माली, प्रधान कार्यालय महिला एवं पुरुष पदाधिकारी राज्य से आए विभिन्न जिलों से सभी जिला प्रबंधक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डोभा निर्माण में मजदूरों की जगह जेसीबी से कराई जा रही है खुदाई

### बहियार कला पंचायत में मनरेगा योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**







रमना प्रखंड की बहियार कला पंचायत में मनरेगा के तहत चल रही योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़झाला का मामला सामने आया है। बहियार कला पंचायत में मनरेगा योजना के तहत बनने वाले डोभा निर्माण में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से खुदाई कर दी जा रही है। इस निर्माण में पंचायत के प्रतिनिधि भी मजदूरों के बजाय जेसीबी से डोभा की खुदाई के कार्य में सहयोग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि बहियार कला पंचायत अंतर्गत बहियार कला गांव के वार्ड 2 सदस्य खुसबून बीबी के खेत में चार लाख 83 हजार रुपये की लागत से डोभा निर्माण कार्य में मजदूरों के बजाय सोमवार की रात जेसीबी मशीन से खुदाई करा दी गई।

यही नहीं, जेसीबी मशीन का निशान नहीं हो इसके लिए ट्रैक्टर से डोभा की जुताई कर दी गई ताकि किसी को शक नहीं हो। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में कई डोभा निर्माण किये गये हैं। सभी कार्य जेसीबी मशीन से कराये गये हैं। लोगो ने बताया कि कई स्थानों पर डोभा की खुदाई से पूर्व ही पैसा का भुगतान कर दिया गया। यही नहीं, जब इस मामले में शिकायत की गई तो आनन फानन में जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई। पंचायत में ही मुबारक अंसारी के खेत में डोभा निर्माण में एक लाख 75 हजार का भुगतान कर दिया गया। उसके बाद उक्त योजना की जेसीबी से खुदाई कर दी गई। लोगों ने बताया कि पंचायत में ही चार लाख 83 हजार रुपये की डोभा योजना के भूमि मालिक द्वारा आपत्ति किए जाने के बाद बंद योजना को चालू कर जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई।

**क्या कहते हैं बीस सूत्री अध्यक्ष :** प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने बताया कि बहियार कला पंचायत में मनरेगा योजना पूरी तरह लूट की योजना बन गई है। उन्होंने कहा कि योजना में लूट प्रखंड के बीपीओ, रोजगार सेवक तथा जेई की मिलीभगत से की जा रही है। वहीं मुखिया पति अमरेश उरांव ने कहा कि मनरेगा योजना में जेसीबी से कार्य कराने के मामला की जानकारी अभी नहीं है। प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि बहियार खुर्द पंचायत ही नहीं, पूरे प्रखंड में मनरेगा योजना का कार्य जेसीबी मशीन से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना की लूट में प्रखंड के पदाधिकारी से लेकर पंचायत के कर्मी लिप्त हैं। मामला सामने आने के बाद भी पदाधिकारी कारवाई नहीं कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं बीडीओ :** बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि मनरेगा योजना में जेसीबी द्वारा खुदाई किए जाने का कोई मामला सामने नहीं आया है। अगर ऐसा मामला है तो जांच कमेटी बनाकर मामले की जांच की जाएगी। जो दोषी होंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहते हैं एसडीओ :** अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने बताया कि मामले की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि लिखित शिकायत आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पीडीएस डीलरों को दिया गया आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर बुधवार को अंचल कार्यालय के सभागार में सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने कहा कि आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को बताया कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड वैसे सभी लोगों का बनाया जाना है, जिनके पास राशनकार्ड है।

उन्होंने कहा कि राशनकार्ड में जितने लोगों के नाम होंगे उन सभी का अलग अलग आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिनके पास आयुष्मान कार्ड होगा वे एक वर्ष में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। प्रशिक्षण में जिला से आये सीएसई प्रबंधक कौशल कुमार, मनीष कुमार, सदर अस्पताल के सुनील कुमार तथा योगेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को आयुष्मान कार्ड बनाने से सबंधित जानकारी दी। प्रशिक्षण में मनीष कुमार, सदर अस्पताल गढ़वा से सुनील कुमार, योगेंद्र कुमार, जन वितरण प्रणाली के दुकानदार रविन्द्र प्रताप देव, दरोगा शुक्ल, दीनदयाल शुक्ल, अशोक मेहता, संजय पासवान, शमीम अंसारी, कामाख्या सिंह, रामजी चंद्रवंशी, मुन्ना गुप्ता, उमा चौबे, रामप्रवेश राम, अजय कुमार राम, सतेंद्र सिंह, खुर्शीद आलम, आशीष राम आदि उपस्थित थे।

## वासुदेव राय ने विशुनपुरा के नए सीओ के रूप में संभाला पदभार

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**



विशुनपुरा अंचल में नये अंचलाधिकारी वासुदेव राय ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान सीओ निधि रजवार ने राय को अंचल का पदभार दिया। नव पदस्थापित सीओ वासुदेव राय ने कहा कि विशुनपुरा अंचल अंतर्गत जनहित समस्या कार्यों को प्राथमिकता दिया जाएगा। अंचल से जुड़े कार्यों को त्वरित निष्पादन के साथ ही साथ सरकार के हर एक निर्देश का पालन करते हुए कल्याणकारी योजनाओं को सरकारी लाभ से वंचित वर्ग के लोगों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही कहा कि रमना अंचल में मैं स्थापित हूं। यहां हमें विशुनपुरा अंचल का अतिरिक्त प्रभार मिला है। दोनों अंचल मेरी प्राथमिकता में रहेगी। इस दौरान सभी कर्मियों ने अंचलाधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इसके बाद कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों से परिचय भी प्राप्त किया। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ ही राजस्व एवं लंबित कार्यो को लेकर कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर राजस्व कर्मचारी जयप्रकाष गुप्ता, जितेंद्र कुमार, मुकुल कुमार, झा जी, नेपोलियन कुजूर आदि उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार ने एक भी बालू घाट का टेंडर नहीं किया : सत्येंद्र नाथ तिवारी

**चिनिया।** गढवा रंका विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने चिनिया दौरे के मौके पर चिनिया बस स्टैंड में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से बात करते हुए कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार निकम्मी है। इस सरकार में एक भी बालू घाट का टेंडर नहीं किया गया है और यह सरकार सिर्फ बालू बेचवा रही है। आज बालू के अभाव में 18500 आवास बन नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जो सरकार अबूआ आवास के लिए जनता दरबार लगा रही है, जितने आवास बनने हैं उसके लिए सरकार के पास 16500 करोड रुपये चाहिए, जिसकी राज्य सरकार को अलग से व्यवस्था करनी होगी। सरकार जनता को ठगने के लिए आवास का आश्वासन दे रही है। सरकार 23000 करोड़ रुपये लोन लेकर खर्च नहीं कर पाई। आज तक 5 वर्ष बीतने जा रहा है और इस सरकार द्वारा एक भी बहाली नहीं कर पाई। मौके पर भाजपा नेता कपिल प्रसाद, शिवलाल सिंह, चंद्रिका सिंह, राजेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता मौजूद थे।

## 397 आवेदनों का त्वरित निदान

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**




प्रखंड की सुंडी पंचायत में बुधवार को आपका योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविन्द्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, प्रखंड बीस सूत्री समिति अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, जिप सदस्य धर्मराज पासवान, मुखिया शीला देवी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में अबुआ आवास के 845 सहित कुल 1119 आवेदन आए। 397 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं मुखिया, प्रमुख, सीओ, बीडीओ ने पंचायत के 10 असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान सुंडी पंचायत मुखिया शिला देवी, बीपीओ कमलेश कुमार, उमेश कुमार, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, अमरेंद्र कुमार, बीडीसी कुलवंती देवी, सीता राम यादव, माणिक राय, उपमुखिया लालो देवी, राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा सिंह, मोतीलाल उरांव, अशोक यादव, अमित माधव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**स्मृति शेष** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

# ‘दलितों, पिछड़ों को अधिकारों से किया जा रहा है वंचित’

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**




प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में बुधवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर का 68वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान मुखिया धनवंती देवी के साथ-साथ कई ग्रामीणों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उन्हें देश का सच्चा मार्गदर्शक बताया।

उधर बसपा ने अंबेडकर चौक के समीप सिंचाई भवन परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पार्टी के झारखंड प्रभारी रामबाबू चिरगैयां ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दलितों, पिछड़ों को संविधान में जो अधिकार दिया गया है उसे वंचित किया जा रहा है। बाबा साहब ने सबों को बराबरी का अधिकार दिया था लेकिन यह सरकार देश में सिर्फ नफरत फैलाने का कार्य कर रही है। इससे हम लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। वहीं उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में पिछड़ों का जो निहित आरक्षण है वह भी केंद्र की वर्तमान सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। बसपा प्रदेश महासचिव मनीष कुमार ने कहा कि बाबा साहब गरीबों, पिछड़ों दलितों के मसीहा थे। बाबा साहब का विचार और आदर्श लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने जो सपना देखा था उसे पूरा करने के लिए हम सभी लोगों को एकजुट होना होगा। उन्होंने स्थानीय विधायक भानुप्रताप शाही पर निशाना साधते हुए कहा कि नौजवानों का राग अलापने वाले विधायक उन्हें बेरोजगार कर सड़कों पर छोड़ दिये हैं। उनकी योग्यता का प्रमाणपत्र सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। विधायक विकास के नाम पर सिर्फ घड़ियाल आंसू बहाने का काम करते हैं। सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने से पहले ही शिलान्यास के नाम पर उनके द्वारा ठेकेदारों का शोषण करने का काम किया जाता है। इस बीच ठेकेदार जब तक उन्हें 5 प्रतिशत कमीशन का चढ़ावा नहीं चढ़ाते हैं तब तक उनकी योजनाओं का उनके द्वारा शिलान्यास तक नहीं किया जाता है। मौके पर मुखिया पति महेश्वर राव, चुनमुन चौधरी, अक्षय कुमार, प्रमोद राम, आकाशदीप भारती, सत्यप्रकाश रवि, रामसागर राम आदि उपस्थित थे।

### केतार बाजार में मनाया गया बाबा साहब का 68वां महापरिनिर्वाण दिवस



**केतार।** केतार बाजार स्थित अंबेडकर चौक के प्रांगण में बुधवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 68वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के महासचिव अजय वर्मा ने कहा कि बाबा साहब गरीब, शोषित, दलित, पीड़ित तथा महिलाओं के हक अधिकार के लिए आजीवन कार्य किया। वहीं उप प्रमुख शम्भू सिंह खरवार ने कहा कि बाबा साहब के बताये रास्ते पर दृढ़तापुर्वक चलने से ही समाज में उत्थान आयेगा। उनके जीवन और संघर्ष से सीख लेते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर सुरेश प्रसाद, अमलेश राम, संतोष कुमार, अमित कुमार, छोटू चंदन, दीपक कुमार, गुंजन रजवार, जमालूदिन अंसारी, नंदू चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर याद किए संविधान निर्माता

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**



सामाजिक परिवर्तन केंद्र मेराल के तत्वावधान में गुरु रविदास आश्रम संगवरिया स्थित बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबासाहेब का 67वां महापरिनिर्वाण दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस मौके पर झारखंड बामसेफ के स्टेट कोऑर्डिनेटर रघुराई राम कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर ज्ञान के प्रतीक थे। इन्होंने अपने विद्वता के बल पर पूरे विश्व में अपने को स्थापित किया।

मौके पर शिक्षक सुभाष कुमार रवि, शिक्षक सुबेश्वर राम, हवलदार सुरेंद्र राम, गणेश राम, लालू कुमार भारती, अरुण कुमार, निर्मल कुमार, सूंदन कुमार, जितेंद्र कुमार रवि, आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी, बसपा के प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर राम, बसपा नेता संजय राम, उमेश राम, उपेंद्र राम, अमित कुमार, गोपाल चंद्र वंशी, अरविंद राम, मधू कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं समाज सुरक्षा संघ लोवादाग के तत्वावधान में डॉक्टर अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, समाज सुरक्षा संघ के निदेशक बटेश्वर राम, अजय राम, सुनय राम, जगदीश राम, अक्षय, परीखा राम, रामप्यारी राम, बैजनाथ यादव, अश्वनी, संजीव, अरविंद, सनेश, बालमुकुंद, वार्ड सदस्य फूलकुमारी देवी, पुष्पा देवी, आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### अक्षत और कलश मां भद्रकाली पहुंची

**इटखोरी।** अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर के पूजित अक्षत व कलश बुधवार को माता भद्रकाली प्रांगण में अर्पित किया गया। इसमें विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साव, जिला मंत्री सुधीर कुमार, जिला संयोजक अंकित पांडेय, जिला गोरक्षा प्रमुख ठाकुर, राकेश रंजन, जिला सुरक्षा प्रमुख गोलू बाबू, चतरा ग्रामीण मंत्री दीपक दांगी, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष शक्ति सिंह, इटखोरी मंदिर समिति के मनोज पांडेय आदि शामिल थे। इसके पश्चात अक्षत व कलश को चतरा नगर के पत्थलदास मंदिर में आरएसएस के जिला संघचालक इद्रु राम, व्यवस्था प्रमुख बंटी गुप्ता, विहिप कोषाध्यक्ष मृतुन्जय कुमार, विहिप जिला सत्संग प्रमुख रौशन पांडेय के समक्ष पथलदास मंदिर को सौंपा गया।

### चंदवा में सम्मानित किए गए 'कारसेवक'

**चंदवा।** स्थानीय युवाओं ने संजीव आजाद की अध्यक्षता में बुधवार को 'शौर्य दिवस' मनाया। 1992 में कारसेवा करने अयोध्या गए कारसेवकों का स्वागत और अभिनंदन पथ निर्माण के विश्रामगार में किया गया। महेंद्र प्रसाद साहू, रामप्रसाद साहू, महेश लोहरा व रमेश उरांव को सम्मानित किया गया। मौके पर रवि गंझू, कुलमान साव, अनूप साहनी, शिवकेश्वर यादव, प्रदीप ठाकुर, सेठी सिंह, पवन गुप्ता, छोटू कुमार, कृष्णा कुमार, सूर्यनारायण साहू, उदय कुमार, अजय कुमार, रविराज आदि उपस्थित थे।

### जनसंघ कार्यकर्ता के निधन पर शोक

**सिमरिया।** जनसंघ कार्यकर्ता एवं वर्तमान में भाजपा मंडल कार्यकर्ता सिमरिया प्रखांड मुख्यालय निवासी 85 वर्षीय बद्री पांडेय का निधन बुधवार को हो गया। उनकी तबीयत काफी दिनों से खराब चल रही थी। विभिन्न लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनकादाह संस्कार स्थानीय नदी घाट पर किया गया।

### बाल विज्ञान कांग्रेस टीम सम्मानित

**चतरा।** रांची में 1-2 दिसंबर तक आयोजित 31 वीं बाल विज्ञान कांग्रेस के राज्य स्तर पर चतरा जिला प्रतिनिधित्व करने वाली जिले की टीम को सम्मानित किया गया। एकेडमिक कोआर्डिनेटर श्याम किशोर मिश्रा व सीमा श्रीवास्तव के निर्देशन में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हंटरगंज की छात्राओं गगनप्रीत कौर और श्रेया श्रुति तथा शिक्षिका रश्मि धान व अनिल कुमार अकेला को विद्यालय के प्रधानाध्यापक विवेक सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर रिपुंजय पांडेय, मुकेश, देवीनंदन पांडेय, इंदल कुमार आदि मौजूद रहे।

### कंप्यूटर सेंटर से उड़ा लिये छह लैपटॉप

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के पितीज कलाली चौक में अज्ञात चोरों ने मंगलवार रात फैक्ट कंप्यूटर सेंटर से छह लैपटॉप की चोरी कर ली है। इस संबंध में विजय दांगी ने इटखोरी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन दिया है। वहीं इटखोरी पुलिस व मुखिया रामदेव यादव घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

### मंत्री से भूमि के उचित मुआवजे की मांग

**लातेहार।** भाजयुमो के जिला अध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सड़क एवं परिवह मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर राष्ट्रीय मार्ग निर्माण में हो रहे भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा देने की मांग की। मंत्री ने मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार का आश्वासन दिया। साथ ही गढ़वा बाईपास निर्माण वैधानिक रूप से करने की मांग की गई है। मौके पर मोर्चा उपाध्यक्ष सुमंत यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार, किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी दिलीप यादव, इंद्रजीत यादव शामिल थे।

### ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**बारियातु।** थाना अंतर्गत श्री राम मंदिर के समीप मुख्य मार्ग एनएच 22 पर मंगलवार रात्रि दस बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर दी, जिससे बाइक सवार मनीष उरांव (15), पिता पुलिया उरांव, ग्राम चंदवा चिरो निवासी का दाहिना पैर टूट गया व दाहिना हाथ का अंगूली कट कर अलग हो गया। वहीं प्रदीप उरांव (16), पिता फुलदेव उरांव चंदवा चिरो निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। ज्ञात हो कि दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बालूमाथ।** पुलिस ने बुधवार को थाना गेट के सामने एनएच 22 पर वाहन जांच अभियान चलाकर कई वाहनों को जब्त किया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से सघन वाहन जांच चलाया गया है। सैकड़ों वाहनों की जांच की गई। कुछ बाइक चालक जीवन सुरक्षा कवच (हेलमेट) नहीं लगाने, मौके पर पेपर नहीं दिखाने से उनकी गाड़ी पकड़ जिला परिवहन विभाग को सूचित किया गया है।

### वन विभाग अपने ही प्रावधानों को नहीं मानता

**लातेहार।** केंद्रीय जनसंघर्ष समिति, लातेहार-गुमला के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने वन विभाग पर अपनी ही कानूनी प्रक्रिया व प्रावधानों को नहीं मानने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक ने सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक रामचन्द्र सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य, गारु, बरवाडीह एवं उनसे कुजूरूम और लाटू गांव के पुनर्वास के लिए जिला स्तरीय समिति बनाने की अनुशंसा की है। इन दोनों गांव के पुनर्वास की जिम्मेदारी पलामू व्याघ्र परियोजना और जिला पुनर्वास कमेटी की है। उप निदेशक ने अपने पत्र में मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा है कि जितनी भूमि खाली होगी, उतनी ही वन भूमि का उपयोग हो सकता है।

# बारिश से जनजीवन प्रभावित, फसलों को नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह/ बारियातु/चंदवा**

प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में साइक्लोन के प्रभाव से मंगलवार मध्य रात्रि के बाद से हो रही बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी है। वहीं लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बुधवार को मिचोंग साइक्लोन के असर से हुई बारिश से खेतों एवं खलियानों में रखा हुआ धान खराब होने की स्थिति में आ गया है। प्रखंड के किसान नंददेव सिंह ने बताया कि बे मौसम हुई बारिश से नुकसान होने की चिंता सता रही है। बारिश से आलू व अन्य फसलों को भी नुकसान की संभावना बताई। लगातार बारिश से प्रखंड में जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। ठंड बढ़ने संभावना है।





### टमाटर को भी नुकसान

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार रात्रि से लगातार हो रही बारिश हो से बारियातु, फूलसु, डाढा, गोनिया, अमरवाडीह, टोटी, सिबला, साल्वे बालूभांग पंचायत में फसलों को भारी नुकसान हुआ है। बारिश ने पक्के हुए धान को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। बारियातु प्रखंड क्षेत्र टमाटर फसल के हब के रूप में जाना जाता है। बारिश से टमाटर की फसल बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई है। बताते चलें कि बारिश से टमाटर के फल में दागी लगाने व सड़ने से काफी नुकसान होगा। वहीं भाटचतरा, कुशमाहा, बेसरा, मकरा, सिबला, राजगुरु, छाताबर, गड़गोमा सहित दर्जनों गांवों में धान और टमाटर की फसल को काफी नुकसान हुआ है।

### मुआवजे की मांग

**चंदवा।** साइक्लोन मिचौंग के असर प्रखंड क्षेत्र में हो रही अचानक बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान पहुंचने का अंदेशा जताया जा रहा है। इसको लेकर किसान चिंतित हैं। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रमोद साहु ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि क्षेत्र में सही समय पर वर्षा नहीं होने के कारण किसान धान की खेती न के बराबर कर पाये थे। पूरा क्षेत्र सुखाड़ की चपेट में था। किसानों के द्वारा किसी प्रकार पटवन कर खेती बारी की गई है। अब जब किसान धान की कटाई में लगे हुए हैं तो ऐसे वक्त में बेमौसम बारिश ने उनकी कमर तोड़ दी है। बारिश की वजह से धान और टमाटर फसल को नुकसान पहुंचा है। खलिहान में पड़े धान को बचाने के लिए किसान प्लास्टिक का सहारा लेने को मजबूर हैं। साहु ने जिला प्रशासन से बारिश से हुए नुकसान पर सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।

## हल्की बारिश से ही सड़क पर हुआ जलजमाव, राहगीर हो रहे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड शिक्षा कार्यालय सह राजकीय बुनियादी विद्यालय गेट के सामने बालूमाथ शेरेगड़ा मार्ग पर हल्की बरसात से जलजमाव हो गया है। इससे आते जाते लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। हल्की बरसात होने पर ही यह स्थिति है तो बरसात के सीजन में क्या होती होगी यह समझा जा सकता है। सड़क के दोनों ओर कुछ दूरी तक नाली बनाई गई है, लेकिन निजी स्वार्थ में लोगों ने नालियों को बंद कर दिया है, जिससे बरसात का पानी हो या लोगों के घरों का गंदे पानी सब सड़क पर जमा हो जाता है। इससे आए दिन जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। पुलिस-प्रशासन व जन प्रतिनिधि को पहल कर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की आवश्यकता है।

## बरसात के बीच सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ पड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को चंदवा पूर्वी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव, बीपीओ रतन कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। खराब मौसम के बावजूद शिविर में भारी भीड़ जमा थी। सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र, अंचल जमीन सुधार रसीद, लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, साइकिल का चेक, जॉब कार्ड, पौधा, कंबल आदि का वितरण किया गया। मौके पर चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा, पंसस झामुमो नेता मो सरफराज, प्रखंड समन्वयक रितेश, आवास कोऑर्डिनेटर कुशध्वज, पंचायत सचिव घूरा राम, रोजगार सेवक सीताराम कुमार, संवयसेवक राजन कुमार, सभी वार्ड सदस्य, प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।

### शिविर में आए 1811 आवेदन 304 आवेदन निष्पादित

**बरवाडीह।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को प्रखंड की खुरा पंचायत में किया गया। शिविर में बारिश के बावजूद पूरे पंचायत से काफी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम का उद्घाटन बीड़ीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, झामुमो नेता सह 20सूत्री सदस्य शशि भूषण तिवारी, मुखिया जितेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सीडीपीओ अनीता देवी आदि ने किया। शिविर में 1811 आवेदन पत्र आए, जिनमें 304 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। आबुआ आवास योजना के 465 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सर्वजन पेंशन योजना के 9, सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना के 22 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर ग्राम प्रधान सूरजमल प्रसाद, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार, शिक्षा पदाधिकारी नागेंद्र सिंह, प्रदीप राम, यदु राम, पृथ्वी यादव, लालसा आदि उपस्थित थे।

### मिल्लत मुहल्ले में अलग ट्रांसफार्मर लगाने की मांग




**चंदवा।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में तिलैयाटांड़ के मिल्लत मुहल्ला में ग्रामीणों ने अलग ट्रांसफार्मर लगाने की मांग रखी। अब्दुल मिस्त्री, शीश आलम के नेतृत्व में 60 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने विद्युत कार्यपालक अभियंता के नाम सौंप आवेदन में कहा है कि ग्राम तिलैयाटांड़ के बखार टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से 200 केवीए के ट्रांसफॉर्मर से मिल्लत मोहल्ला में इस समय बिजली आपूर्ति हो रही है। बखार टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के पास लगे ट्रांसफार्मर में 200 से ज्यादा उपभोक्ता हैं। बखार टोला और मिल्लत मोहल्ला के बीच की दूरी लगभग डेढ़ किलोमीटर से अधिक है। उक्त ट्रांसफार्मर में अधिक कनेक्शन होने के कारण मिल्लत मुहल्ला के ग्रामीण लगातार बिजली किल्लत से परेशान रहते हैं। मिल्लत मुहल्ला में मस्जिद के पास अलग ट्रांसफार्मर लगाया जाय ताकि उपभोक्ताओं को बिजली की सुविधा लगातार मिल सके।

### कई लाभुक हुए लाभान्वित

**लातेहार।** सरयू प्रखंड की घासीटोला पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरयू शम्भू राम आदि मौजूद रहे। कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। 6 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 3 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 4 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, 4 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल स्वीकृति पत्र, 10 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

**शिविर** कई आवेदनों का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन

## उग्रवाद प्रभावित मरगड़ा में हुआ आपके द्वार कार्यक्रम, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र मरगड़ा पंचायत भवन परिसर में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ बिपिन कुमार भारती, मुखिया उपेन्द्र पासवान, बीपीओ अजय कुमार सिंहा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास को लेकर आवेदन आए। मौके पर कई मामलों निष्पादन किया गया। जेएसएलपीएस से सखी मंडल के बीच 9 लाख रुपये ऋण व सहायता राशि का वितरण किया गया। मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच साड़ी व कंबल का वितरण किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता, समाजसेवी श्याम भोक्ता, नागेंद्र पासवान, जेएसएलपीएस बीपीएम सत्येंद्र कुमार, जेई विकास कुमार, रवि कुमार, रोजगरसेवक, पंचायत सेवक, जेएसएलपीएस के आईपीआर नीतीश कुमार, सीसी चंचल कुमार, मनोज कुमार भोक्ता, मंटू कुमार आदि मौजूद थे।




### झमाझम बारिश के बीच पहुंचे ग्रामीण

**टंडवा।** झमाझम बारिश के बावजूद टंडवा कसियाडीह पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, मुखिया सरीता देवी, पंसस राजेश चौधरी, प्रधान अनुसेवक सीताराम दास, पंचायत सेवक पुनित दास, प्रधानाध्यापक विकास पाण्डेय, पंकज ठाकुर, अभिषेक कुमार, किरण देवी, देवकी राम समेत अन्य मौजूद थे।


## प्रपत्र VII
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन) अधिघोषणा संख्या 1161/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 05.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75** से बंशीधर–चितविश्राव–बम्बा–चना–गरदा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु ग्राम–नरही, थाना–नगर उंटारी, थाना सं0–126, अंचल–नगर उंटारी, जिला–गढ़वा में कुल :– **2.277** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **2.277** एकड़ है और जो ग्राम–नरही, थाना–नगर उंटारी, थाना सं0–126, अंचल–नगर उंटारी, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 2 | 89 | 23 | रैयती | टाड़–दो | 0.024 | रामचन्द्र पाण्डे, पिता– स्व0 निर्मल पाण्डे, राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | 22 | 24 | निज | रास्ता |
| 3 | 89 | 24 | रैयती | टाड़–दो | 0.008 | रामचन्द्र पाण्डे, पिता– स्व0 निर्मल पाण्डे, राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | 23 | 25 | निज | 20 |
| 4 | 89 | 25 | रैयती | टाड़–दो | 0.053 | रामचन्द्र पाण्डे, पिता– स्व0 निर्मल पाण्डे, राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | 24 | 27 | निज | रास्ता |
| 5 | 89 | 20 | रैयती | टाड़–दो | 0.043 | रामचन्द्र पाण्डे, पिता– स्व0 निर्मल पाण्डे, राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | 21 | रास्ता | रास्ता | 18 |
| 6 | 89 | 21 | रैयती | टाड़–दो | 0.005 | रामचन्द्र पाण्डे, पिता– स्व0 निर्मल पाण्डे, राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | निज | रास्ता | 22 | 20 |
| 7 | 143 | 18 | रैयती | टाड़–दो | 0.041 | राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | 19 | रास्ता | 20 | 17 |
| 8 | 143 | 17 | रैयती | टाड़–दो | 0.051 | राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | निज | 7 | रास्ता | निज |
| 9 | 143 | 26 | रैयती | टाड़–दो | 0.029 | राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | रास्ता | रास्ता | 25 | रास्ता |
| 10 | 143 | 28 | रैयती | टाड़–दो | 0.014 | राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | रास्ता | 46 | 29 | रास्ता |
| 12 | 87 | 7 | रैयती | टाड़–दो | 0.013 | राजेन्द्र पाण्डे पिता– स्व0 ठाकुरदत्त पाण्डे | 6 | 8 | रास्ता | निज |
| 14 | 22 | 9 | रैयती | टाड़–दो | 0.012 | संतोषी देवी पति– विश्वनाथ राम | 8 | 10 | रास्ता | 10 |
| 15 | 200 | 10 | रैयती | टाड़–दो | 0.020 | रविन्द्र प्रसाद पिता– स्व0 हरगोविन्द प्रसाद | 7 | रास्ता | 9 | 11 |
| 16 | 43 | 11 | रैयती | टाड़–दो | 0.031 | गोलु राम पिता– स्व0 रामवृक्ष राम, लालजी राम, बली राम पिता– स्व0 गटौरी राम, विपीन राम, अनिल कुमार राम, बुदुन राम, नगीना राम, पिता– स्व0 सुग्रीम राम | 7 | रास्ता | 10 | 4 |
| 17 | 18 | 14 | रैयती | टाड़–दो | 0.036 | अनिल सेठ, विनोद सेठ पिता– स्व0 इन्द्रदेव सेठा | 13 | 15 | 11 | रास्ता |
| 18 | 55 | 15 | रैयती | टाड़–दो | 0.022 | चन्द्रचूड़ प्रताप देव पिता– स्व0 रामानुज प्रताप देव | 14 | रास्ता | 14 | रास्ता |
| 19 | 55 | 47 | रैयती | टाड़–दो | 0.031 | चन्द्रचूड़ प्रताप देव पिता– स्व0 रामानुज प्रताप देव (मोती बच्चा) | रास्ता | रास्ता | 46 | 48 |
| 20 | 55 | 46 | रैयती | टाड़–दो | 0.001 | अज्ञात | 28 | रास्ता | 45 | 47 |
| 21 | 55 | 48 | रैयती | टाड़–दो | 0.015 | लौंगी देवी पति– स्व0 सुरेश राम, संतोषी देवी पति– विश्वनाथ राम | रास्ता | रास्ता | 47 | 49 |
| 22 | 22 | 49 | रैयती | टाड़–दो | 0.012 | सुदीन अंसारी वगैरह पिता– करीमन अंसारी | रास्ता | रास्ता | 48 | 49 |
| 23 | 200 | 50 | रैयती | टाड़–दो | 0.011 | रविन्द्र प्रसाद पिता– स्व0 हरगोविन्द प्रसाद | रास्ता | रास्ता | 49 | 51 |
| 24 | 43 | 51 | रैयती | टाड़–दो | 0.010 | लालजी राम, बली राम, पिता– स्व0 गटौरी राम | रास्ता | रास्ता | 50 | 52 |
| 25 | 55 | 52 | रैयती | टाड़–दो | 0.063 | राजकुमार सेठ पिता– स्व0 जीतु सेठ वगैरह | रास्ता | रास्ता | 51 | रास्ता |
| 27 | 55 | 189 | रैयती | टाड़–दो | 0.002 | अज्ञात | 197 | 199 | 197 | रास्ता |
| 28 | 55 | 190 | रैयती | टाड़–दो | 0.016 | अज्ञात | 189 | 191 | 197 | रास्ता |
| 29 | 90 | 191 | रैयती | टाड़–दो | 0.020 | प्रदीप राम पिता– स्व0 बैकुण्ड राम | 190 | 197 | 192 | रास्ता |
| 30 | 88 | 197 | रैयती | टाड़–दो | 0.015 | अशोक राम पिता– स्व0 परीखा राम | 191 | 198 | निज | रास्ता |
| 31 | 43 | 198 | रैयती | टाड़–दो | 0.014 | संदीप राम पिता– स्व0 परीखा राम | 197 | 199 | 197 | रास्ता |
| 32 | 43 | 199 | रैयती | टाड़–दो | 0.013 | बली राम, लालजी राम पिता– स्व0 गटौरी राम | 198 | 200 | 197 | रास्ता |
| 33 | 146 | 200 | रैयती | टाड़–दो | 0.019 | अरविन्द प्रसाद, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव पिता– स्व0 फुलेश्वर लाल | 199 | रास्ता | 201 | रास्ता |
| 35 | 74 | 212 | रैयती | टाड़–दो | 0.039 | शिव प्रसाद राम, प्रताप राम, सुदर्शन राम, पिता– स्व0 रामदेव राम वगैरह | रास्ता | 216 | 213 | रास्ता |
| 36 | 191 | 214 | रैयती | टाड़–दो | 0.002 | विरेन्द्र कुमार सिन्हा पिता– स्व0 बबन लाल वगैरह | | | | |
| 37 | 42 | 216 | रैयती | टाड़–दो | 0.020 | अनिल राम, नगीना राम, पिता– स्व0 सुग्रीम राम, गोलु राम, पिता– स्व0 रामवृक्ष राम | 212 | रास्ता | 217 | रास्ता |
| 39 | 146 | 221 | रैयती | टाड़–दो | 0.013 | जीतु सेठ पिता– कुलदीप सेठ अरविन्द प्रसाद, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव पिता– स्व0 फुलेश्वर लाल | 219 | 222 | 224 | सिवाना |
| 40 | 148 | 222 | रैयती | टाड़–दो | 0.016 | राजेश कुमार सिन्हा, विरेन्द्र कुमार सिन्हा पिता– स्व0 बबन लाल | 221 | रास्ता | 223 | रास्ता |
| 42 | 115 | 230 | रैयती | टाड़–दो | 0.012 | सुधीर कुमार, सुनील कुमार, चन्द्रशेखर कुमार, दिनबंधु कुमार पिता– स्व0 कुलदीप राम | रास्ता | 231 | 235 | सिवाना |
| 43 | 146 | 231 | रैयती | टाड़–दो | 0.067 | उदय प्रसाद श्रीवास्तव पिता– स्व0 राधिका लाल | 230 | 232 | निज | सिवाना |
| 44 | 146 | 232 | रैयती | टाड़–दो | 0.004 | महेन्द्र प्रसाद पिता– स्व0 राधिका लाल | 231 | 233 | निज | सिवाना |
| 45 | 146 | 233 | रैयती | टाड़–दो | 0.026 | अरविन्द प्रसाद, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव पिता– स्व0 फुलेश्वर लाल | 231 | 234 | 235 | सिवाना |
| 46 | 146 | 234 | रैयती | टाड़–दो | 0.039 | अरविन्द प्रसाद, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव पिता– स्व0 फुलेश्वर लाल | 233 | 253 | 235 | सिवाना |
| 49 | 146 | 255 | रैयती | टाड़–दो | 0.248 | महेन्द्र प्रसाद पिता– स्व0 राधिका लाल अरविन्द प्रसाद, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव पिता– स्व0 फुलेश्वर लाल एवं अन्य | 254 | 322 | 258 | सिवाना |
| 50 | 201 | 322 | रैयती | धान–एक | 0.038 | शान्ति देवी पति– स्व0 रामगुलाम सेठा | 255 | 323 | 321 | सिवाना |
| 51 | 146 | 323 | रैयती | धान–एक | 0.033 | सुनिता देवी पति– सुरेन्द्र राम | 322 | 324 | 321 | सिवाना |
| 53 | 106 | 325 | रैयती | खलिहान | 0.022 | अज्ञात | 324 | 327 | 326 | सिवाना |
| 54 | 40 | 327 | रैयती | टाड़–एक बाड़ी | 0.024 | लालजी राम, बली राम, पिता– स्व0 गटौरी राम | 325 | 328 | निज | सिवाना |
| 55 | 90 | 328 | रैयती | मकान मय सहन | 0.021 | प्रदीप राम पिता– स्व0 बैकुण्ड राम | 327 | 337 | 329 | सिवाना |
| 57 | 178 | 346 | रैयती | धान–एक | 0.140 | नितीश कुमार सिन्हा, अविनाश कुमार सिन्हा पिता– स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव वगैरह | 337 | 349 | निज | सिवाना |
| 58 | 113 | 349 | रैयती | मकान मय सहन | 0.032 | असर्फी सेठ, महावीर सेठ, विरेन्द्र सेठ पिता– स्व0 बेचु सेठ, शान्ति देवी पति– स्व0 यमुना सेठ | 346 | 350 | 348 | सिवाना |
| 59 | 108 | 359 | रैयती | मकान मय सहन | 0.023 | सहाबुदीन अंसारी पिता– आलमीन अंसारी | 350 | 360 | 358 | सिवाना |
| 60 | 169 | 360 | रैयती | मकान मय सहन | 0.025 | शंकर बैठा, बिरझु बैठा पिता– स्व0 ज्वाहीर बैठा | 359 | 362 | 361 | सिवाना |
| 61 | 45 | 362 | रैयती | बाड़ी | 0.030 | गफुर मियां पिता– स्व0 रसुल मियां | 360 | 368 | 363 | सिवाना |
| 62 | 98 | 368 | रैयती | टाड़–एक | 0.031 | कंचन तिवारी पिता– स्व0 लक्ष्मी तिवारी | 362 | 369 | 367 | सिवाना |
| 63 | 39 | 369 | रैयती | टाड़–एक | 0.025 | कंचन तिवारी पिता– स्व0 लक्ष्मी तिवारी | 368 | 371 | 370 | सिवाना |
| 64 | 178 | 371 | रैयती | टाड़–एक | 0.026 | अविनाश कुमार सिन्हा, वगैरह पिता– स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव वगैरह पिता– स्व0 सरोज लाल एवं अन्य | 369 | 372 | 376 | सिवाना |
| 65 | 178 | 372 | रैयती | मकान मय सहन | 0.030 | अविनाश कुमार सिन्हा, वगैरह पिता– स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव वगैरह पिता– स्व0 सरोज लाल एवं अन्य | 371 | 373 | 371 | सिवाना |
| 66 | 178 | 373 | रैयती | मकान मय सहन | 0.029 | अविनाश कुमार सिन्हा, वगैरह पिता– स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव वगैरह पिता– स्व0 सरोज लाल एवं अन्य | 372 | 380 | 341 | सिवाना |
| 67 | 184 | 380 | रैयती | मकान मय सहन | 0.077 | अविनाश कुमार सिन्हा, वगैरह पिता– स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव वगैरह पिता– स्व0 सरोज लाल एवं अन्य | 373 | 383 | 381 | सिवाना |
| 68 | 149 | 381 | रैयती | बाड़ी | 0.041 | विदेशी राम पिता– केवल राम वगैरह | 378 | 383 | 382 | 381 |
| 69 | 149 | 382 | रैयती | मकान मय सहन | 0.026 | संतोष राम वगैरह पिता– स्व0 लालमुन राम, पिन्टु राम वगैरह पिता– स्व0 बीगन राम | 378 | 383 | 385 | 381 |
| 70 | 109 | 384 | रैयती | मकान मय सहन | 0.058 | खीरपत राम पिता– बुधाई राम वगैरह | 385 | 385 | 385 | 383 |
| 71 | 178 | 385 | रैयती | आमबाग टाड़–दो | 0.054 | अविनाश कुमार सिन्हा, वगैरह पिता– स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा वगैरह | 377 | रास्ता | रास्ता | 383 |
| 72 | 57 | 383 | रैयती | टाड़–एक | 0.285 | कृष्णदत्त पाण्डेय, हरिदत्त पाण्डेय, मनमोहन पाण्डेय पिता– स्व0 चन्द्रभूषण पाण्डेय | 380 | रास्ता | 385 | सिवाना |
| 74 | 152 | 715 | रैयती | टाड़–दो | 0.004 | चम्पा देवी पति– युगल किशोर चौधरी | रास्ता | निज | 714 | 717 |
| 75 | 115 | 717 | रैयती | मकान मय सहन | 0.026 | सुधीर कुमार, सुनील कुमार, चन्द्रशेखर कुमार, दिनबंधु कुमार पिता– स्व0 कुलदीप राम | रास्ता | 716 | 715 | 718 |
| 76 | 13 | 718 | रैयती | टाड़–दो | 0.023 | सुधीर कुमार, सुनील कुमार, चन्द्रशेखर कुमार, दिनबंधु कुमार पिता– स्व0 कुलदीप राम | रास्ता | 719 | 719 | सिवाना |
| 79 | 177 | 350 | रैयती | मकान मय सहन | 0.024 | अज्ञात | 349 | 359 | 351 | सिवाना |
| | कुल :– | | | | 2.2770 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–नरही, थाना–नगर उंटारी, थाना सं0–126, अंचल–नगर उंटारी, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

अमीन, जिला भू–अर्जन कार्यालय, गढ़वा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। | अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। | उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.312877 Land Reforms(23-24):D

## गागर में सागर

### अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के निमित निकाली शोभायात्रा

**लोहरदगा।** अयोध्या से आए अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम के निमित विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति गायत्री परिवार के बहनों द्वारा गायत्री मंदिर से शास्त्री चौक, थाना टोली दुर्गा मंदिर, बड़ा तालाब शिव मंदिर, राम मंदिर, अमला टोली हनुमान मंदिर दुर्गा बाड़ी मंदिर,होते हुए पावर गंज स्थित देवी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार की अध्यक्षता में यात्रा निकाली गई। मौके पर पिंकी जयसवाल, ममता देवी, आकांक्षा साहू, रीमा अग्रवाल, उषा देवी, उमा देवी, नीतू देवी, लक्ष्मी देवी, चिंता देवी, उमा दास राजेश अग्रवाल बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू , स गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप ,नगर सहसंयोजक राज साहू ,बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति,हसमुख रंजन,नगर शाह शारीरिक प्रमुख कुणाल कुमार शर्मा, गंगा कुमार, अनुराग कुमार, अमित कुमार, राहुल वर्मा, ऋषि कुमार, रिशु कुमार,आयुष वर्मा, हैप्पी कुमार, आदित्य कुमार, किशन कुमार, आशू कुमार,दीपक साहू अजय आदि शामिल थे।

### मुखिया की पहल से विवाद सुलझा

**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत अंतर्गत पतराटोली में बुधवार को निकासी को लेकर दो भाइयों में उत्पन्न विवाद को मुखिया परमेश्वर महली ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर सुलह कराया। साथ ही रास्ता को लेकर आपसी लड़ाई को सुलह कराया गया। बता दें कि उदरंगी पतरा टोली निवासी मजीद अंसारी द्वारा आवास निर्माण कराने पर निकासी बंद होने को लेकर बड़े भाई एनामुल अंसारी से आपसी बहस को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। इसके बाद दोनों भाइयों में मारपीट का माहौल उत्पन्न हो गया। इसकी सूचना मिलते ही उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर दोनों भाइयों में सुलह कराते हुए दोनों भाइयों को निकासी के लिए सात-सात फीट जमीन रास्ता के नाम पर छोड़ने तथा अन्य एक मुनेश्वर उरांव से रास्ता के लिए तीन फीट जमीन देने के लिए सहमति बनाई गई। इसके एवज में मुनेश्वर उरांव व ताजे उरांव को एनामुल अंसारी, मजीद अंसारी व रिफासत अंसारी को तीन फीट रास्ता के लिए जमीन देने के एवज में 25 हजार रुपये देने की बात कही है। इस तरह पंचायत में मुखिया के पहल से उत्पन्न विवाद को निपटारा कराएं जाने से बस्ती के लोगों में काफी खुशी है।

### बोलेरो की टक्कर से एक गाय की मौत

**कुडू।** कुडू-रांची मुख्य पथ एनएच 75 के नावाटोली के समीप बुधवार की दोपहर आज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। रांची की ओर से आरहे एक बोलेरो ने सड़क पर खड़ी दो गाय को अपने चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी की एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर चारों ओर खून बिखर गया। वहीं दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक बोलेरो लेकर चंदवा की ओर फरार हो गया। गाय नावा टोली निवासी अजित खाखा की बताई जा रही है।

### रौदी को मिला कूप योजना का लाभ

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उमरी ग्राम निवासी रौदी उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अपने खेत में सिंचाई के लिए दूसरों के कुआं से पानी लेना पड़ता था जिसके कारण कई बार दिक्कत होती थी। पानी की कमी के कारण कई बार नुकसान उठाना पड़ा। अब सिंचाई कूप मिल गया है तो इसके निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या खत्म हो जाएगी।

### तमन्ना को मिला योजना का लाभ

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कुडू प्रखण्ड के कोलसिमरी पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में कोलसिमरी गांव की रहने वाली तमन्ना परवीन को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। इस योजना के अंतर्गत तमन्ना को पांच हजार रुपये का स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया। तमन्ना ने कहा कि किशोरियों के लिए यह बहुत ही अच्छी योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा लायी गई है। इस राशि का उपयोग वे पढ़ाई-लिखाई के लिए ही करेंगी।

### विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में 34 में प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह अभिभावक अभिनंदन का भव्य आयोजन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। विद्यालय के खेल आचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा ने खेल का वृत प्रस्तुत किया तथा प्रांतीय खेलकूद के चित्रात्मक गतिविधियों का अवलोकन प्रोजेक्टर के माध्यम से करवाया। उपस्थित अतिथियों ने भैया बहनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर अभिभावक राजेश जायसवाल, वीरेंद्र सिंह, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय ने अपना संबोधन दिया। 2 दिसंबर को संकुल स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता आयोजित थी जिसमें अपने भैया बहनों ने शिशु वर्ग में ओवरआल चैंपियनशिप पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के भैया बहनों ने कुल 25 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य ने समस्त भैया बहनों का अभिनंदन करते हुए आगामी सत्र में नवीन नामांकन हेतु आग्रह किया। मौके पर सचिव अजय प्रसाद, शोभा देवी, जीतराम बड़ाइक, मनोहर लाल अग्रवाल +2 विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांड आदि उपस्थित रहे।

# खिलाड़ी फीफा के नियमों के तहत खेलें : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठियो खेल मैदान में आदिवासी अखड़ा समिति सीठियो के तत्वावधान में 17वां कार्तिक उरांव अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, मुखिया शोभा देवी, आदिवासी अखड़ा समिति के अध्यक्ष फुलदेव उरांव, साजिद अहमद चंगू, समाजसेवी मुजिबुल रहमान, राजा आदि ने किया।

मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के नियम फीफा के साथ फुटबॉल खेल खेलें। दोनों टीमों का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। खेल में हार जीत एक प्रक्रिया है जो लगा रहता है। जमां ने कहा कि मेहनत करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चे खेल के साथ पढ़ाई नियमित रूप से करते रहें और जीवन के मुश्किल से लड़ना सीखें। पढ़ाई और खेल जीवन को बेहतर बनाता है। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि मकाम हासिल करने के लिए सुबह जल्दी उठें और अभ्यास करें और नियम नीति को जानें, अनुशासन में रहें। इधर उद्घाटन मैच फुटबॉल क्लब रांची बनाम फुटबॉल क्लब मांडर के बीज खेला गया, जिसमें मांडर की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# फेसबुक पर दोस्ती के बाद किडनैप कर दुष्कर्म किया, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**



कुडू थाना क्षेत्र की एक लड़की के साथ पहले फेसबुक पर प्यार और फिर किडनैप कर दो दिनों तक दुष्कर्म करने के आरोपी लातेहार जिले के मनिका थाना अंतर्गत डोकी गांव निवासी स्व चंचल सिंह उर्फ गोबिंद सिंह उर्फ कर्मदेव सिंह के पुत्र आर्यन सिंह उर्फ संतोष सिंह (21) को कुडू पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि आर्यन उर्फ संतोष ने कुडू थाना क्षेत्र की एक लड़की से पहले फेसबुक पर दोस्ती की। इसके बाद दोनों प्यार में पड़ गए। मोबाइल पर पिछले एक वर्षों से बात करते रहे। फिर बीते माह संतोष मिलने के बहाने उसे बुलाकर अपने साथ ले गया और बंधक बनाकर दो दिनों तक दुष्कर्म किया। दो दिनों किसी प्रकार से वह वहां से भागी और मामले की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद कुडू पुलिस ने लड़की के बयान पर बीते माह 24 नवंबर को मुकदमा दर्ज किया था। मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। घटना के बाद से आरोपी फरार था।

**छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के उप मुख्यमंत्री जू देव और तेलंगाना में बीआरएस के मुख्यमंत्री केसीआर और कांग्रेस के मोहम्मद अजहरूद्दीन, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री रहे नरोत्तम मिश्र जैसों की पराजय इसी के उदाहरण हैं। चुनाव के लिए सामान्य परिवेश रचने में भ्रष्टाचार के आरोप, राजनीतिक दलों की अंदरूनी खींचतान, योजनाओं और वादों का जमीनी स्तर पर लागू न होना, और जातीय संतुलन साधने में विफलता ने मतदाता की प्रेरणाओं को निश्चित रूप से प्रभावित किया। दूसरी ओर मध्य प्रदेश के जनादेश ने एक भिन्न चित्र प्रस्तुत किया। वहां के मुख्यमंत्री लम्बी अवधि से सत्ता में रहे। सोशल मीडिया पर मामा की विदाई का वीडियो खूब चला परंतु शिवराज सिंह की जनाभिमुखी यात्रा अनथक चलती रही। लाड़ली बहना जैसे महिला सशक्तीकरण के उनके प्रयास विशेष रूप से प्रभावी साबित हुए। परिस्थिति की जटिलता को देखते हुए केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारा गया। प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों ने पूरे माहौल में जान भरी और इन सब प्रयासों के परिणाम एंटी इन कंबेंसी और राजनीतिक थकान को झुठला दिया। चौहान छठीं बार बुधनी से चुनाव जीते। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बघेल की वापसी को लेकर सब लोग आश्वस्त लग रहे थे। रमन सिंह जरूर बहुमत का दावा कर रहे थे जो भाजपा की रणनीति, मोदी जी का आकर्षण और सरकार की कमजोरियों के चलते सही साबित हुआ। भाजपा द्वारा धान की खरीद की राशि बढ़ाने का प्रस्ताव किया, महतारी वंदन योजना प्रस्तुत की, प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी आई और भावी मुख्यमंत्री का नाम घोषित न करना भी सहायक हुआ।**

## आप की बात



### शहर में जलजमाव से परेशानी

मेदिनीनगर शहर की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किये जा रहे हैं, लेकिन परिणाम शून्य है। शहर में जल जमाव से निजात दिलाने के लिए कोइ ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इतना ही नहीं नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण नगर निगम क्षेत्र के अन्य गली-मोहल्ले की नालियां बजबजा रही हैं। शहर के छह मुहान चौक पर रिमझिम फुहार में भी तालाब जैसा दृश्य देखने को मिल रहा है। सड़क पर पानी जमा होने की वजह से लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राह चलने वाले लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में भी कई जगहों पर नाली की सफाई नहीं होने की वजह से नाली का पानी सड़कों पर आ गया है। इसकी वजह से स्थानीय दुकानदार भी परेशान हैं। हर साल नाली बनाने व मरम्मति करने पर नगर निगम लाखों रुपये पानी की तरह बहा देता है, लेकिन बारिश का पानी शहर से बाहर नहीं बह पाता है। बरसात के पहले तक योजनाएं बनती है और धरातल पर उतरते-उतरते बारिश का मौसम ही खत्म हो जाता है। शहरवासी वर्षों से जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर की समस्याएं हर साल बढ़ती जा रही हैं। शहर में जगह-जगह जलजमाव जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। यहां गली-मोहल्लों से लेकर सड़कों पर जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मुहल्लों में जलजमाव व नाला का पानी घरों में जमा होने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

– सुबोध कुमार डालटनगंज

प्रकृति

# बौखलाहट है हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना


ललित गर्ग

**तीन** राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं शानदार जीत से इंडिया गठबंधन के विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है तमिलनाडु की सत्ताधारी दल डीएमके पार्टी के सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार के द्वारा संसद में हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना। उनके ऐसा बोलते ही संसद से लेकर बाहर के राजनीतिक गलियारों में हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा ने सेंथिल कुमार के इस बयान का विरोध किया तो सांसद ने माफी मांग ली और लोकसभा की कार्यवाही से उनका बयान अब हटा दिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने भी उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। भारतीय गोवंश को माता का दर्जा दिया गया है इसलिए उन्हें 'गौमाता' कहते है, हमारे शास्त्रों में गाय को पूजनीय बताया गया है। हमारी माताएं बहनें रोटी बनाती है तो सबसे पहली रोटी गाय को ही देती हैं। गाय का दूध अमृत तुल्य होता है। । इन दिव्य अमृत पंचगव्य का उपयोग यज्ञ, आध्यात्मिक अनुष्ठानों, बीमारी से निजात पाने और संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए किया जाता है। इसलिये गौमाता को आधार बनाकर भाजपा की जीत पर हमला करने की यह कुचेष्टा न केवल मानसिक दिवालियापन है बल्कि इससे भारत की जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान हुई है। गौमाता पर की गयी यह टिप्पणी एक सम्पूर्ण परम्परा एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा है। ऐसी कुचेष्टाएं एवं साजिशें पूर्व में भी हुई है। तब भी गौमाता की तरह ही सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानों से देश को तोड़ने की षडयंत्र हुआ। तब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया था।

**राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है।**


बोधि वृक्ष

# आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

**राजा** प्रभावित हुए और उन्होंने ऋषि से पवित्र गाय सुरभि उन्हें देने का अनुरोध किया। ऋषि ने इनकार कर दिया। राजा क्रोधित हो गये और उन्होंने अपनी सेना को बलपूर्वक गाय को पकड़ने का आदेश दिया। ऋषि जमदग्नि की एक नजर में, सुरभि ने एक जवाबी सेना बनाई और इसके बाद हुई लड़ाई में, राजा की सेना हार गई। यह खेल बीस बार चला और हर बार, सुरभि द्वारा बनाई गई दिव्य सेना विजयी हुई। राजा की हार हुई धैर्य ने ऋषि जमदग्नि को मार डाला (ताकि सुरभि की दिव्य शक्ति कम हो जाए) और सुरभि की खोज शुरू कर दी, लेकिन वह कहीं नहीं दिखी। वह गायब हो गई और स्वर्ग वापस चली गई। रेणुका ऋषि जमदग्नि के साथ चिता पर जाना चाहती थीं। ऋषि भृगु (जमदग्नि के दादा) ने उन्हें रोका और ऋषि जमदग्नि के साथ उन्हें जीवित कर दिया। घटनाओं के मोड़ पर परशुराम बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने युद्ध में राजा कार्तवीर्यार्जुन को मार डाला (भगवान दत्तात्रेय द्वारा दिये गये वरदान के अनुसार)। जब परशुराम युद्ध से लौट आये और अपने प्रसिद्ध पिता को इसके बारे में बताया, तो ऋषि ने उन्हें बताया कि भूमि के राजा को मारना गलत था (राजा को विष्णु का अंश माना जाता है और राजा को मारना और राज्य को अराजकता में उजागर करना पाप है) और शुद्धि प्राप्त करने के लिए अपने बेटे को एक वर्ष के लिए तीर्थयात्रा (पवित्र स्थानों की यात्रा) पर जाने के लिए कहा। अपने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए, परशुराम तीर्थयात्रा पर निकल पड़े। इस अवसर का लाभ उठाकर कार्तवीर्यार्जुन के पुत्रों ने जमदग्नि को मार डाला। अपने पिता की रक्षा के लिए रेणुका ने अपने दिव्य पुत्र को इक्कीस बार पुकारा। नियति के अनुसार और सूर्य देव के श्राप के अनुसार, अपने बेटे को माँ की पुकार अनुत्तरित रही और ऋषि जमदग्नि का अंत हो गया। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से



## X - से




अपने पत्र हमें इमेंल कर सकत हैं-article.rnmail@gmail.com

# शीत लहरी में समस्या बनते 'धुँआ,धुंध व धूल'


निर्मल रानी

**साधन** संपन्न लोगों के लिये बेशक सर्दी का मौसम प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल सौगात है। क्योंकि वे अपनी सुविधानुसार गर्म कपड़ों, मंहगे कंबल रजाई, घरों में तापमान गर्म रखने के लिये विभिन्न प्रकार के ब्लोअर ,हीटर आदि यहाँ तक कि अपनी गाड़ियों में भी गर्म हवा की सारी व्यवस्था कर पाने की आर्थिक सामर्थ्य रखते हैं। परन्तु ठीक इसके विपरीत मंहगाई के इस दौर में जबकि इंसान का दो वक़्त की रोटी का प्रबंध कर पाना भी मुश्किल हो रहा हो, ऐसे में कोई भी गरीब आदमी सर्दियों से बचने के लिये इस तरह की सुविधाओं की बात सोच भी नहीं सकता। परन्तु वह गरीब व्यक्ति या उसका परिवार भी शीत लहरी के प्रकोप से स्वयं को बचाने के उपाय जरूर ढूंढता है। अक्सर देखा गया है कि शीतलहरी का प्रकोप बढ़ने पर ठण्ड से अधिक प्रभावित होने वाली विभिन्न राज्य सरकारें ऐसे गरीबों व बेघर लोगों की सुविधा के लिये सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का भी प्रबंध करती हैं। परन्तु सही मायने में भारत जैसे विशाल देश में खास कर उत्तर भारत के शीत लहरी प्रभावित घनी आबादी वाले राज्यों में हर गरीब व बेघर तक न तो सरकार के 'अलाव' की आंच पहुँचती है न ही सरकार द्वारा अलाव जलाने हेतु आवंटित पूरी धनराशि लकड़ियां खरीदने पर खर्च की जाती होंगी। इसी ठण्ड से बचने के लिये जब गरीबों, भिखारियों व बेघर लोगों को कुछ नहीं सूझता तो वे जगह जगह झुण्ड के रूप में इकट्ठे होकर स्वयं आग जलाने की व्यवस्था करते हैं। परन्तु इनके द्वारा जलाई गयी आग में अधिकांशत : पॉलीथिन, प्लास्टिक, पाऊच, दूध की खाली थैलियां यहाँ तक कि रबड़, टायर ट्यूब और पानी व कोल्ड ड्रिंक की बोतलें जैसी जहरीला धुआं छोड़ने वाली वस्तुयें जलाई जाती हैं। इसके दुष्प्रभाव से अनजान इस वर्ग को इस बात का ज्ञान ही नहीं कि उनके द्वारा जलाई गयी सामग्री से उठने वाला जानलेवा धुआं न केवल उनके अपने लिये धीमा जहर का काम कर रहा है बल्कि यह आस पास के पूरे वातावरण को भी प्रदूषित कर रहा है और दूसरे तमाम राहगीरों या उस क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ के लिये भी समस्या खड़ी कर रहा है।

**अक्सर देखा गया है कि शीतलहरी का प्रकोप बढ़ने पर ठण्ड से अधिक प्रभावित होने वाली विभिन्न राज्य सरकारें ऐसे गरीबों व बेघर लोगों की सुविधा के लिये सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का भी प्रबंध करती हैं।**

## टेक वर्ल्ड — ये गैजेट होंगे सर्दियों में आपके लिए फायदेमंद

प्रौद्योगिकी के हमारे जीवन में एकीकृत होने के साथ, कुछ अच्छे गैजेट भी हैं जो बहुत आवश्यक आराम और गर्मी प्रदान करते हैं।
यहां 1500 रुपये से कम कीमत वाले 10 शानदार विंटर गैजेट हैं। सर्दियां आ गई हैं या यूं कहें कि, गर्माहट के लिए कंबलों और रजाइयों में घुसने का समय आ गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी के हमारे जीवन में एकीकृत होने के साथ, कुछ अच्छे गैजेट भी हैं जो बहुत आवश्यक आराम और गर्मी प्रदान करते हैं।




krien care electric food warmer
इलेक्ट्रिक फुट वार्मर सर्दियों में पैरों को गर्म रखने और दर्द से पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे सर्दियों में आराम मिलता है। साथ ही आपको गर्म भी रखने में सहायक है। वहीं इस पर 38 प्रतिशत छूट है जिस कारण इसकी कीतम महज 1890 रुपये में मिल रहा है।

Go home double bed heating electric blanket with controllers
अगर सर्दियों में जब आप बिस्तर में जाते हैं तो बेडशीट ज्यादातर ठंडी रहती है। लेकिन अब बाजार में इलेक्ट्रि कंबल आसानी से उपलब्ध है। जो आपके गर्म रखने में फायदेमंद है। इसकी कीमत फिलहाल, 1899 रुपये तक है। इस पर 53 प्रतिशत की छूट है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सर्दियों में मॉर्निंग वॉक के दौरान हॉर्ट पेशेंट न बरतें लापरवाही

अगर आप भी हृदय संबंधी बीमारी से परेशान रहते हैं। लेकिन आप सर्दियों में भी मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि हृदय पर ठंडी हवाओं का अधिक दबाव पड़ता है। वहीं ब्लड को पंप करने के लिए हार्ट को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठाना काफी मुश्किल होता है। लेकिन जो फिटनेस फ्रीक होते हैं, वह सर्दी हो या गर्मी हमेशा मॉर्निंग वॉक कर खुद को फिट रखते हैं। लेकिन सर्दियों में मॉर्निंग वॉक के दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वहीं जो लोग हृदय रोगी हैं, उनको मॉर्निंग वॉक पर जाते समय अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। क्योंकि सर्दियों में हृदय रोगियों की दिक्कतें अधिक बढ़ सकती हैं। बता दें कि हृदय पर ठंडी हवाओं का अधिक दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से ब्लड को पंप करने के लिए हृदय को ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। ऐसे में अगर आप भी हृदय संबंधी बीमारी से परेशान रहते हैं, लेकिन आप सर्दियों में भी मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मॉर्निंग वॉक के दौरान हृदय रोगियों को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**धूप निकलने के बाद करें वॉक :** हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को जल्दी सुबह वॉक पर जाना अवॉइड करना चाहिए। क्योंकि सुबह के समय चलने वाली ठंडी हवाएं आपकी समस्या को बढ़ा सकती हैं। इसलिए जब थोड़ी धूप निकल आए, तब वॉक करें। इससे आपको अधिक ठंड भी नहीं लगेगी।

**गर्म कपड़े पहनकर करें वॉक :** हार्ट पेशेंट होने पर आप गर्म कपड़े पहनकर मॉर्निंग वॉक पर जा सकते हैं। मॉर्निंग वॉक के दौरान अच्छे से गर्म कपड़े पहन लें। इससे आपको अधिक ठंड नहीं लगेगी और आप सर्द हवाओं से भी बचे रहेंगे। मॉर्निंग वॉक के दौरान सिर्फ टी-शर्ट या शर्ट में बाहर जाने से बचना चाहिए।

## इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- रोजाना नियमित तौर पर बीपी की चांज करवानी चाहिए। हाई बीपी की स्थिति होने पर सुबह वॉक पर जाने से बचना चाहिए।
- सर्दियों में हार्ट पेशेंट को इनडोर एक्टिविटीज करनी चाहिए। इससे उनके ब्लड सकुर्लेशन में सुधार होता है।
- ठंड अधिक होने पर सुबह वॉक पर जाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकता है।
- अधिक तला-भुना और मसालेदार खाना नहीं खाना चाहिए।
- धूम्रपान, शराब और कैफीन ज्यादा सेवन नहीं करें।

**हल्की एक्सरसाइज जरूर करें :** सर्दियों में खुद को फिट रखने के लिए अगर आप मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं, तो आप सुबह के समय हल्की एक्सरसाइज भी कर सकते है। इससे आपके शरीर में बल्ड सकुर्लेशन भी अच्छा बना रहता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से आपको गर्माहट के साथ फ्रेशनेस भी फील होगी। बता दें कि एक्सरसाइज हमारे हार्ट के लिए भी बेहतर होती हैं।

**हेल्दी डाइट लेना है जरूरी :** मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले थोड़ा-बहुत कुछ खाकर बाहर निकलें। सुबह मॉर्निंग वॉक पर खाली पेट जाने से बचना चाहिए। आप चाहें तो बाहर वॉक पर जाने से पहले ड्राई फ्रूट्स भी खा सकते हैं। ड्राई फ्रूट्स के साथ पानी का भी सेवन कर सकते हैं। इससे आपकी हृदय का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# सर्दियों में फायदेमंद है गुड़ की चाय

अक्सर हम चाय में रिफाइंड शुगर का इस्तेमाल करते हैं, परंतु आपको यह मालूम होना चाहिए कि रिफाइंड शुगर सेहत के लिए कितनी हानिकारक हो सकती है। इसलिए सर्दी में चाय में पोषक तत्वों से भरपूर गुड़ को शामिल करने की सलाह दी जाती है। इससे आपके शरीर को कई फायदे मिल सकते हैं। विंटर सीजन और चाय का कॉम्बिनेशन सदियों से सबका पसंदीदा बना हुआ है। सर्दी के मौसम में यदि किसी से पूछा जाए कि आप क्या पियेंगे, तो सबसे पहले जवाब आता है चाय। हालांकि, हम सभी को सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों तथा संक्रमण से लड़ने के लिए अपने शरीर को तैयार रखने की आवश्यकता होती है। जिसमें विंटर सुपरफूड्स हमारी मदद कर सकते हैं। विंटर सुपरफूड्स में एक है 'गुड़'। इसी गुड़ को चाय में मिलाकर आप अपनी नियमित चाय को और भी ज्यादा हेल्दी बना सकते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर गुड़ का सेवन, सर्दियों में खासतौर से फायदेमंद होता है। सालों से मेरे घर में गुड़ की चाय बनती आ रही है, खासकर सर्दी के मौसम में मेरी मां गुड़ की चाय बनाया करती हैं। तो क्यों न इसे आप भी आजमा कर देखें। इस सर्दी अपनी पसंदीदा चाय में गुड़ के साथ जोड़ें सेहत का तड़का। गुड़ की चाय के फायदे साथ ही जानेंगे इन्हें बनाने का सही तरीका।



## गुड़ की चाय के फायदे

**शरीर को गर्म रखती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है :** गुड़ कई महत्वपूर्ण मिनरल्स और विटामिन जैसे आयरन, जिंक, मैग्नीशियम, पोटेशियम, फास्फोरस आदि से भरपूर होता है। ये सभी पोषक तत्व शरीर को गर्म रखने के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। मजबूत इम्युनिटी शरीर को संक्रमण से बचाता है और बीमारियों के खतरे को भी कम कर देता है। इनका सेवन ठंड में आपके शरीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है।

**सर्दी और फ्लू से प्रोटेक्ट करें :** पब मेड सेंट्रल के अनुसार गुड़ शरीर में गर्मी पैदा करता है, इसके साथ ही बॉडी इम्युनिटी को भी बढ़ावा देता है। मजबूत इम्युनिटी सर्दी-खांसी का कारण बनने वाले कीटाणुओं के प्रभाव को कम कर देता है। यह आम सर्दी और फ्लू से लड़ने में मदद करता है।

**ब्लड को प्यूरीफाई कर लिवर टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है :** नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार, गुड़ एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। एंटीऑक्सीडेंट ब्लड को प्यूरीफाई कर लीवर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। वहीं इसके नियमित सेवन से हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है। जब शरीर से बॉडी टॉक्सिंस पूरी तरह से बाहर निकल आते हैं, तो शरीर को स्वस्थ रहने में मदद मिलती है।

**वेट लॉस प्रमोट करें :** गुड़ में मौजूद पोषक तत्व इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित करने में मदद करते हैं। यह मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। चाय में मिठास घोलने के लिए रिफाइंड शुगर की जगह गुड़ का सेवन, कई रूपों में अधिक प्रभावी साबित हो सकता है और यह सेहत को भी बढ़ावा देता है।

**ऊर्जा शक्ति बनी रहती है :** चीनी के विपरीत, गुड़ एक जटिल कार्बोहाइड्रेट है। इसका मतलब है कि यह धीरे-धीरे टूटता है और तुरंत रक्तप्रवाह में अवशोषित नहीं होता है। ऐसे में यह शरीर में धीरे-धीरे ऊर्जा जारी करता है और शरीर को लंबे समय तक एनर्जेटिक रहने में मदद करता है।

## क्या अकसर फट जाती है गुड़ वाली चाय?

गुड़ की चाय बनाते समय कभी-कभी दूध फट जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि गुड़ को प्रोसेस करने के लिए कई बार केमिकल्स का उपयोग किया जाता है। इसीलिए जब आप गुड़ को दूध के साथ उबालते हैं, तो गुड़ में मौजूद केमिकल्स दूध के साथ रिएक्ट करते हैं और चाय फट जाती है। इसे रोकने के लिए ऑर्गेनिक यानी की जैविक या अच्छी गुणवत्ता वाले गुड़ का उपयोग करें। या फिर आप गुड़ के साथ पिसे हुए मसाले और चायपत्ती भी मिला सकते हैं। इसे कुछ मिनट तक उबालें और फिर दूध डालें। इस तरह दूध फटेगा नहीं।



# सर्दियों का मौसम में इन बीमारियों को कर सकता है ट्रिगर...

तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी सर्दियों के मौसम में कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको सर्दियों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इन स्वास्थ्य समस्याओं से किस तरह अपना बचाव करें। इस दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में सर्दी बढ़ रही है। कई राज्यों में पिछले दिनों अचानक से मौसम में बदलाव आया है, जिसकी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वैसे तो सर्दियों का मौसम कई मामलों में काफी अच्छा होता है। लेकिन इस मौसम में सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। तापमान में गिरावट खराब होने की वजह से बैक्टीरिया और वायरस का प्रकोप बढ़ने लगता है। जिसके चलते श्वसन संक्रमण सहित कई बीमारियों का खतरा बना रहता है। तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी सर्दियों में कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सर्दियों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इन स्वास्थ्य समस्याओं से किस तरह अपना बचाव करें।

**सर्दी-जुकाम और फ्लू का जोखिम :** सर्दी के मौसम में जुकाम, खांसी, फ्लू और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां लोगों को घेर लेती हैं। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। साथ ही इस मौसम में व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो सकती है। जिससे बीमारी होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। वहीं जिन लोगों को पहले से ब्रोंकाइटिस या फिर अस्थमा जैसी समस्या रही हैं। उनके लिए सर्दियों का मौसम इन बीमारियों के लिए ट्रिगर वाला हो सकता है।

**निमोनिया का खतरा :** सर्दी-जुकाम के अलावा यह मौसम निमोनिया के जोखिमों को बढ़ाने वाला भी हो सकता है। बता दें कि ठंड के महीनों के दौरान सबसे अधिक निमोनिया के मामले देखे जाते हैं। निमोनिया होने का सबसे ज्यादा खतरा 5 साल से कम उम्र के बच्चों, कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग और बुजुर्गों को होता है।

**माइग्रेन की समस्या :** बता दें कि माइग्रेन होने पर व्यक्ति गंभीर सिरदर्द की समस्या से परेशान रहता है। इसको साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर भी कहा जाता है। जिन लोगों में माइग्रेन की समस्या होती है, उन्हें सर्दी में अपना खास ख्याल रखना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, सर्दी का मौसम माइग्रेन की समस्या को ट्रिगर कर सकती है। ठंड के चलते पीड़ित का रक्त प्रवाह बाधित हो सकता है, जिससे सिरदर्द बढ़ने का खतरा अधिक हो सकता है।

**बढ़ सकता है ब्लड प्रेशर :** हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सर्दियों का मौसम उन लोगों के लिए भी ट्रिगर बन सकता है, जिनको ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। तापमान गिरने और ठंड बढ़ने की वजह से रक्त वाहिकाएं अस्थायी रूप से संकीर्ण हो जाती हैं। जिससे रक्तचाप बढ़ने के साथ संकुचित नसों और धमनियों के जरिए ब्लड को प्रवाहित होने में समस्या होती है। वहीं ब्लड प्रेशर बढ़ने की समस्या हृदय संबंधी रोगों के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है।

# ठंडी के दिन और नहाने की झिकझिक



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

ठंड शिविर चल रहा है। बिन नहाए गिनिज बुक में कीर्तिमान स्थापित करने वाले स्नानाचार्य लोटासागर जी स्नान न करने के फायदे पर प्रवचन दे रहे हैं। अपने मुंह का ताला खोलते हुए बोले - ठंडी के दिन और ठंडी की बातें गर्मी नहीं दे सकते। इसके लिए कुछ गरमागरम बोलना पड़ता है। तू-तड़ाक करने से गर्मी पैदा होती है। हो सको तो किसी से दो-चार बातें सुन लो या फिर गाल पर तमाचे वाली लाली ही सजा लो। वैसे भी कबीरदास कह गए हैं कि 'नहाये धोये क्या हुआ, जो मन का मैल न जाए ; मीन सदा जल में रहे, धोये बास न जाए'। अर्थात स्नान निरर्थक है, असल बात मन का मैल है। मन का मैल धोने के लिए किसी से बात करनी पड़ती है। यही नहीं, कुछ ने तो यहां तक कहा है कि 'बच्चू बाबू एम.ए. करके सात साल झख मारे, इससे अच्छा होता, रजाई ओढ़ सो जाते।' इसे संवाद-स्नान कहते हैं, प्रवचन-स्नान कहते हैं। घर में अगर लड़ने झगड़ने वाली गृहणी हो तो सदा चलने वाला कुम्भ स्नान है।

ठंडी के दिनों में लोग नहाने को पाप समझते हैं। पानी से छत्तीस का आंकड़ा होता हैं। न नहाना भी एक बहादुरी का काम है। उन लोगों के लिए भी है जिन्हें अपने लिए नहीं दूसरों के लिए नहाना पड़ जाता है। हालांकि देश में स्वच्छता अभियान चल रहा है और एक अच्छे नागरिक का फर्ज है कि वह इस अभियान में योगदान दे इसलिए ये उनके लिए भी है जिन्हें देश के लिए जबरन नहाना पड़ता है। कुछ अर्थव्यवस्था के जानकर हैं, वे साबुन-तेल उद्योग को बल देने ले लिए नहाते हैं। ज्यादातर ऐसे हैं जिन्हें पूजा करना पड़ती है, वे भगवान के लिए नहाते हैं, सोचते हैं नहाये धोये अगरबत्ती लगायेंगे तो बदले में प्रभु पिछले पाप धो देंगे।

यहां नहाने का किसी न किसी मतलब से जुड़ाव होता है। सब किसी न किसी मजबूरी में नहाते हैं, कोई अपने शरीर के लिए नहीं नहाता है। क्यों नहाएं भई !? अपन हैं कौन? जानते हो, ठण्ड में शरीर की वजह से आत्मा को कष्ट देना सुपर से ऊपर का पाप है। ये भगवान की ही व्यवस्था है कि कोई कितना ही गन्दा क्यों न हो उसे खुद अपनी बास नहीं आती है। तो बास अपनी नहीं दूसरों की समस्या है, बोले तो अपन को क्या! लाल, पीली, हरी किताबों में लिखा है नहाना एक ऐच्छिक कार्य है। आदमी नहाना चाहता है, बस इतना ही काफी है। ज्यादातर लोग पानी से नहाने को नहाना मानते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। विद्वानों ने नहाने के कई तरीके बताये हैं। ध्यान-स्नान के आलावा सर्दी के मौसम में सूर्य स्नान और वायु स्नान भी लोकप्रिय है। कुछ समझदार गुप्त स्नान को प्राथमिकता देते हैं। गुप्त स्नान वो स्नान होता है जिसमें वीर पुरुष टॉवेल ले कर बाथरूम में जाता है और कुछ देर अनुलोम विलोम करते हुए बालों पर टॉवेल मारता निकल आता है। अपराधबोध जैसा कुछ लगे तो ऑटो सजेशन पद्दति है, मन को समझाइये कि 'मन शुद्ध है तो सब शुद्ध है'। झूठ बोलने या झूठ करने के बाद मुंह बंद रखना चाहिए सो कोई कितना भी कुरेदे चुप रहिये। लेकिन इतनी हिम्मत हर किसी में नहीं होती है सो उपाय दूसरे भी हैं। अगर स्नान करना ही पड़ जाये तो जलसंकट को सर्वोपरि मानिये और जल-स्नान को भी प्राथमिकता दीजिये। संतों ने तीन-मगिया स्नान को इसके लिए सर्वश्रेष्ठ माना है। पहले मग से सर और उपरी बदन भीगा लीजिये, दूसरे मग से मजे में पैर और आदिम स्थान गीले कर लीजिये और तीसरे में खड़े हो कर सर से पांव तक पानी चुपड़ते, हर हर गंगे का घोष करते हुए बाकायदा स्नान संपन्न कर लीजिये। पत्नियां अक्सर ऐसे मौके पर 'कउवा-स्नान' का ताना देने से नहीं चूकती हैं। देने दीजिये। पत्नियों की तो आदत होती है बकबक करने की। अगर दो बाल्टी पानी से नहा कर आओगे तो भी पानी की बरबादी के नाम पर भाषण पेलेंगी। अभी कुछ दिन हुए, ठण्ड के कारण ड्राय-स्नान कर लिया टेलकम पावडर से तो महंगाई से लगा कर वित्तमंत्री तक तेग चला दी वाग्देवी ने! बड़ी मुश्किल से समझाया कि भागवान हमें जितना चाहो गरिया लो आपकी प्रायवेट प्रोपर्टी हैं पर सरकार को डिस्टर्ब मत करो प्लीज। एक तो इसलिए कि वो लगके चहुंओर विकास पे विकास करवा रही है दनादन, दूसरे क्या पता मीठा मीठा बोलके तुम भी किसी दिन एक ठो पदमसिरी उठा लाओ ठप्पे से। समय कोई कह कर थोड़ी आता है, कब किसे अवसर-स्नान का मौका मिल जाये और कब कौन आम से अदानी-अंबानी या फिर टाटा-बिरला हो जाए।

## सूडोकु नवताल- 6906

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6905 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**07 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.15 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 09.20 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.07 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.39 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.10 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.50 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.48 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.02 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.18 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कन्या | 00.30 बजे से |
| | | तुला | 02.40 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.55 ब.से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 341 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 05.07 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 06.29 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 00.00 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 16.10 बजे तदनन्तर विष्टि 05.07 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 33' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871820 **जूलियन दिन** 2460285.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 22 **विशेष** सशस्त्र सेना झंडा दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7968

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला, मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**

1. नाज, नखरा, चौंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात -3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

### शब्द पहेली -7967 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | कु | ली | न | ■ | ■ | ह | ■ | श |
| शा | ■ | प | ■ | क | म | ल | ■ | र |
| दी | न | ई | मा | न | ■ | क | स | म |
| ■ | ■ | य | ■ | क | ल | ■ | हा | ■ |
| क | ल | र | व | ■ | त | क | रा | र |
| ■ | की | ■ | ध | न | ■ | मा | ■ | ■ |
| भ | र | म | ■ | क | हा | नी | का | र |
| ला | ■ | का | ज | ल | ■ | दा | ■ | ण |
| ई | ■ | न | ■ | ■ | का | र | ण | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मित्तव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**वृष राशि :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**मिथुन राशि :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क राशि :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह राशि :** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कन्या राशि :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे।

**तुला राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृश्चिक राशि :** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**धनु राशि :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मकर राशि :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

**कुंभ राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**मीन राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### संवेदनशील मामलों में बेंचों के बदलाव पर सीजेआई को पत्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित संवेदनशील मामलों की सूची पर नाराजगी व्यक्त की है। दवे ने पत्र में कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत की विभिन्न पीठों के समक्ष ऐसे कई मामले देखे हैं जो पहली बार सूचीबद्ध होने पर और या जिनमें नोटिस जारी किया गया था, उन्हें उन पीठों से हटाकर अन्य पीठों के समक्ष सूचीबद्ध किया जा रहा है।

### यासीन मलिक के मौत की सजा की याचिका पर सुनवाई फरवरी में

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के प्रमुख यासीन मलिक को मौत की सजा देने की मांग वाली एनआईए की याचिका पर सुनवाई 14 फरवरी 2024 तक के लिए टाल दी। यासीन आतंकी फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने तिहाड़ जेल के जेल अधीक्षक को सुनवाई की अगली तारीख पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मलिक को जेल से पेश करने का भी निर्देश दिया।

### सूखाग्रस्त कर्नाटक की आर्थिक मदद करे केन्द्र : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कर्नाटक में किसान सूखे से परेशान हैं। ऐसे में किसानों को वहां आर्थिक सहयोग की जरूरत है। खड़गे ने आज सदन में आसन के माध्यम से केन्द्र से कर्नाटक को आर्थिक मदद देने का अनुरोध किया।

## गोमूत्र राज्य वाले टिप्पणी को लेकर लोकसभा में हंगामा

# डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने मांगी माफी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन भी गोमूत्र राज्य वाले टिप्पणी पर जोरदार हंगामा हुआ जिसे देखते हुए सदन की कार्रवाई 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में अपने विवादित बयान के लिए माफी मांग ली। हंगामे के बाद डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने हिंदी बेल्ट को लेकर दी गई विवादित टिप्पणी के लिए सदन में माफी मांगी। सांसद सेंथिल ने कहा, कि अनजाने में मेरे द्वारा दिए गए बयान से अगर कुछ वर्गों की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं इसे वापस लेना चाहूंगा। इन शब्दों को हटाने का मैं अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि उन्हें इसका अफसोस है। दरअसल सदन में प्रश्नकाल के दौरान डीएमके नेता टीआर बालू पूरक प्रश्न पूछने के लिए खड़े हुए थे, तभी केंद्रीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने डीएमके सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार के हिंदी बेल्ट वाले राज्यों को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इस पर सांसद सेंथिल ने अपने विवादित बयान पर सदन से माफी मांग ली। इसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन के लिए विधेयक पर विचार करने का प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा। सेंथिल कुमार के बयान पर गिरीराज सिंह ने भी सख्त आपत्ति जताई थी।



### विस चुनाव जीते भाजपा के 10 सांसदों ने दिया इस्तीफा


हाल के चुनावों में विधानसभाओं के लिए निर्वाचित भाजपा के 12 सांसदों में से 10 ने बुधवार को संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। दो और सांसद भी जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफा देने वाले सांसदों में 9 लोकसभा से और एक राज्यसभा से हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटेल शामिल हैं। मध्य प्रदेश से जीतने वाले नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और गोमती साई ने जीत हासिल की है। राजस्थान से राज्यवर्धन राठौर, महंत बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा ने जीत दर्ज की है। किरोड़ी लाल मीणा राज्यसभा से सांसद हैं। केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और सांसद महंत बालक नाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया। वह जल्द ही इस्तीफा देंगे। भाजपा ने इस बार के विस चुनावों में कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 को जीत हासिल हुई और बाकी 9 सांसद चुनाव हार गए।

### केंद्र ने 1.29 लाख करोड़ के अतिरिक्त व्यय की मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के दौरान किसानों को अधिक सब्सिडी देने और ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के बढ़े खर्च की पूर्ति के लिए 1.29 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट के लिए लोकसभा से मंजूरी मांगी।

## 370 के कारण जम्मू-कश्मीर में 45 हजार लोगों की जान गई

### लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयक पारित



**लोकसभा** ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित कर दिया। मंगलवार को विधेयक पर चर्चा आरंभ हुई थी जो आज भी जारी रही। चर्चा का उत्तर देते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विधेयक सालों से अधिकारों से वंचित विस्थापितों और सम्मान के लिए लड़ रहे वर्ग को अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण देने के लिए लाया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधायकों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के चलते जम्मू-कश्मीर में 45 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस अनुच्छेद को नरेन्द्र मोदी सरकार ने 2019 में उखाड़ फेंका है। गृहमंत्री ने कहा कि वर्तमान विधेयकों का उद्देश्य सकारात्मक है और वह सभी से सर्वसम्मति से इसे पारित करने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के दौर में राज्य से 46 हजार 631 परिवार विस्थापित हुए थे। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए युद्धों के दौरान 41 हजार 844 परिवार विस्थापित हुए थे। विधेयक का उद्देश्य इन लोगों को सम्मान के साथ उनका अधिकार देना है। गृहमंत्री ने इस दौरान 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आए बदलावों का विस्तृत ब्योरा दिया।

### पीओके का ममाला यूएन में ले जाना नेहरू की गलती

गृहमंत्री ने अपने भाषण में पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के दो निर्णयों को उनकी ऐतिहासिक गलती बताई और इनके लिए उन्होंने अंग्रेजी के बलंडर शब्द का प्रयोग किया। इस शब्द पर विपक्ष ने अपनी आपत्ति जताई और कुछ सदस्यों ने सदन से वर्कआउट किया। गृहमंत्री ने कहा कि स्वयं प्रधानमंत्री नेहरू ने इन्हें अपनी गलती कहते हुए स्वीकार किया है। गृहमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से 1947 की लड़ाई के दौरान संघर्ष विराम की घोषणा समय से पहले थी। ऐसा नहीं किया गया होता तो पाक अधिकृत कश्मीर इस समय भारत में होता। साथ ही नेहरू जी को इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र नहीं लेकर जाना चाहिए था। अगर जाना चाहिए था भी तो चार्टर 35 की जगह 51 के तहत जाना चाहिए था। जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 जम्मू और कश्मीर आरक्षण अधिनियम, 2004 में संशोधन करता है।

# दक्षिण भारत में मिचौंग का कहर, अब तक 12 की मौत, कई राज्य अलर्ट पर

**एजेंसी। चेन्नई**

चक्रवात मिचौंग दक्षिण भारत में बीते कई दिनों से कहर बरपा रहा है। इस चक्रवात के कहर के कारण दक्षिण भारत में अब तक कम से कम 12 लोगों की मौत हो चुकी है। तमिलनाडु और ओडिशा में भयंकर तबाही मचाने के बाद मिचौंग चक्रवात ने 90 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ आंध्र प्रदेश में दस्तक दी।

बता दें कि चेन्नई में मिचौंग का सबसे ज्यादा असर दिखाई दिया है। चेन्नई शहर विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की जान चली गई है। बचावकर्मी बाढ़ वाले इलाकों में फंसे निवासियों को बचाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। तूफान ने संपत्ति और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचाया है, हजारों एकड़ में फैली फसलें फसलें भी बर्बाद हो गई हैं और सैकड़ों घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। तूफान के कारण प. बंगाल में भारी बाशि हुई है जबकि बिहार झारखंड में भी बारिश हो रही है।

**हाई अलर्ट पर हैं कई राज्य :** मिचौंग चक्रवात के चलते आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा में अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और नुकसान का आकलन करने और प्रभावित समुदायों को राहत प्रदान करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

**140 ट्रेनें और 40 उड़ानें हुई रद्द :** प्रभावित अनकापल्ली जिले में 52 पुनर्वास केंद्र स्थापित किए गए हैं और 60,000 से अधिक लोगों को रहने की व्यवस्था की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार देर रात तक तूफान की गति घटकर 65-75 किलोमीटर प्रति घंटे थी। आंध्र प्रदेश में चक्रवात मिचौंग के चलते मंगलवार को 140 ट्रेनें और 40 उड़ानें रद्द कर दी गई।

## अनुराग ठाकुर का विपक्ष के तानों पर निशाना, कहा-

# सनातन धर्म, हिन्दुओं व हिन्दी से विपक्ष को नफरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर ने आईएनडीए गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इनके नेताओं का सनातन धर्म, हिन्दुओं और हिन्दी भाषी लोगों के खिलाफ बयान सुनियोजित साजिश है। उन्होंने बुधवार को संवाददाताओं से चर्चा में ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ सरकार चला रहे हैं और विपक्ष हिन्दू और सनातन धर्म से नफरत करते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है।



ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हार के बाद दुर्व्यवहार पर उतर आई है। ईवीएम की आलोचना कर रही है। देश की संस्कृति और पहचान को मिटाने की साजिश रच रही है। कुछ लोग 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग के साथ खड़े हैं, लेकिन भाजपा देश को बंटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके घमंडिया गठबंधन की सोच हिंदुत्व और सनातन धर्म का अपमान करने की है। दिग्विजय सिंह समेत विपक्षी नेताओं के ईवीएम पर सवाल उठाने पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस को संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। हार स्वीकार करने के बाद वे कभी पराजय के कारण पर विचार नहीं करते। कांग्रेस नेता ईवीएम को दोष देते रहते हैं और सनातन धर्म और हिंदुओं की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को बांटने का बीज बोने का काम कांग्रेस और उनके सहयोगी दल कर रहे हैं। यह अहंकार नहीं तो और क्या है। यह विभाजन की साजिश और क्षेत्रवाद की राजनीति है। कांग्रेस की सोच दशार्ती है कि बांटों और राज करो। उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या उनका समर्थन अपने सहयोगी दलों पर नहीं है , जो हिन्दू के खिलाफ ऐसी सोच रखते हैं। क्या मजबूरी है कि घमंडिया गठबंधन भारत के टुकड़े टुकड़े देखना चाहती है। ऐसी क्या मजबूरी है कि देश को बांटना जरूरी है। ईवीएम पर ठीकरा फोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन सारे सवालों के जवाब कांग्रेस नेताओं को देना चाहिए।

# बुशरा के थे इमरान खान के साथ 'अवैध संबंध'

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

बुशरा बीबी के साथ पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की शादी को उनके पूर्व पति खावर फरीद मनेका ने पाकिस्तानी अदालतों में चुनौती दी है। खावर फरीद मनेका के नौकर ने आरोप लगाया है कि बुशरा बीबी के इमरान खान के साथ अवैध संबंध थे और दोनों किसी बहाने मनेका के आवास पर बंद कमरे में मिलते थे। खावर फरीद मनेका के नौकर ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराते हुए कहा, "वह उस समय कई बार चश्मदीद गवाह था,



जब खान और बुशरा बीबी मेनका के आवास पर यौन संबंध बना रहे थे।' खावर फरीद मनेका के एक पुराने कर्मचारी मुहम्मद लतीफ सिविल जज के सामने पेश हुए। जहां उन्होंने दावा किया कि पीटीआई के पूर्व अध्यक्ष बुशरा बीबी के घर आते थे और दोनों एक साथ एक कमरे में जाते थे।

# गंगोत्री हाइवे पर बनी ओपन टनल के पीछे हो रहा लगातार भूस्खलन

**एजेंसी। उत्तरकाशी**

गंगोत्री हाइवे पर बने ओपन टनल के पीछे लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। हालांकि, एनएचआईडीसीएल टनल के नीचे भूस्खलन प्रभावित हिस्से की मरम्मत कर रहा है? लेकिन, टनल के पीछे भूस्खलन प्रभावित हिस्से को बिना उपचार के ही छोड़ दिया गया है। एनएचआईडीसीएल के अधिशासी निदेशक कर्नल संदीप सुदेहरा ने



कहा कि ओपन टनल को भूस्खलन की रोकथाम के लिए डिजाइन किया गया है। टनल के पीछे भूस्खलन हो रहा है तो इससे टनल को कोई दिक्कत नहीं है। फिर भी इसे दिखवा लिया जाएगा। बता दें कि साल 2010 में गंगोत्री हाईवे पर चुंगी बड़ेथी क्षेत्र में भूस्खलन जोन सक्रिय था। जिसके बाद 28 करोड़ की लागत से एनएचआईडीसीएल ने इसका उपचार किया था। जिसका कोई फायदा नहीं हुआ था। उसके बाद दोबारा 28.3 करोड़ की लागत से सड़क सुरक्षा गैलरी के तौर पर ओपन टनल बनाई गई। लेकिन, साल 2021 में जब ये ओपन टनल पूरी तरह तैयार हो गई तो अगस्त में इसमें भूस्खलन हुआ।

FILMY हलचल

## 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के सीक्वल को लेकर कैटरीना ने जोया से की बात



**फरहान अख्तर** की फिल्म दिल चाहता है से तीन दोस्तों की कहानी और रोड ट्रिप हिंदी फिल्मों में आने लगी और ट्रेंड बन गई। इसके बाद ऐसी कई फिल्में आईं लेकिन दिल चाहता है को टक्कर देने वाली फिल्म जिंदगी ना मिलेगी दोबारा की चर्चा आज भी हो रही है। 12 साल बाद भी फैंस को यह फिल्म याद है। हाल ही में इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने इसके सीक्वल को लेकर कमेंट किया है। कैटरीना ने कहा, 'हम सभी जोया से इस फिल्म के सीक्वल का निर्देशन करने के लिए कह रहे हैं। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसके बारे में बात की जा रही है, बल्कि मुझे लगता है कि यह वास्तव में उस फिल्म का एक बेहतरीन सीक्वल बन सकता है। कैटरीना से पहले जोया ने भी इस फिल्म के सीक्वल को लेकर कमेंट किया था। जोया ने कहा, 'यह फिल्म हमारे लिए बहुत करीब और महत्वपूर्ण है। इसलिए अगर मुझे वास्तव में दूसरे एपिसोड के लिए पर्याप्त अच्छा प्लॉट मिल जाए, तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगी। हम सिर्फ पैसा कमाने के लिए दूसरा भाग नहीं बनाना चाहते।

## फिल्म 'फाइटर' में अनिल कपूर का फर्स्ट लुक जारी




**साल** 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फाइटर' को लेकर फैन्स का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। दर्शकों की जिज्ञासा बढ़ाते हुए निमार्ताओं ने अब फिल्म में अनिल कपूर के लुक से भी पर्दा उठा दिया है। अनिल फिल्म में एक्टर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह के रूप में दिखाई देंगे, जो अपने कॉल साइन 'रॉकी' के नाम से मशहूर हैं। फिल्म 'फाइटर' में कमांडिंग ऑफिसर के रूप में अनिल कपूर का किरदार गहराई और गंभीरता का एक मास्टरक्लास है, जो एक ईमानदारी, ताकत, समर्पण और कमिटमेंट को दशार्ता है। "रॉकी" में उनका किरदार एक 'फाइटर' की भावना को पूरी तरह से दशार्ता है और दर्शकों को एक मनोरंजक सिनेमाई अनुभव का वादा करता है।

## बेटी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में शामिल हुआ शाहरुख खान का पूरा परिवार

**बॉलीवुड** के बादशाह शाहरुख खान की बेटी सुहाना जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। वह नेटफ्लिक्स की 'द आर्चीज' से मनोरंजन जगत में कदम रखेंगी। फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में फिल्म के कलाकार अपने पूरे परिवार के साथ शामिल हुए। शाहरुख खान भी अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद थे। शाहरुख खान के साथ सुहाना, गौरी, आर्यन और अबराम भी मौजूद थे। इस दौरान के कई वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस सेरेमनी में अबराम खान ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। फिलहाल सोशल मीडिया पर अबराम खान की ही चर्चा हो रही है। जोया अख्तर की 'द आर्चीज' 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। मंगलवार रात




फिल्म के कलाकारों के लिए एक विशेष प्रीमियर रखा गया। इसमें कैटरीना कैफ, जूही चावला और अमिताभ बच्चन समेत कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं, लेकिन इवेंट में शाहरुख खान और उनके परिवार ने सबका ध्यान खींचा। पूरा खान परिवार अपनी बेटी की पहली फिल्म के लिए उत्साहित था।

## साइबर खतरा | 20 प्रतिशत ने ऑनलाइन फ्रॉड में पैसे खोने की बात स्वीकारी

# 72% भारतीय ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार हुए

**47 प्रतिशत ने कहा कि परिवार के किसी सदस्य या दोस्त के साथ धोखाधड़ी हुई**

**22 फीसदी का मानना है कि बैंकों को उनके घाटे की भरपाई करनी चाहिए**

**26 प्रतिशत चाहते हैं कि सरकार घोटाले के नुकसान को वहन करे**

**एजेंसी। मुंबई**

यूगोव ने नवंबर में एक ई-सर्वेक्षण किया। जिसमें दावा किया गया है कि हाल के दिनों में 72 प्रतिशत भारतीय विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन घोटालों/धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। सर्वेक्षण में शामिल



लोगों में से 20 प्रतिशत ने ऑनलाइन धोखाधड़ी में पैसे खोने की बात स्वीकार की, जबकि 47 प्रतिशत ने कहा कि परिवार के किसी सदस्य या दोस्त के साथ धोखाधड़ी की गई। लगभग 28 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने तर्क दिया कि वे ऐसे ऑनलाइन ठगों से बच गए हैं, जबकि 10 प्रतिशत ने 'पता नहीं' मोड में जवाब दिया। घोटाले फर्जी नौकरी रैकेट, ऑनलाइन शॉपिंग, निवेश घोटाले, बैंक/कार्ड फि शिंग, लॉटरी या नकली पुरस्कार प्रस्ताव, सरकारी या सोशल मीडिया धोखा, धोखाधड़ी वाले ऋण, डेटिंग/रोमांस लालच और नकली दान आदि प्रकार के थे। सर्वेक्षण में ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सूची में टॉप (27 प्रतिशत) पर हैं। इसके बाद लिस्ट में फर्जी नौकरी की पेशकश (26 प्रतिशत), बैंक/कार्ड फि शिंग (21 प्रतिशत), निवेश घोटाले (18 प्रतिशत), आकर्षक लॉटरी धोखाधड़ी (18 प्रतिशत), सोशल मीडिया धोखाधड़ी और ऋण प्रस्ताव (प्रत्येक 17 प्रतिशत), नकली दान और सरकारी फि शिंग (प्रत्येक 12 प्रतिशत) और डेटिंग ऐप धोखाधड़ी (11 प्रतिशत) है। टॉप तीन प्रकार की धोखाधड़ी में से, मिलेनियल्स ऑनलाइन शॉपिंग घोटालों से सबसे अधिक प्रभावित (33 प्रतिशत) हुए हैं, जबकि जेनजेड फर्जी नौकरी/रोजगार प्रस्तावों से (31 प्रतिशत) प्रभावित हुआ है। हालांकि, बड़ी संख्या में भोले-भाले भारतीयों को एक या एक से अधिक घोटालों में धोखा दिया गया है, केवल 30 प्रतिशत ने संबंधित अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट करने की जहमत उठाई और 48 प्रतिशत ने दावा किया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के 1,022 लोगों को कवर करने वाले त्वरित सर्वेक्षण में उन्हें अपना पैसा वापस मिल गया। हालांकि, शेष लोगों ने ऐसे घोटालों में खोने की शिकायत नहीं की, जबकि 46 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें अपना खोया हुआ पैसा वापस नहीं मिला। दोष तय करने के पहलू पर, 26 प्रतिशत चाहते हैं कि सरकार घोटाले के नुकसान को वहन करे। जबकि 23 प्रतिशत ने कहा कि उपभोक्ता जिम्मेदार हैं, 22 फीसदी का मानना है कि बैंकों को उनके घाटे की भरपाई करनी चाहिए और 4 फीसदी चाहते हैं कि टेलीकॉम कंपनियों को जवाबदेह बनाया जाए।

## इनसे मिलिए : डॉक्टर राजेश पटेल

# शुरू में टालने पर बाद में महंगा हो जाता है इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची के मेट्रो गली स्थित वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ राजेश पटेल का कहना है कि जानकारी के अभाव में बहुत से मरीज तब उनके पास आते हैं जब घरेलू इलाज और आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक इलाज से दांतों की समस्या का समाधान नहीं होता और केस इतना बिगड़ चुका होता है कि उन्हें इलाज में ज्यादा परेशानी होती है। पायरिया बहुत लोगों को परेशान करता है जिसमें दांत मसूढ़े में पत्थर हो जाता है मसूढ़े से खून आने लगता है,मुंह से बदबू भी आती है और इस संक्रमित मवाद से पेट की सामान्य पाचन प्रक्रिया प्रभावित होती है । दांत कमजोर हो जाते हैं कई बार दाँत निकालने की नौबत आ जाती है जिसकी स्केलिंग और रूट प्लानिंग करनी पड़ती है । लोगों को लगता है कि दांतों का इलाज बहुत महंगा है इसलिए शुरू में लोग इसे टालते हैं पर बाद में इलाज मजबूरी बन जाती है और खर्च भी ज्यादा होता है। बच्चों को भी चॉकलेट और फास्ट फूड जैसी चीजों से बचाना चाहिए जिसके अवशेष दांतों में सड़न पैदा करते हैं । सभी को चाहिए कि सुबह और रात सोने से पहले दो बार ऊपर नीचे हल्के हल्के से ब्रश करें। विदेशों की तरह साल में दो बार तो नहीं पर एक बार दांतों की जांच करानी चाहिए। आधुनिक सुविधाओं वाले इलाज से अब दुर्घटना में नष्ट हुए दांतों को सुंदर बनाया जा सकता है।

# इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची ने ट्रांसजेंडर्स को कराया भोजन

**नवीन मेल रांची**

इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची के सदस्य लैंगिक समानता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अध्यक्ष माला श्रीवास्तव के निवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित करके ट्रांसजेंडर्स को सम्मानित किया। इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची ने जरूतमंदों के बीच 11 ऊनी शॉल, वोलेन सॉक्स के 11 जोड़े, स्वेटशर्ट, सौंदर्य प्रसाधन और फ्री में ब्लड प्रेशर चेक-अप भी किया गया। इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा रांची उन लोगों के जीवन में खुशी का क्षण लाने में सफल रहे, जो ज्यादातर उपहास के पात्र होते हैं। इस अवसर पर प्रेसिडेंट माला श्रीवास्तव, सचिन सोमा भादुड़ी, सीजीआर नीता नारायण, पीपी दीपा चौहान, आईएसओ अर्चना त्रिवेदी, संगीता सिन्हा, अंबुजा शरण, निशी श्रीवास्तव, ज्योति तिवारी, रीता मौजूद थे।

# चेक बाउंस केस : अमीषा पटेल ने एक हजार का जुर्माना भरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अमीषा पटेल की ओर से उनके अधिवक्ता ने कोर्ट द्वारा पूर्व की सुनवाई में लगायी गयी जुमार्ना राशि अदालत में जमा की। इसके बाद शिकायतकर्ता के गवाह अजय कुमार का क्रॉस एग्जामिन किया गया। अब इस मामले की सुनवाई 11 दिसंबर को जेएमएफसी (ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास) दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में होगी। बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है। यह मामला वर्ष 2017 का है। आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू : 2023 में सड़क दुर्घटना में...**
साथ अभिभावकों को भी पहल करने की जरुरत है। तभी कहीं जाकर दुर्घटनाओं पर लगाम लगाया जा सकता है।

**जर्जर सड़क से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं :** चैनपुर से रंका जाने वाली मुख्य सड़क काफी जर्जर हो गयी है। इसके वजह से आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, लेकिन न तो प्रशासन जाग रहा है और न ही जनप्रतिनिधि ही इस मार्ग की सुध ले रहे हैं। मेदिनीनगर से रंका तक करीब 40 किमी लंबी सड़क इतनी जर्जर हो गयी है कि इस रास्ते से आवागमन में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे उक्त मार्ग पर आये दिन दुर्घटनायें हो रही हैं।

**पांच लाख का इनामी सब-जोनल कमांडर...**
लीड करता था। एसपी ने कहा कि प्रदीप सिंह की गिरफ्तारी से माओवादी कमजोर हुए हैं।

**छापेमारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी :** छापेमारी में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि गौरव सिंह, राज रौशन सिंह, मो शाहरूख, रोहित कुमार महतो, दिवाकर धोबी व देवानंद कुमार, सअनि कुबेर प्रसाद, नागेश्वर महतो, निर्मल बेक के अलावा लातेहार थाना के रिजर्व गार्ड व सैट-1 के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

**15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का...**
कोर्सेज को करने के लिए सरकार मदद दे रही है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने का काम हो रहा है। इसकी गारंटर सरकार बनेगी। इसलिए माता -पिता अपनी बच्चियों को पढ़ाएं। मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेश में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है। वर्तमान में आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के 50 बच्चों को यह स्कॉलरशिप मिल रहा है। यह देश की पहली ऐसी योजना है। मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन संवाद में ईचागढ़ की सविता देवी को 10 गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री से संवाद में सविता ने कहा कि उसे एक गाय मिली है लेकिन वह 10 गाय लेना चाहती है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, ईचागढ़ को 10 गाय उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

**राज्य सरकार देगी...**
मुख्यमंत्री ने कहा बच्चियां पढ़ाई से जुड़ी रहे इसके लिए सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने बार-बार सरकार गिराने का प्रयास किया लेकिन, हर बार मुंह की खानी पड़ी, अब 29 दिसंबर को सरकार अपने 4 साल पूरे करेगी।

**मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर बनाया...**
स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्करिंग क्लस्टर की स्थापना से झारखण्ड राज्य के आर्थिक ढ़ांचे में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य के संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा। जिससे गढ़वा जिला आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी है।

**अब देखना है नीतीश...**
बनना चाहती हैं। ऐसे में देखना है वह क्या करती हैं। और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल की हालत तो और भी विचित्र है, वह कुछ भी कह व कर सकते हैं। इसी तरह देखिए अब झारखंड के मुख्यमंत्री की व्यस्तता कहीं और पहले से होती है या नहीं। वैसे उनका बयान आ चुका है कि वे नहीं जा रहे । भाजपा की जीत पर भी उनका बयान दिलचस्प था कि जो काम करेगा जीतेगा ही जैसा कुछ टीवी चैनलों में दिखाया गया। लेकिन शरद पवार व उद्धव ठाकरे तो व्यस्तता रहेगी भी तो अपना तय कार्यक्रम टालकर 17 दिसंबर की बैठक में आएंगे।


## उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
### (मनरेगा कोषांग)

**सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 571 / म.को. दिनांक 29.09.2023 द्वारा मनरेगा अंतर्गत तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, जिसके आलोक में अभ्यथियों से प्राप्त आवेदन पत्रों में वर्णित शैक्षणिक योग्यता एवं दक्षता परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन लोहरदगा जिला के वेबसाईट (http://www.lohardaga.nic.in) में कर दिया गया है।

किसी अभ्यर्थी को उक्त अंतिम मेधा सूची में यदि कोई भी आपत्ति हो तो दिनांक 15.12.2023 को अपराह्न 05.00 बजे तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला परिषद भवन, लोहरदगा के कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति जमा कर सकते है।

वैसे अभ्यर्थियों जिनके आवेदन के साथ संलग्न शैक्षणिक अंक पत्र में प्राप्तांक प्रतिशत के स्थान पर CGPA, DGPA, SGPA, AGPA आदि अंकित है, वे अपने CGPA, DGPA, SGPA, AGPA आदि को प्राप्तांक प्रतिशत में परिवर्तन करने के लिए अपने शैक्षणिक संस्थान का Mark Conversion Certificate संलग्न करते हुए अनिवार्य रूप से दावा आपत्ति समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

वैसे अभ्यर्थियों जिनके द्वारा पी0जी0डी0सी0ए0 प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है, वे संबंधित संस्थान का मान्यता (AICTE / NIELIT / UGC etc.) संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे ।
निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

परियोजना पदाधिकारी
जि.ग्रा.वि.अभि.लोहरदगा

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम
समन्वयक,लोहरदगा

PR 312851 Lohardaga(23-24).D

## समाहरणालय, गढ़वा
### (महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)

**कार्यालय आदेश**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 4729, दिनांक– 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक– 6440, दिनांक– 17.07.2012, नियुक्ति सेवा शर्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक– 848, दिनांक– 21.03.2017 के आलोक में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु कार्यालय ज्ञापांक– 533 / मनरेगा, दिनांक– 01.09.2023 से विज्ञापन सं0– 01 / 2023 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न पदो के लिए दिनांक– 25.09.2023 तक ऑन–लाईन आवेदन प्राप्त किया गया। प्राप्त आवेदनों को कंप्यूटर में प्रविष्टि के अपरांत गढ़वा जिले का पोर्टल garhwa.nic.in पर सूची अपलोड किया गया है। वैसे अभ्यर्थी जिन्हें सूची में किसी प्रकार का मात्र अंकनीय एवं टंकनीय सुधार कराना हो वो दिनांक 12.12.2023 को अपराहन् 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा / आपत्ति कर सकते हैं। दावा / आपत्ति निम्न प्रकार से email-ID के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा–

1. प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी पद के लिए– bpomgnregagarhwa@gmail.com
2. तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष) पद के लिए– aejemgnregagarhwa@gmail.com
3. तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष) पद के लिए – aejemgnregagarhwa@gmail.com
4. लेखा सहायक पद के लिए – aacamgnregagarhwa@gmail.com
5. कंप्यूटर सहायक पद के लिए – aacamgnregagarhwa@gmail.com

अंतिम तिथि के पश्चात् किसी प्रकार का दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही किसी अभ्यर्थी का अंक पत्र / अन्य प्रमाण पत्र गलत पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 312824 Rural Development(23-24).D

## झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग ,कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा

**ई – अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :– 03 /2023-24 / RWD / LOHARDAGA दिनांक 02.12.2023**

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथ के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि ( रूपये में ) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 18/2023-24 | आर0 ई0 ओ0 पथ बुल्बा भगत के घर से मसमानो ढवठा टोली तक पथ निर्माण कार्य। ( लम्बाई – 2.350 कि0 मी0 ) | 2,38,44,700.0 | दो करोड़ अड़तीस लाख चौवालीस हजार सात सै रू0 मात्र | बारह माह | प्रथम |
| 2 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 19/2023-24 | मुंगो स्कूल से दुन्दरू जबाल स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। ( लम्बाई – 4.000 कि0 मी0 ) | 5,33,22,700.00 | पाँच करोड़ तेतीस लाख बाईस हजार सात सौ रू0 मात्र | पन्द्रह माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.12.2023 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.01.2024 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.01.2024 अपराह्न 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 312788 (Lohardaga)23-24*D

## झारखण्ड सरकारर
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

**ई – अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या :– 239/RII/2023-24/RWD/LOHARDAGA दिनांक 02.12.2023

कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि ( रूपये में ) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ LOHARDAGA/ 13/ SRPKG - 03/ 2022-23 | (1) आर0 ई0 ओ0 रोड माराडीह से ढोवा मोड़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0– 3.200 कि0 मी0)<br>(2) पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 रोड मन्हो से बिजली ऑफिस तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0– 2.850 कि0 मी0)<br>(3) जीमा से चटकपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0– 2.710 कि0मी0)<br>(4) महुवा टोली से कुजरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0– 2.900 कि0 मी0)<br>(5) हिरही ( हर्रा टोली ) से लोहरदगा कुडू मेन रोड से हिरही पाड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0– 2.600 कि0 मी0)<br>(6) डी0 ए0 भी0 स्कूल जुरिया से पुरनाडीह सेमर टोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0– 2.350 कि0 मी0) | 6,46,01,499.00 | छः करोड़ छियालिस लाख एक हजार चार सौ निनान्बे रू0 मात्र । | 09 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.12.2023 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.12.2023 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.12.2023 अपराह्न 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0. 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी । अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा ।

PR 312791 (Lohardaga) 23-24 (D)

## प्रपत्र VII
### समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
### या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या 1165 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 05.12.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75** से बंशीधर–चितविश्राव–बम्बा–चना–गरदा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु ग्राम–चनाकला, थाना–रमना, थाना सं0–38, अंचल–रमना, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.701** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.701** एकड़ है और जो ग्राम–चनाकला, थाना–रमना, थाना सं0–38, अंचल–रमना, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 52 | 867 | रैयती | टॉड़ | 0.060 | रमेश राम पिता–भगडू राम निवासी निज ग्राम | रास्ता | 873 | रास्ता | 865 |
| 2 | 77 | 781 | रैयती | टॉड़ | 0.018 | रमेश राम पिता–भगडू राम निवासी निज ग्राम | निज | रास्ता | 780 | 782 |
| 3 | 55 | 813 | रैयती | टॉड़ | 0.019 | गोपाल राम पिता–विरन राम निवासी निज ग्राम | निज | रास्ता | 812 | 816 |
| 4 | 11 | 816 | रैयती | टॉड़ | 0.003 | गोपाल राम पिता–विरन राम निवासी निज ग्राम | निज | रास्त | 813 | 815 |
| 5 | 55 | 815 | रैयती | टॉड़ | 0.037 | गोपाल राम पिता–विरन राम निवासी निज ग्राम | निज | रास्ता | 816 | 820 |
| 6 | 79 | 863 | रैयती | टॉड़ | 0.018 | सुरेश राम पिता–गंगा राम निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 864 | 860 |
| 7 | 32 | 861 | रैयती | टॉड़ | 0.051 | मुर्दीका राम पिता–ठेधु राम निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 863 | 860 |
| 8 | 11 | 860 | रैयती | धान | 0.071 | गोपाल राम पिता–विरन राम निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 861 | 854 |
| 9 | 47 | 820 | रैयती | धान | 0.063 | बाल मुकुन्द पासवान पिता–तुलसी पासवान निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 815 | 822 |
| 10 | 47 | 854 | रैयती | धान | 0.041 | सिता पासवान पिता–तुलसी पासवान निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 860 | 853 |
| 11 | 5 | 822 | रैयती | | 0.134 | गोपाल राम पिता–बिरन राम वो सुरेश राम पिता–गंगा राम निवासी निज ग्राम | निज | रास्ता | 820 | 828 |
| 12 | 78 | 853 | रैयती | टॉड़ | 0.109 | प्रमोद राम वो प्रभुख राम वो राजकुमार राम पिता–गोबिन्द राम निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 854 | 851 |
| 13 | 63 | 851 | रैयती | टॉड़ | 0.140 | सिता पासवान पिता–तुलसी पासवान निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 853 | 844 |
| 14 | 29 | 826 | रैयती | टॉड़ | 0.038 | बाल मुकुन्द पासवान वो सिता पासवान वो बसंत पासवान वो यषवंत पासवान पिता–तुलसी पासवान निवासी निज ग्राम | निज | 85 | 1825 | 834 |
| 15 | 27 | 828 | रैयती | मकान | 0.004 | बाल मुकुन्द पासवान वो सिता पासवान वो बसंत पासवान वो यषवंत पासवान पिता–तुलसी पासवान निवासी निज ग्राम | 829 | 825 | रास्ता | 827 |
| 16 | 93 | 844 | रैयती | टॉड़ | 0.049 | बाल मुकुन्द पासवान वो सिता पासवान वो बसंत पासवान वो यषवंत पासवान पिता–तुलसी पासवान निवासी निज ग्राम | 834 | 845 | 851 | निज |
| 17 | 78 | 845 | रैयती | टॉड़ | 0.058 | बाल मुकुन्द पासवान वो सिता पासवान वो बसंत पासवान वो यषवंत पासवान पिता–तुलसी पासवान निवासी निज ग्राम | 844 | 846 | 848 | निज |
| 18 | 32 | 848 | रैयती | टॉड़ | 0.082 | चिन्ता देवी पति भगवान दास साव वो सुरेन्द्र साव पिता–द्वारिका साव निवासी निज ग्राम | 851 | 849 | निज | 845 |
| 19 | 78 | 849 | रैयती | टॉड़ | 0.026 | भगवान दास साव वो सुरेन्द्र साव पिता–द्वारिका साव निवासी निज ग्राम | 848 | रास्ता | निज | 847 |
| 20 | 35 | 889 | रैयती | मकान | 0.006 | बचिया देवी पति राम जन्म सिंह निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | रास्ता | 890 |
| 21 | 35 | 890/1 | रैयती | टॉड़ | 0.036 | बचिया देवी पति राम जन्म सिंह निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 889 | 891 |
| 22 | 35 | 890/2 | रैयती | टॉड़ | 0.036 | राम कवल सिंह वगैरह पिता–राजा सिंह निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 889 | 891 |
| 23 | 72 | 891 | रैयती | टॉड़ | 0.054 | सत्यानारायण प्रसाद जयसवाल पिता मनिकचंद साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | रास्ता | निज | 890 | रास्ता |
| 24 | 72 | 846/1 | रैयती | टॉड़ | 0.071 | सत्यानारायण प्रसाद जयसवाल पिता मनिकचंद साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | 845 | रास्ता | 848 | निज |
| 25 | 72 | 846/2 | रैयती | टॉड़ | 0.071 | राम चन्द्र पासवान वो देवकी पासवान पिता–दुखी पासवान निवासी निज ग्राम | 845 | रास्ता | 848 | निज |
| 26 | 72 | 896 | रैयती | धान | 0.036 | प्रसाद वियार पिता–मोहन वियार निवासी निज ग्राम | 895 | 897 | रास्ता | निज |
| 27 | 32 | 897 | रैयती | टॉड़ | 0.005 | प्रसाद विचार पिता–मोहन वियार निवासी निज ग्राम | 896 | 898 | रास्ता | निज |
| 28 | 61 | 922/1 | रैयती | टॉड़ | 0.008 | प्रसाद बियार पिता–मोहन वियार निवासी निज ग्राम | 998 | 927 | रास्ता | निज |
| 29 | 61 | 922/2 | रैयती | टॉड़ | 0.008 | ऐनुदीन असांरी निवासी निज ग्राम | 998 | 927 | रास्ता | निज |
| 30 | 35 | 927 | रैयती | टॉड़ | 0.026 | रामकवल सिंह पिता–राजा सिंह निवासी निज ग्राम | 922 | 926 | रास्ता | निज |
| 31 | 91 | 933 | रैयती | टॉड़ | 0.055 | ऐनुदीन असांरी निवासी निज ग्राम | 929 | 934 | निज | रास्ता |
| 32 | 91 | 925/1 | रैयती | टॉड़ | 0.077 | ऐनुदीन असांरी निवासी निज ग्राम | 922 | सिट 2 | रास्ता | निज |
| 33 | 91 | 925/2 | रैयती | टॉड़ | 0.077 | नागेन्द्र राम वगैरह पिता–पंचु राम निवासी निज ग्राम | 922 | सिट 2 | रास्ता | निज |
| 34 | 39 | 923 | रैयती | टॉड़ | 0.001 | प्रेमन बैठा पिता–साउल बैठा निवासी निज ग्राम | 922 | 924 | सड़क | 920 |
| 35 | 71 | 847 | रैयती | मकान | 0.010 | सत्यानारायण प्रसाद जयसवाल पिता मनिकचंद साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | 845 | सड़क | सड़क | 846 |
| 36 | 62 | 780 | रैयती | टॉड़ | 0.005 | रमेश राम वो हरिदास राम वो बाबूलाल राम वगैरह पिता भगहु चमार जाति–चमार निवासी निज ग्राम | 786 | 869 | 722 | 781 |
| 37 | 35 | 929 | रैयती | टॉड़ | 0.037 | राजा भोगता पिता–धरमु भोगता जाति–भोगता निवासी निज ग्राम | 891 | 933 | 930 | सड़क |
| 38 | 32 | 864 | रैयती | टॉड़ | 0.051 | सुरेन्द्र साव वगैरह पिता द्वारिका साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | सड़क | 863 | 865 | 861 |
| 39 | 71 | 1155 | रैयती | टॉड़ | 0.456 | सत्यानारायण प्रसाद जयसवाल पिता मनिकचंद साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | 1154 | 1156 | 1154 | रोड |
| 40 | 64 | 1150 | रैयती | टॉड़ | 0.151 | द्वारिका साव पिता–जगेश्वर साव | 1152 | 1154 | निज | रोड |
| 41 | 64 | 1152 | रैयती | टॉड़ | 0.001 | विजय साव वगैरह पिता भरथ साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | 1325 | 1152 | 1153 | रोड |
| 42 | 13 | 1152/1323 | रैयती | टॉड़ | 0.15 | केदारनाथ वगैरह पिता चर्तुभुज साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | रोड | 1152 | 1153 | रोड |
| 43 | 50 | 1153 | रैयती | टॉड़ | 0.064 | बद्री विसाल साव पिता–विन्देश्वरी साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | रोड | 1151 | निज | रोड |
| 44 | 57 | 1131 | रैयती | टॉड़ | 0.059 | गंगोत्री देवी पति–पचु राम जाति–कहार निवासी निज ग्राम | रोड | 1124 | 1128 | रोड |
| 45 | 58 | 1130 | रैयती | टॉड़ | 0.163 | वेकाईल राम पति–गणेशी कहार जाति–कहार निवासी निज ग्राम | 1110 | 1129 | निज | रोड |
| 46 | 37 | 1110 | रैयती | टॉड़ | 0.051 | मुनी पाल पिता–नान्हु गडेरी निवासी निज ग्राम | 1109 | 1130 | निज | रोड |
| 47 | 37 | 1109 | रैयती | मकान | 0.033 | मुनी पाल पिता–नान्हु गडेरी निवासी निज ग्राम | 1106 | 1130 | निज | रोड |
| 48 | 60 | 1108 | रैयती | टॉड़ | 0.012 | वैजनाथ भगत वो सोमनाथ भगत पिता–लझुमन भगत जाति–गडेरी निवासी निज ग्राम | रोड | 1110 | निज | रोड |
| 49 | 60 | 1107 | रैयती | टॉड़ | 0.042 | वैजनाथ भगत वो सोमनाथ भगत पिता–लझुमन भगत जाति–गडेरी निवासी निज ग्राम | 1105 | 1108 | निज | रोड |
| 50 | 37 | 1105 | रैयती | टॉड़ | 0.011 | मुनी पाल पिता–नान्हु गडेरी निवासी निज ग्राम | 1089 | 1107 | निज | रोड |
| 51 | 50 | 1089 | रैयती | टॉड़ | 0.011 | वद्री विसाल साव पिता–विन्देश्वरी साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | 1090 | 1050 | निज | रोड |
| 52 | 27 | 1031 | रैयती | टॉड़ | 0.047 | बाल मुकुन्द दुसाध वो सीताराम वो जसवंत राम पिता तुलसी दुसाध जाति–दुसाध निवासी निज ग्राम | 1030 | 1039 | निज | सड़क |
| 53 | 27 | 1030 | रैयती | | 0.008 | बाल मुकुन्द दुसाध वो सीताराम वो जसवंत राम पिता तुलसी दुसाध जाति–दुसाध निवासी निज ग्राम | निज | निज | निज | सड़क |
| 54 | 71 | 1149 | रैयती | टॉड़ | 0.175 | सत्यानारायण प्रसाद जयसवाल पिता मनिकचंद साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | निज | सड़क | 1148 | सिवाना |
| 55 | 94 | 1148 | रैयती | टॉड़ | 0.159 | हरही नारायण चौबे पिता–हनुमान चौबे निवासी निज ग्राम | निज | सड़क | 1133 | 1149 |
| 56 | 9 | 1136 | रैयती | टॉड़ | 0.229 | काशिनाथ शुक्ल पिता–रामसुमन शुक्ल निवासी निज ग्राम | निज | सड़क | 1138 | 1134 |
| 57 | 64 | 1138 | रैयती | टॉड़ | 0.182 | भरथ साव पिता–महादेव साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | निज | सड़क | 1102 | 1136 |
| 58 | 37 | 1103 | रैयती | टॉड़ | 0.001 | मुनी पाल पिता–नान्हु गडेरी निवासी निज ग्राम | निज | सड़क | 1098 | 1102 |
| 59 | 37 | 1098 | रैयती | टॉड़ | 0.066 | मुनी पाल पिता–नान्हु गडेरी निवासी निज ग्राम | निज | सड़क | 1097 | 1103 |
| 60 | 9 | 1133 | रैयती | टॉड़ | 0.133 | काशिनाथ शुक्ल पिता–रामसुमन शुक्ल निवासी निज ग्रम | निज | सड़क | 1132 | 1148 |
| 61 | 64 | 1132 | रैयती | टॉड़ | 0.186 | भरत साव पिता–महादेव साव जाति–जयसवाल निवासी निज ग्राम | 1136 | 1133 | सड़क | सड़क |
| | | | | कुल :– | **4.0810** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–चनाकला, थाना–रमना, थाना सं0–38, अंचल–रमना, जिला–गढ़वा क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 312866 (Land Reforms)23-24*D

## एक नजर

### यशवर्धन ने की शानदार बल्लेबाजी, बीबीडी विवि ने जीता मैच

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के सी डिविजन में बीबीडी विवि ने गियर क्लब को 92 रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में बीबीडी के यशवर्धन सिंह पटेल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाये। बीबीडी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 229 रन बनाये। शुरूआत बहुत खराब हुई और सलामी बल्लेबाज शुभम मिश्र मात्र एक रन पर आउट हो गये। वहीं दूसरे क्रम के बल्लेबाज ताहिर दो रन बना पाये, जबकि यशवर्धन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए छह चौका और छह छक्का की मदद से 117 बाल पर 101 रन बनाये। वहीं विवेक राव ने 24 रन का योगदान दिया। गियर क्लब की पूरी टीम 137 रन बनाकर ही पवेलियन वापस लौट गयी। सलामी बल्लेबाज सत्यम ने 22 रन का योगदान दिया। वहीं आशुतोष ने 24 रन बनाये।

### 'कैप्टन साहब' शुभमन गिल ने राशिद खान से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाज शुभमन गिल ने ब्रिटेन में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान से मुलाकात की और वह अपने गुजरात टाइटंस (जीटी) टीम के साथी को देखकर बहुत रोमांचित हुए, उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाली पोस्ट साझा की। अफगान सनसनी ने गिल के साथ एक तस्वीर खिंचवाई, जिन्हें हाल ही में हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में आश्चर्यजनक वापसी के बाद आईपीएल 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स का नया कप्तान नामित किया था। राशिद की पोस्ट पर माइकल वॉन और टाइटन्स दोनों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं आईं और दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की मुलाकात देखकर खुश हुए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे यह पसंद है। दूसरी ओर, टाइटन्स ने नजर ना लगे लिखा, यह उम्मीद करते हुए कि उनके सितारों पर कोई बुरी नजर नहीं होगी। राशिद की 24 नवंबर को यूनाइटेड किंगडम में पीठ के निचले हिस्से की एक छोटी सी सर्जरी हुई।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जीत के लिए बल्लेबाजी अहम होगी: राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने प्रत्येक खिलाड़ी से दक्षिण अफ्रीका के एक महीने के लंबे दौरे में मैच जिताने वाला योगदान देने को कहा है। भारत रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20, तीन मैचों की वनडे और दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का सामना करने के लिए तैयार है। डरबन में पहले टी20 मैच में सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे. द्रविड़ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी पिचों पर बल्लेबाजी करना मुश्किल है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजों के पास जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करने के लिए गेम प्लान हो। द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, तो, यह बल्लेबाजी करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण जगह है; आँकड़े आपको यह बताएंगे। यह बल्लेबाजी करने के लिए अधिक कठिन स्थानों में से एक है, खासकर यहां सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में।

# करियर के अंत तक आईपीएल में खेलना जारी रखूंगा : मैक्सवेल



**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई विश्व कप विजेता टीम के स्टार बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि वह तब तक आईपीएल में खेलते रहेंगे, जब तक चलने में असमर्थ नहीं हो जाते। भारत से स्वदेश लौटने के बाद एक सप्ताह तक आराम करने के बाद, मैक्सवेल गुरुवार रात गाबा में ब्रिस्बेन के खिलाफ बिग बैश लीग के शुरूआती मैच में मेलबर्न स्टार्स का नेतृत्व करेंगे। 35 वर्षीय मैक्सवेल, जो अगले साल फिर से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलेंगे, ने बुधवार को मेलबर्न हवाईअड्डे पर पत्रकारों से कहा, आईपीएल संभवतः मेरे द्वारा खेला जाने वाला आखिरी टूनामेंट होगा, क्योंकि मैं तब तक आईपीएल खेलूंगा जब तक मैं चलने में असमर्थ न हो जाऊं। जिन लोगों से मैं मिला, जिन कोचों के साथ मैंने खेला, जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ आपको कंधे से कंधा मिलाने का मौका मिला, वह टूनामेंट मेरे पूरे करियर के लिए फायदेमंद रहा है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हमारे बहुत से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में भाग ले सकते हैं और वेस्ट इंडीज के समान परिस्थितियों में काम कर सकते हैं, जहां यह थोड़ा सूखा है, यह स्पिन करेगा। मैक्सवेल एक दशक से अधिक समय से आईपीएल से जुड़े हुए हैं, जिसकी शुरूआत 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) से हुई थी। मैक्सवेल की सफलता का सीजन 2014 में आया जब उन्होंने किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के लिए प्रदर्शन किया और 187.75 की स्ट्राइक रेट से 552 रन बनाए। अपने ऊंचे मानकों के अनुसार, 2021 की नीलामी के बाद आरसीबी में आने से पहले अगले पांच वर्षों में उनके पास केवल एक ही अच्छा सीजन था। मैक्सवेल ने आरसीबी द्वारा उन पर लगाए गए विश्वास (और 14.25 करोड़ रुपये) का भुगतान कर दिया है। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 सीजन में क्रमशः 513, 301 और 400 रन बनाए और हर साल उनके स्ट्राइक रेट में सुधार आया। पिछले सीजन में, उन्होंने 183.49 के स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए, जो 2014 के सीजन के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

### मेरी डिविलियर्स और कोहली से खेल पर काफी बातें हुई

उन्होंने 2017 में वहां अपना एकमात्र टेस्ट शतक लगाया और पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया को 50 ओवरों का विश्व कप खिताब जीतने में मदद की। मैक्सवेल ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, आईपीएल संभवतः मेरे द्वारा खेला जाने वाला आखिरी टूनामेंट होगा, क्योंकि मैं तब तक आईपीएल खेलूंगा जब तक मैं चलने में असमर्थ हो जाऊंगा। मैं इस बारे में बात कर रहा था कि मेरे पूरे करियर में आईपीएल मेरे लिए कितना अच्छा रहा है जिन लोगों से मैं मिला हूं, जिन कोचों के साथ मैंने खेला है, वे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिनके साथ आपको कंधे से कंधा मिलाने का मौका मिलता है आप रगड़ रहे हैं उन्होंने दो महीने तक एबी (डिविलियर्स) और विराट (कोहली) के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, अन्य खेल देखते समय उनसे बात की, उन्होंने उन दिग्गजों का जिक्र करते हुए कहा, जिनके साथ उन्होंने बैंगलोर ड्रेसिंग रूम साझा किया था। यह सीखने का सबसे बड़ा अनुभव है जो कोई भी खिलाड़ी मांग सकता है।

### क्वेटा ग्लैडिएटर्स टीम के निदेशक बने मोइन खान

**कराची।** क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मोइन खान को आगामी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सीजन नौ के लिए टीम निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। इससे पहले, मोइन खान ने लगातार आठ वर्षों तक मुख्य कोच के रूप में कार्य किया था। यह उनके कोचिंग नेतृत्व के तहत था, ग्लेडियेटर्स ने 2019 में चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया और दो मौकों पर उपविजेता बनकर उभरे। एक्स पर क्वेटा ग्लैडियेटर्स ने लिखा, क्वेटा ग्लैडियेटर्स के मालिक नदीम उमर और टीम प्रबंधन ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और '92 विश्व कप विजेता मोइन खान को टीम निदेशक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। एचबीएल पीएसएल ड्राफ्ट 2024 बुधवार, 13 दिसंबर 2023 को लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में होने वाला है।

# मैचवीक 8 में लगा गोलों का शतक प्रशंसकों को मिला भरपूर रोमांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के आठवें मैचवीक में हुई गोल-वर्षा सुर्खियों में रही, क्योंकि टीमों ने कुछ रोमांचक हाई-स्कोरिंग मुकाबले खेले और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। केरला ब्लास्टर्स एफसी ने अंतिम क्षणों में वापसी करते हुए चेन्नइयन एफसी के खिलाफ 3-3 से ड्रा खेलकर एक अंक हासिल किया, पंजाब एफसी ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और आईएसएल के सीजन 10 में यह एक यादगार सप्ताह था। आईएसएल सीजन 10 को शुरू हुए दो महीने से थोड़ा अधिक समय बीत चुका है, ऐसा प्रतीत होता है कि टीमें सुसंगठित इकाइयों के रूप में काम करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ लय में आ रही हैं और उसी के परिणामस्वरूप मैदान पर फ्री-फ्लोइंग फुटबॉल में दिखाई दे रही है।

**आईएसएल 2023-24 का 100वां गोल! :** पंजाब एफसी ने गुरुवार को श्री कांतिरावा स्टेडियम में मेजबान बेंगलुरू एफसी को 3-3 से ड्रा पर रोकने के लिए जबर्दस्त प्रदर्शन किया। हालांकि, उस हाई-स्कोरिंग थ्रिलर में निखिल प्रभु के शुरूआती गोल ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम की, क्योंकि उनका यह गोल मौजूदा आईएसएल सीजन का 100वां गोल था। अब तक, इस सीजन में खेले गए 44 मैचों में 114 गोल किए गए हैं, जो कि औसतन प्रति मैच 2.59 स्ट्राइक है। सीजन की शुरूआत तेज हुई, टीमों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के परिणामस्वरूप बेहद नजदीकी मुकाबले खेले गए। हालांकि, इस सप्ताह क्लबों की ओर से अपनी बंदिशों को तोड़ने का काफी प्रयास किए गए और इससे कुल मिलाकर उनको बड़े अंतर से जीत हासिल हुईं।

**कोलकाता के दिग्गजों के लिए पहला मैच :** मोहन बागान सुपर जायंट्स और ईस्ट बंगाल भारतीय फुटबॉल में सबसे प्रतिष्ठित क्लब हैं। उनकी फैन फॉलोइंग गहरी जड़ें जमा चुकी है और यकीनन किसी से भी कम नहीं है। उनका अच्छा प्रदर्शन ही आमतौर पर भारत में फुटबॉल के लिए अच्छा साबित हो सकता है। ये दोनों क्लब इस सप्ताह अपने कुछ उदासीन परिणामों के साथ मैदान पर उतरे थे। मैरिनर्स घरेलू मैदान पर एएफसी कप के मुकाबले में ओडिशा एफसी से 2-5 से हार गए थे, जबकि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने दो महीने से अधिक समय से कोई भी आईएसएल मैच नहीं जीता था। आईएसएल विजेता अनुभवी कोचों से उत्साहित होकर, इन टीमों ने मजबूत प्रतिक्रिया देते हुए जोरदार वापसी की।

**आईएसएल 2023-24**



### हाई-स्कोरिंग मुकाबले देखकर रोमांचित हुए फैंस

कोच्चि और कोलकाता भारत के दो प्रमुख व लोकप्रिय फुटबॉल केंद्र हैं, जबकि बेंगलुरू देश के भीतर खेल के मानचित्र पर नई सनसनी पैदा करने वाले स्थलों में से एक के रूप में उभरा है। ये शहर फुटबॉल को गंभीरता से लेते हैं, अपनी टीमों का पूरे जुनून के साथ समर्थन करते हैं, और खेल के प्रति अपने प्यार के कारण इस तरह के रोमांचक मुकाबले देखने के हकदार हैं। उनके लाभ के लिए, वे इस सप्ताह कुछ बेहद मनोरंजनक मुकाबलों के गवाह बने। इनमें चेन्नइयन एफसी द्वारा केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ 3-3 से खेला गया ड्रा और फिर सिटी ऑफ गार्डन्स में पंजाब एफसी और बेंगलुरू एफसी के बीच इसी स्कोर के साथ हुआ ड्रा शामिल है। कार्ल्स कुआड्राट ने साल्ट लेक में हाईलैंडर्स को 5-0 से रौंदकर मैच समाप्त किया।

# आईसीसी और सीडब्ल्यूआई टी-20 विश्व कप से पहले मैच स्थलों का निरीक्षण करेंगे

**एजेंसी। सेंट जॉन्स (एंटीगा)**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए मेजबान यूएसए के शहरों और कैरेबियन के पुष्टि किए गए मेजबान देशों का अपना दूसरा निरीक्षण कर रहा है। सीडब्ल्यूआई के अनुसार, निरीक्षण में विश्व कप और अभ्यास मैचों के लिए सभी मेजबान देशों और स्थानों का व्यापक मूल्यांकन किया जाएगा। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होने वाला पहला विश्व कप आयोजन होगा और रिकॉर्ड 20 टीमों को चार समूहों में विभाजित किया जाएगा, जिसमें प्रतियोगिता में 55 मैच खेले जाएंगे।दूसरी ओर, यह दूसरी बार होगा जब वेस्टइंडीज 2010 में आखिरी बार ऐसा करने के बाद पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। दोनों देशों को 2021 में प्रतियोगिता के संयुक्त मेजबानी अधिकार से सम्मानित किया गया था। ₹मूल्यांकन का मुख्य लक्ष्य प्रत्येक मेजबान देश की गहन समीक्षा करना और खिलाड़ियों और टूनामेंट में भाग लेने वाले हजारों प्रशंसकों के लिए सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने में उनकी सहायता करने के लिए प्रत्येक के साथ काम करना है।

## शेन वॉटसन को क्वेटा ग्लेडियेटर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शेन वॉटसन को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के आगामी संस्करण के लिए क्वेटा ग्लेडियेटर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। घोषणा में टूनामेंट के उद्घाटन के बाद से ग्लेडियेटर्स का पहला कोच परिवर्तन देखा गया, क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज मोइन खान, जिन्होंने आठ साल तक कोच के रूप में कार्य किया, को टीम निदेशक की भूमिका में पदोन्नत किया गया। टीम के मालिक नदीम उमर ने टीम के सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा, शेन संन्यास लेने से पहले देश की प्रीमियर लीग के शुरूआती सीजन में क्वेटा ग्लेडियेटर्स की सफलता का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और टीम को प्रशिक्षित करने और उन गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए उनसे बेहतर कोई विकल्प नहीं है जिनके लिए हम प्रसिद्ध हैं। मैं उन्हें उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं और क्वेटा ग्लेडियेटर्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उनकी क्षमताओं पर विश्वास करता हूं।

### भारत ने न्यूजीलैंड को सडन डेथ में हराया

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने चौथे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित समय तथा पेनल्टी शूटआउट बराबर रहने के बाद सडन डेथ में न्यूजीलैंड को 3-2 से हरा दिया।निर्धारित 60 मिनट में रोपनी कुमारी (8'), ज्योति छत्री (17') और सुनेलिता टोप्पो (53') ने भारत के लिए एक-एक गोल किया जबकि इसाबेला स्टोरी (11'), मेडलिन हैरिस (14') और रियाना फो (49') ने न्यूजीलैंड के लिए गोल किया।

# न्यूयॉर्क स्ट्राइकर की लगातार जीत का श्रेय कप्तान कीरोन पोलार्ड को

**एजेंसी। अबू धाबी**

मंगलवार को अबू धाबी टी10 में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए टीम अबू धाबी को 24 रन से हराकर लगातार चौथी दर्ज की। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 26 गेंदों में 41 रन बनाए, और ओडियन स्मिथ ने 7 गेंदों में 17 रन बनाए, स्ट्राइकर्स ने मुश्किल बल्लेबाजी सतह पर 10 ओवरों में 5 विकेट पर 110 रन का कुल स्कोर बनाया। जवाब में अबू धाबी की टीम 10 ओवरों में 5 विकेट पर केवल 86 रन ही बना सकी और 24 रनों से मैच हार गई। सुनील नरेन और मोहम्मद आमिर ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को मुश्किल में डाल दिया। नरेन ने अपने दो ओवरों में 16 रन देकर 2 विकेट लिए, वहीं, आमिर ने अपने 2 ओवरों में सिर्फ 8 रन दिए और दो विकेट हासिल किये। मैच के बाद, नरेन ने कप्तान कीरोन पोलार्ड की तारीफ करते हुए जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया। नरेन ने कहा, मुझे लगता है कि इस सीजन में यह पूरी तरह से टीम वर्क रहा है। हर दिन एक अलग खिलाड़ी टीम के लिए प्रदर्शन कर रहा है। हर कोई अपना हाथ बढ़ा रहा है। हर कोई हर किसी की सफलता का आनंद ले रहा है और इस सीजन में यही महत्वपूर्ण है। सहयोगी स्टाफ के कारण , हमारे पास एक आरामदायक माहौल है। हम अच्छे अंतर से जीत रहे हैं। हम गेम-दर-गेम जीत रहे हैं। हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैंने कई वर्षों तक पोलार्ड की कप्तानी में खेला है। वह आजकल थोड़ा शांत हैं लेकिन उनका टीम पर अच्छा प्रभाव है। वह सभी पहलुओं के बारे में सोचते हैं और हर मैच में हमारी मदद करते हैं। इस बीच, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आमिर ने कहा कि स्ट्राइकर्स को ट्रॉफी जीतने के लिए अभी भी कुछ और मैच जीतने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब आप जीतते हैं तो अच्छा लगता है। लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। शीर्ष पर रहने के लिए हमें अपने दोनों मैच जीतने होंगे। हमें इस गति को बनाए रखने की जरूरत है। छोटे प्रारूपों में, हमारे पास गलती की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए, हमें अपना फॉर्म जारी रखना होगा।



### वर्ष 2027 तक स्पेनिश लीग ला लीगा के अध्यक्ष बने रहेंगे जेवियर टेवास

**मैड्रिड।** नेशनल प्रोफेशनल फुटबॉल लीग (ला लीगा) के चुनाव आयोग ने मंगलवार को जेवियर टेवास मेड्रानो के स्पेनिश लीग (ला लीगा) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की। टेवास इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे, जिसे उन्होंने पहली बार 2013 में संभाला था। वह 2027 तक लीग के अध्यक्ष बने रहेंगे। लीग ने कहा कि 14 दिसंबर को टेवास की आधिकारिक तौर पर अध्यक्ष के रूप में पुष्टि की जाएगी। हालाँकि, यदि चुनाव आयोग के प्रस्तावों के खिलाफ कोई अपील दर्ज नहीं की जाती है, तो अपील दर्ज करने की समय सीमा से पहले टेवास को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना जा सकता है। 61 वर्षीय टेवास को लीग के प्रसारण अधिकार बिक्री के सफल पुनर्गठन के साथ-साथ लीग के समग्र वित्त और टीमों के सुधार के लिए जाना जाता है। टेवास स्पेनिश लीग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के आधिपत्य को चुनौती देने में मदद करना चाहते हैं।

## आईसीसी टी-20 रैंकिग में शीर्ष पर पहुंचे भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय लेग स्पिनर रवि बिश्नोई बुधवार को आईसीसी पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। बिश्नोई ने फरवरी 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बिश्नोई को हाल ही में घरेलू सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 4-1 से सफल टी-20 श्रृंखला जीत के दौरान प्लेयर ऑफ द सीरीज नामित किया गया था, उन्होंने 18.22 की औसत से नौ विकेट लिए थे। कुल मिलाकर, बिश्नोई ने 21 टी-20 मैचों में 17.38 की औसत, 14.5 की स्ट्राइक रेट और 7.14 की इकॉनमी रेट के साथ कुल 34 विकेट लिए हैं। बिश्नोई ने पहली बार 2020 में दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी पुरुष अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में दुनिया का ध्यान खींचा। उस टूनामेंट में, जोधपुर के इस लेग स्पिनर ने सभी खिलाड़ियों में सबसे अधिक विकेट (17) लिए और भारत चैंपियन बांग्लादेश के बाद उपविजेता रहा। बिश्नोई के शीर्ष पर पहुंचने के साथ ही राशिद खान दूसरे, आदिल राशिद और वानिंदु हसरंगा संयुक्त रूप से तीसरे और महेश तीक्ष्णा पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल गेंदबाजों की रैंकिंग में 16 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों के लिए नवीनतम टी-20 रैंकिंग में भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 16 स्थान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के ट्रैविस हेड 16 स्थान के सुधार के साथ 29वें स्थान पर पहुंच गए। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (बल्लेबाजी) और दक्षिण



### कोलंबियाई मिडफील्डर जुआन फर्नांडो क्विंटेरो की नजरें कोपा अमेरिका पर

**ब्यूनस आयर्स।** जुआन फर्नांडो क्विंटेरो को उम्मीद है कि रेसिंग क्लब के साथ उनका प्रभावशाली फॉर्म उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले साल होने वाले कोपा अमेरिका से पहले कोलंबिया की टीम में वापसी दिला देगा। सितंबर में विश्व कप क्वालीफायर में चिली के साथ गोल रहित ड्रॉ के बाद से क्विंटेरो ने कोलंबिया के लिए नहीं खेला है। हालांकि इसके बाद 30 वर्षीय खिलाड़ी ने फॉर्म में गिरावट पर काबू पा लिया है और 20 जून से 14 जुलाई तक खेले जाने वाले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के सबसे पुराने महाद्वीपीय टूनामेंट के लिए मैनेजर नेस्टर लोरेंजो की योजनाओं में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं। क्विंटरो ने सिन्हुआ से बातचीत में कहा, मैं जहां भी संभव हो मदद करने के लिए हमेशा तैयार हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकूंगा और टीम के लिए महत्वपूर्ण बन सकूंगा। क्विंटेरो ने लोरेंजो की जमकर प्रशंसा की, जिन्होंने कतर में 2022 फीफा विश्व कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने में विफलता के बाद पिछले साल जून में रेनाल्डो रुएडा की जगह ली थी।

**नागेश ट्रॉफी**

### उत्तराखंड ने महाराष्ट्र को 83 रनों से हराया

# टी-20 : कर्नाटक ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया

**एजेंसी। देहरादून**

नागेश ट्रॉफी - पुरुषों के राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट टूनामेंट फॉर द ब्लाइंड 2023-24 के छठे संस्करण में बुधवार को यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र को 83 रनों से हराया, जबकि कर्नाटक ने दिल्ली को आठ विकेट से हराया।

दिन के पहले मैच में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र पर 83 रन से जीत दर्ज की। उत्तराखंड ने निर्धारित 20 ओवर में 180/3 रन बनाए और फिर 17वें ओवर में महाराष्ट्र को 97 रन पर ढेर कर दिया। कप्तान गंभीर सिंह चौहान ने 57 गेंदों में 74 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दीपक सिंह रावत ने भी अर्धशतक (26 गेंदों में 58) का योगदान दिया। बुधवार को दूसरे मैच में दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 164/7 का स्कोर बनाया, लेकिन कर्नाटक को लक्ष्य का पीछा करने से नहीं रोक पाई. सुनील रमेश, जिन्होंने एक विकेट भी लिया, ने सनसनीखेज शतक (69 गेंदों में 114) लगाया, जिससे कर्नाटक ने दिल्ली को 13 गेंद शेष रहते हुए हरा दिया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कर्नाटक अब महाराष्ट्र से भिड़ेगा जबकि पांडिचेरी गुरुवार को देहरादून चरण के चौथे दिन यहां दून बलूनी क्रिकेट अकादमी में दिल्ली से भिड़कर अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा। जम्मू चरण के समापन के बाद, इंडसइंड बैंक नागेश ट्रॉफी ग्रुप बी मैचों के लिए देहरादून में स्थानांतरित हो गई, जिसमें कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र, पांडिचेरी और उत्तराखंड के बीच गहन प्रतिस्पर्धा हुई। देहरादून-लेग सोमवार को दिल्ली, महाराष्ट्र, पांडिचेरी और उत्तराखंड के एक्शन के साथ शुरू हुआ। नागेश ट्रॉफी का छठा संस्करण 23 नवंबर को जम्मू विश्वविद्यालय में ग्रुप ई की चार टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा के साथ शुरू हुआ। टूनामेंट 02 फरवरी, 2024 तक चलेगा और लीग चरण 29 दिसंबर, 2023 तक खेला जाएगा।




### ऑस्ट्रेलिया की मुख्य कार्यकारी क्रिस्टीना मैथ्यूज 12 साल बाद पद छोड़ेंगी

**पर्थ।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की मुख्य कार्यकारी क्रिस्टीना मैथ्यूज ने कहा कि वह अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान राज्य में क्रिकेट में भारी बदलाव और समृद्धि के दौर को देखने के बाद मौजूदा सीजन के अंत में पद छोड़ देंगी। यह घोषणा ऑस्ट्रेलिया के ऑप्टस स्टेडियम में देश में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष ग्रीष्मकालीन सत्र के पहले टेस्ट में पाकिस्तान से खेलने से एक सप्ताह पहले की गई है। क्रिस्टीना को ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल क्रिकेट प्रशासकों में से एक माना जाता है। पिछले 12 वर्षों से डब्ल्यूए क्रिकेट का नेतृत्व करना और खेल के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, कोचों और कर्मचारियों के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। क्रिस्टीना ने एक बयान में कहा, "हमने अभिजात वर्ग से लेकर सामुदायिक स्तर तक जो हासिल किया है। उससे मैं कृतज्ञ हूं और उत्कृष्ट स्वास्थ्य के साथ खेल से अलग होने पर गर्व महसूस कर रही हूं।'

## छह ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियन ओपन में वाइल्डकार्ड

**एजेंसी। मेलबर्न**

पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 की चैंपियन डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी को छह ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभाओं के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2024 के लिए मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड से सम्मानित किया गया है। वोज्नियाकी, जिन्होंने 2018 में मेलबर्न पार्क में खिताब जीता था, मंगलवार को साल के पहले ग्रैंड स्लैम आयोजन के लिए वाइल्डकार्ड प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित सात खिलाड़ियों में से एक थीं। अन्य छह प्रतिभाशाली ऑस्ट्रेलियाई किम्बर्ली बिरेल, ओलिविया गैडेकी, तायला प्रेस्टन, जेम्स डकवर्थ, मार्क पोलमैन्स और एडम वाल्टन हैं - सभी खिलाड़ी 2023 में उत्कृष्ट परिणामों के बाद ट्रेंड में हैं। 2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के आधिकारिक पॉडकास्ट पर चार साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया लौटने के अपने उत्साह का खुलासा किया है। दो बच्चों की 33 वर्षीय मां ने कहा है कि वह अपने पूरे परिवार को - जिसमें बच्चे ओलिविया (2) और जेम्स (1) शामिल हैं - मियामी बेस से मेलबर्न लाने की योजना बना रही हैं, जहां वह अपने पति और पूर्व एनबीए स्टार डेविड ली के साथ रहती हैं। वोज्नियाकी ने कहा,मेरे पास मेलबर्न की बहुत सारी अद्भुत यादें हैं, और निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना करियर का सर्वकालिक आकर्षण है। वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020 में संन्यास ले लिया था। साढ़े तीन साल दूर रहने के बाद, वोज्नियाकी ने अगस्त 2023 में टेनिस में रोमांचक वापसी की। यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम वापसी से पहले उन्होंने मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में खेला, जहां वह चौथे दौर में अंतिम चैंपियन कोको गॉफ से हार गईं।

